

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 पीएम मोदी ने शतरंज खिलाड़ी हम्पी से मुलाकात......

समाज के पुनर्निर्माण में कल्याण सिंह का अविस्मरणीय योगदान : योगी आदित्यनाथ..... 12



वर्ष : 12 | अंक : 263 | पटना, सोमवार, 06 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.0°C

न्यूनतम तापमान 15.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# पहली बार नमो भारत ट्रेनें चलेंगी अंडरग्राउंड, पीएम मोदी ने किया कॉरिडोर का उद्घाटन

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच नमो भारत कॉरिडोर के अलावा 13 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का उद्घाटन रविवार को किया हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर की यात्रा की। रविवार की शाम पांच बजे से यात्रियों के लिए यह खुल गया। 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें यात्रियों को मिलने लगेंगी। न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये यात्री को चुकाने होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में सफर करते हुए स्कूली बच्चों से मुलाकात की।



**छह किलोमीटर हिस्सा अंडरग्राउंड**

नये बने 13 किलोमीटर के खंड में से छह किलोमीटर हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसमें कॉरिडोर का एक प्रमुख स्टेशन आनंद विहार भी शामिल है। यह पहली बार है, जब नमो भारत ट्रेनें अंडरग्राउंड भाग पर चलेंगी। इस उद्घाटन के साथ ही नमो भारत ट्रेनें अब दिल्ली पहुंच सकेंगी. वर्तमान में साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा चालू है। इसमें नौ स्टेशन हैं।

**मेरठ शहर अब दिल्ली से सीधे जुड़ गया**

प्रधानमंत्री ने 20 अक्टूबर 2024 को साहिबाबाद और दुहाई डिपो के बीच 17 किलोमीटर लंबे खंड का उद्घाटन किया था। इस उद्घाटन के साथ, नमो भारत कॉरिडोर कुछ लंबा हो गया है. यह बढ़कर 55 किलोमीटर हो गया है, जिसमें कुल 11 स्टेशन हैं। इस भाग पर परिचालन शुरू होने से मेरठ शहर अब दिल्ली से सीधे जुड़ गया है। इससे यात्रा का समय एक तिहाई कम हो जाएगा, जिससे यात्री न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक सिर्फ 40 मिनट में यात्रा कर सकेंगे। इस साल फरवरी में दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले पीएम मोदी राजधानी को सौगात दे रहे हैं। तीन जनवरी को पीएम ने स्वाभिमान अपार्टमेंट में झुग्गी पुनर्वास परियोजना के तहत लाभार्थियों को फ्लैट सौंपा।

## मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में की समीक्षा बैठक

# बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं : नीतीश

## बोलें- बचे कार्यों को त्वरित गति से किया जाएगा पूरा

प्रात : किरण

पटना। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में मुजफ्फपुर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के लिए लगातार विकास का काम किया जा रहा है। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हम किसी के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। आगे भी हम सब मिलकर बिहार के विकास के लिए काम करते रहेंगे।



**दो बार गलती से उधर चले गए थे, अब ऐसा नहीं होगा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दो बार गलती से उधर चले गए थे। अब ऐसा नहीं होगा। हमलोगों ने जो विकास का काम किया है उन्हें आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को बताएं। हमलोगों को काम करने में यकीन है, जबकि कुछ लोग गड़बड़ करने में विश्वास रखते हैं। आज कल अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। हमलोगों ने देखा कि हिन्दू मंदिरों से मूर्ति चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसको देखते हुए 60 वर्ष से अधिक पुराने मंदिरों की चहारदीवारी के निर्माण का काम शुरू कराया गया ताकि मंदिरों में चोरी की घटनाएं न हों।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर हुआ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटा किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों के लिए पोशाक योजना की शुरूआत कराई। उसके बाद वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना, वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना, बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली, स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। लड़कियों को जब साइकिल दी गई तो वे स्कूल समय पर जाने लगीं और साथ ही शाम में अपने माता-पिता को भी बाजार ले जाती हैं। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता प्रदान की जा रही है।

**सभी वर्गों के उत्थान के लिए किया काम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना-2 के तहत हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक 9 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 में 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया है। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई है। सरकारी शिक्षकों के सामान मदरसा शिक्षकों को भी वेतन दिया जा रहा है। हमलोगों ने सभी पार्टियों के साथ बैठक कर बिहार में जाति आधारित गणना कराने का फैसला लिया। उसके बाद बिहार में जाति आधारित गणना कराई गई जिसमें 94 लाख गरीब परिवारों को चिहिन्त किया गया, जो हर जाति-धर्म से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना जीविकोपार्जन कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सली को किया ढेर

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सली और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हो गए साथ ही एक जवान भी शहीद हो गया हैं।

जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात से अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान के लिए अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. संयुक्त अभियान कर रही है। बताया गया कि दोनों तरफ से रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। मुठभेड में जवानों ने चार नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड में एक जवान भी शहीद हो गया हैं। जवानों ने एक एके-47 एसएलआर और 315 बोर की बंदूक बरामद की है।

### जम्मू-कश्मीर में वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और दो लापता हो गए। पुलिस ने यहां बताया कि पद्दार से मासु गांव की ओर जा रहा एक वाहन खाई में गिर गया। उन्होंने कहा दुर्घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई है और दो लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान गढ़, पद्दार, किश्तवाड़ के रहने वाले राज कुमार, मुकेश कुमार, हकीकत सिंह और सतीश कुमार के रूप में हुई है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, अभी यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में यात्रा कर रहे चार यात्रियों को मौके पर ही मृत पाया गया है। चालक सहित दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चला है। शोक संतप्त परिवार को मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

# सीएम ने मुजफ्फरपुर जिले के लिए की कई महत्वपूर्ण घोषणायें



पटना। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले में चल रही विकासात्मक योजनाओं के संबंध में मुजफ्फपुर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले के लोगों की मांगों के संबंध में महत्वपूर्ण घोषणाएं की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बैठक में भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं बताई हैं, सभी समस्याओं का समाधान पूरी तत्परता से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मैंने कई जगहों पर जाकर विकास कार्यों को देखा है, लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुआ हूं। काफी अच्छा काम हो रहा है। इस बैठक में आप सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं हैं। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण करें। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में सब तरह से विकास का काम कराया गया है लेकिन हमें जानकारी मिली है कि मुजफ्फरपुर शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। इसके निराकरण की दिशा में निर्णय लिया जा चुका है। मुजफ्फरपुर के पूर्वी भाग में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। इससे जाम की समस्या दूर होने के साथ-साथ सीतामढ़ी, दरभंगा एवं नये राष्ट्रीय उच्च पथ-527 सी की ओर जाने में समय की काफी बचत होगी। रामदयालु चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए गोबरसही एवं रामदयालु नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। साथ ही मधौल-रामदयालु पथ का चौड़ीकरण भी किया जायेगा। सबहा चौक से मरीचा तक पथ का निर्माण कराया जायेगा। यह पथ बहुत ही महत्वपूर्ण है। चांदनी चौक से बखरी रोड बाईपास सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जायेगा। चांदनी चौक से भगवानपुर चौक तक पुल सहित सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। साथ ही मुजफ्फरपुर जिले में कई सड़कों का निर्माण कराया जायेगा। चंदवारा पुल के पहुंच पथ का निर्माण कराया जायेगा। गायघाट प्रखंड के भटगामा से मधुरपट्टी घाट पर पुल का निर्माण कराया जायेगा। औराई प्रखंड के घनश्यामपुर पंचायत अंतर्गत तकिया टोला एवं मथुरापुर पंचायत सुन्दरखौली में तीन पुलों का निर्माण कराया जायेगा। बंदरा प्रखंड अंतर्गत बड़गांव से शंकरपुर तक पथ का निर्माण कराया जायेगा। मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैण्ड का नाम अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल के नाम पर किया जायेगा। इन सब कामों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त मुजफ्फरपुर जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। सरकार लगातार काम कर रही है और हर क्षेत्र में विकास का काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूं।

# फुलवारीशरीफ पीएफआई मामला: मुख्य आरोपी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पटना के फुलवारीशरीफ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद सज्जाद आलम को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। आरोपी दुबई से भारत लौटा था। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के निवासी आलम को एनआईए की एक टीम ने शनिवार को विमान से उतरते ही गिरफ्तार कर लिया। पटना स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के प्रशिक्षित कैडर आलम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके अलावा, उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया गया था। एनआईए की जांच के अनुसार, आलम दुबई से बिहार में पीएफआई सदस्यों तक अवैध धन पहुंचाने में शामिल था। कथित तौर पर अवैध फंडिंग का काम यूएई, कर्नाटक और केरल में स्थित एक सिंडिकेट के माध्यम से चलाया जाता था। कथित तौर पर इस धनराशि का उपयोग भारत में पीएफआई की गैरकानूनी और आपराधिक गतिविधियों को समर्थन देने के लिए किया गया था। यह गिरफ्तारी फुलवारीशरीफ मामले में चल रही जांच में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां एनआईए बिहार और देश के अन्य हिस्सों में प्रतिबंधित संगठन के संचालन से जुड़े कथित षड्यंत्रों और वित्तीय नेटवर्क की जांच कर रही है। जुलाई 2022 में फुलवारीशरीफ पुलिस की ओर से शुरू में दर्ज किया गया यह मामला पीएफआई सदस्यों की गैरकानूनी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने से संबंधित है। जांच से पता चला है कि पीएफआई के सदस्यों ने आतंक का माहौल बनाने और विभिन्न समुदायों के बीच धार्मिक दुश्मनी भड़काने की साजिश रची थी। उनका उद्देश्य सार्वजनिक शांति को भंग करना, भारत के खिलाफ असंतोष फैलाना, कथित तौर पर देश में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के वैचारिक एजेंडे को आगे बढ़ाना था। एनआईए ने इस मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद अब तक 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल कर दी है। मोहम्मद सज्जाद आलम की गिरफ्तारी इस मामले में 18वीं है। एनआईए भारत में प्रतिबंधित संगठन के नेटवर्क और गतिविधियों को खत्म करने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए है।




बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सिख समुदाय के सभी भाईयों एवं बहनों तथा सभी बिहारवासियों के प्रति हार्दिक शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ। साथ ही, इस अवसर पर बिहार की पवित्र धरती पर पधारे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करता हूँ।

श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज का जीवन संघर्ष, त्याग एवं बलिदान की अनुपम गाथा है। सत्यनिष्ठा, स्वाभिमान, राष्ट्र–प्रेम तथा सामाजिक समरसता से परिपूर्ण उनका जीवन सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

मैं श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व समारोह के सफल आयोजन की मंगल कामना करता हूँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.-015780 (Home)D. 2024-25



राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के 358वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों, विशेषकर सिख समुदाय के भाईयों एवं बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

सिख पन्थ के दसवें गुरु और खालसा पन्थ के संस्थापक सरबंसदानी गुरु गोबिन्द सिंह जी एक महान शूरवीर, कवि, चिन्तक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे शौर्य, साहस और त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया।

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन व उनके संदेश हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और सच्चाई की राह पर चलते हुए चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं।

श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व में देश–विदेश से भाग लेने बिहार आये सभी श्रद्धालुओं का मैं हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-016353 (Governor Secretariat)D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि विवाद में मारपीट, दो महिला घायल

फतुहा। थाना क्षेत्र के बांकीपुर गोरख मुहल्ले में शनिवार को दो गुटों में मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक पक्ष की दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस संबंध में पीड़िता निर्मला देवी ने थाने में लिखित शिकायत की है। बताया जाता है कि उसकी भूमि पर विरोधी पक्ष द्वारा जबरन निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसका विरोध करने पर विपक्षियों ने मारपीट कर पीड़िता और उसकी गोतनी को घायल कर दिया। दोनों घायलों का फतुहा राजकीय अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

### खानकाहे मुनेमिया में उर्स 12 से

पटना सिटी (प्राकि)। मितन घाट स्थित खानकाह मुनेमिया में 12 जनवरी से सूफी संत हजरत मखदूम शाह मोहम्मद मुनीम पाक का उर्स शुरू होगा। खानकाह के गद्दीनशी सैयद शाह शमीम उद्दीन अहमद मुनएमी ने बताया कि उर्स के पहले दिन मजार शरीफ पर इत्र व संदल के साथ कुल होगा। इसके बाद खानकाह और उनकी सेवाओं पर सेमिनार में वक्ताओं के द्वारा विचार रखे जाएंगे। मजलिस के बाद जुलूस ए चादरपोशी, कुल व मजलिस ए शमा होगा। 13 जनवरी को भी कुरानखानी, फातेहा के साथ अन्य आयोजन धार्मिक आयोजन होगा।

### मोकामा के मराँची में सड़क हादसे में 3 की हालत गंभीर

मोकामा। मोकामा प्रखंड के मराँची थाना क्षेत्र अवस्थित शेरपुर गांव के पास ठल्ल 80 पर शनिवार देर रात्रि सड़क हादसे में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। बताया जाता है कि एक बेलगाम कार सवार ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया जिससे 3 युवक बुरी तरह जख़्मी हो गये। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना मरांची थानाक्षेत्र के शेरपुर गाँव की है। जहाँ बाइक लगाकर बात कर रहे 3 दोस्तों को बेलगाम अज्ञात कार ने ठोकर मार दिया और फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने सभी जख़्मीयों को आनन फानन मे मरांची महात्मा गाँधी अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस को सुचना दी। तीनो युवक की पहचान सुमित कुमार, दीपक कुमार व प्रेम कुमार रामपुर डुमरा के रहने वाले बताए जा रहे है। जिसमे सुमित कुमार की गंभीर हालत को देखते हुये उसे पटना रेफर कर दिया गया है। वहीँ डॉ. अंकित कुमार ने बताया की तीनो को गंभीर चोटे आई है। जिसमे एक की नाजुक स्थिति को देखते हुये पटना रेफर कर दिया गया है।

### जरूरतमंद और गरीबों के बीच कंबल का वितरण

मसौढ़ी !कड़कड़ाती ठंड में लाचार, असहाय व गरीबों को बचाने के लिए धनरूआ प्रखंड के पटना गया डोभी फोरलेन पर स्थित रामदेई रामचंद्र मेमोरियल शिक्षण संस्थान नदवां में पद्मपाणि संस्थान के द्वारा रविवार को असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्याम रजक ने बताया कि क्षेत्र के हर धर्म और समुदाय के जरूरतमंदों को कंबल दिया गया।जिन्हें वास्तविक में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। मोर्चा के अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित रूपरेखा के तहत गरीब लोगों को मदद की जाती है। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया जाता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी पद्मपाणि संस्थान के सचिव जितेंद्र कुमार अध्यक्ष सुनील कुमार नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार शिव कुमार कमला प्रसाद कृष्णा सर सौरभ विकास सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### शांति देवी पोद्दार के निधन के बाद परिजनों ने कराया नेत्रदान

पटना सिटी, दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान के फलस्वरूप यहां के समाजसेवी स्व सत्यनारायण पोद्दार की धर्मपत्नी शांति देवी पोद्दार (95 वर्षीया) स्मृतिशेष के निधन के बाद उनके परिवार ने नेत्रदान कराया। ऐसा कर परिजनों ने पीड़ित मानवता की सेवा में एक मिसाल कायम किया है। उनके परिवार के सुपुत्र राजकुमार पोद्दार, आनंद पोद्दार, अशोक पोद्दार, सुभाष पोद्दार, डॉ सुशील पोद्दार एवं आदि की सहमति से एवं समिति के सचिव गोविन्द कानोडिया एवं मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा की पहल से एमएमसी के नेत्रदान अधिकोष की टीम में कार्निया सर्जन डॉ खालिद एवं जगमोहन सैनी, नर्सिंग स्टाफ को कॉर्निया सौंप पीड़ित मानवता की सेवा कर समाज को बेहतर संदेश दिया है। यह नई पीढ़ी के लिए प्रेरक होगा। मृत्यु निश्चित है, परन्तु मृत्यु के बाद भी अमर होने का श्रेष्ठ तरीका है- नेत्रदान।

# इस वर्ष अप्रैल से नवंबर तक राज्य में हुए करीब 24 हजार सुरक्षित गर्भ समापन

प्रात :किरण संवाददाता



पटनाः सुरक्षित गर्भपात मातृ मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित गर्भपात के प्रति आमजन में जागरूकता लायी जा रही है। असुरक्षित गर्भपात की समस्या को दूर करने के लिए युक्ति योजना कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम का संचालन राज्य में पब्लिक प्राइवेट पार्टरनशिप के तहत 23 अप्रैल 2011 से किया जा रहा है। युक्ति योजना कार्यक्रम की मदद से मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों में गर्भवती महिलाओं को गर्भकाल के प्रथम तिमाही तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित गर्भपात की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। देश भर में बिहार ऐसा पहला राज्य है जहाँ सुरक्षित गर्भपात के लिए निजी क्लिनिकों में यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है और जहाँ युक्ति कार्यक्रम संचालित है।

अप्रैल से नवंबर तक 24,580 सुरक्षित गर्भसमापनः

इस वर्ष अप्रैल से नवंबर तक सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों एवं निजी क्लीनिकों को मिलकर 24,580 सुरक्षित गर्भसमापन किये गए हैं। अभी तक राज्य के 528 चिकित्सकों को सुरक्षित गर्भसमापन के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। मेडिकल कॉलेज से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित गर्भ समापन की सुविधा उपलब्ध है। इससे गर्भसमापन की इच्छुक महिलाओं के लिए सुविधा का विस्तार हुआ है. सभी जगह प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषग्य द्वारा गर्भसमापन कराया जाता है. इस योजना के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा मान्यता प्राप्त निजी क्लिनिकों को प्रथम तिमाही में प्रति सुरक्षित गर्भपात कराने पर धनराशि प्रदान करायी जाती है।

असुरक्षित गर्भपात से खतरेः

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक असुरक्षित गर्भपात मातृ मृत्यु का एक बड़ा कारण है. यह महिलाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य जटिलता बढ़ाने के साथ महिला, समुदाय एवं स्वास्थ्य प्रणाली पर सामाजिक एवं आर्थिक बोझ का कारण भी बन सकता है। असुरक्षित गर्भपात से महिलाओं में अपूर्ण गर्भपात, अत्यधिक रक्त स्त्राव, संक्रमण के साथ जननांग एवं आंतरिक अंगों में क्षति का खतरा भी बढ़ता है।

असुरक्षित गर्भपात की भयावह दुनियाः

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर साल करीब 5.6 करोड़ महिलाएं गर्भपात कराती हैं। इसमें 45 फीसदी गर्भपात असुरक्षित होते हैं. सुरक्षित गर्भपात प्रशिक्षित डॉक्टरों की ओर से विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुए कराया जाता है. दुनिया में 55 फीसदी गर्भपात सुरक्षित गर्भपात की श्रेणी में आते हैं. विश्व में प्रत्येक साल गर्भधारण करने वाले कुल मामलों में 12 करोड़ से अधिक अनचाहे गर्भधारण के मामले होते हैं. ऐसे में सुरक्षित गर्भपात सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने की जरूरत है।

# राज्य मानवाधिकार आयोग की टीम कल आ रही एनएमसीएच




- मृत मरीज के आंख गायब की करेगी जांच, अधीक्षक डॉ अलका ने जारी किया पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 15 नवंबर, 24 को गोली लगने से घायल फंटूश कुमार की मौत रात में सर्जरी आईसीयू में हो गई थी। इसके बाद देर रात उसका बायां आंख गायब होने के बाद परिजनों ने 16 नवंबर को खासा विरोध दर्ज कराने का काम किया था। इस मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग की टीम सात जनवरी को जांच के लिए एनएमसीएच आ रही है। इसे लेकर अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो अलका सिंह ने तीन जनवरीको पत्रांक 5 जारी किया है। इसमें सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुधीर कुमार, ए श्रेणी की परिचारिका श्रीमती सुनीता कुमारी, श्रीमती प्रीति मंडल, सर्जरी विभाग के आईसीयू इंचार्ज परिचारिका, सर्जरी विभाग के स्वास्थ्य प्रबंधक आफताब आलम, प्रभारी अस्पताल प्रबंधक प्रणय कुमार, अभिलेखागार के प्रभारी लिपिक को उपस्थित रहने को कहा गया है। साथी ही जांच समिति के चारों सदस्य को भी उस दिन उपस्थित रहने की बात तत्कालीन अधीक्षक के द्वारा जारी पत्र में कहा गया था। दरअसल मृतक फंटूश कुमार की इलाज के दौरान मौत हो जाने के बाद उसकी एक आंख गायब होने के मामले में बिहार मानवाधिकार आयोग के अपर पुलिस महानिदेशक एवं निबंधन के द्वारा 7 जनवरी, 25 को पूर्वाह्न 11 में स्थलीय जांच एवं निरीक्षण किए जाने की सूचना मिली है। इस संबंध में फिर से निर्देशित किया जाता है कि उक्त तिथि एवं समय पर स्थलीय जांच एवं भ्रमण/निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अभिलेखों के साथ अचूक रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रभारी सहायक मातृका को भी निदेशित किया गया है कि वह अपने स्तर से भी उपरोक्त परिचारिकाओं को सूचित करना सुनिश्चित करेंगी। हालांकि शव का पोस्टमार्टम करने वाली टीम को उस दिन मौजूद रहने को अधीक्षक के द्वारा जारी पत्र में निर्देशित नहीं किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शार्प कट की बात का जिक्र किया गया है। दरअसल घटना के घटित होने के बाद 16 जनवरी को फंटूश के परिजनों का कहना था कि डॉक्टर बता रहे हैं कि उसका एक आंख चूहा ने कुतर दिया है, जबकि उन सबों को ऐसा नहीं लगता है। परिजनों का आरोप था कि मृतक की आंख निकाल कर बेचने का काम किया गया है। हालांकि सर्जरी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुधीर कुमार के द्वारा अधीक्षक को दिए गए आवेदन को ही प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तत्कालीन अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह के द्वारा भेज दिया गया था। उस आवेदन के आधार पर आलमगंज थाना में मामला भी दर्ज हुआ है। मगर मृतक के परिजन की ओर से जो आवेदन टीओपी और आलमगंज थाना को दिया गया था, संभवतः उस आवेदन पर मामला दर्ज नहीं किया गया है। वैसे अस्पताल अधीक्षक के द्वारा गठित चार सदस्यीय टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है और उस आधार पर ही निलंबित की गई दोनों परिचारिकाओं को 16 नवंबर की तिथि से ही निलंबनमुक्त कर दिया जा चुका है। वैसे अस्पताल प्रशासन के द्वारा सर्जरी आईसीयू और एमसीएच का वीडियो फुटेज कितना सुरक्षित और बिना छेड़छाड़ किए रखा गया है, यह तो मानवाधिकार आयोग की टीम और आलमगंज थाना के अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी ही देखकर बता सकेंगे।

# शराब मामले के आरोपी के घर छापा 7.875 लीटर विदेशी शराब बरामद



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !अनुमंडल अंतर्गत भगवानगंज थाना क्षेत्र के रौनियाचक गांव में शनिवार की शाम शराब मामले के आरोपी के घर छापेमारी कर 7.875 लीटर विदेशी शराब बरामद किया. हालांकि पुलिस की भनक मिलते ही आरोपी फरार हो गया. जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है

.पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के रौनियाचक गांव में एक व्यक्ति अपने घर से विदेशी शराब का कारोबार करता है।सूचना के बाद पुलिस ने छापेमारी कर जगदीश यादव के पुत्र योगेंद्र यादव के घर

की जब तालाशी ली गयी तो घर के कोने में गढ्ढा खोदकर प्लास्टिक के डब्बा में बंद19 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया.जिसमें 7.875 लीटर विदेशी शराब थी।बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला रौनियाचक गांव निवासी जगदीश यादव के पुत्र योगेंद्र यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गुरुद्वारा बाललीला में रखा गया अखंड पाठ, जन्मोत्सव 7 को

## एसएस अहलूवालिया ने शीश नवाया बाबा भूरीवाले ने किया सम्मान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत, गुरु गोबिंद सिंह जी के बचपन का पवित्र मंदिर। गुरु गोबिंद सिंह जी की 358वें जयंती पर मंगलवार को महान कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया है। इसे लेकर सबों की भलाई के लिए प्रार्थना कर श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को भोग के बाद पंथ प्रसिद्ध रागी और प्रचारक शामिल होंगे और गुरु के इतिहास के बारे में संगत को जानकारी देंगे। इसे देखते हुए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब सहित गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में बड़ी संख्या में संगत मत्था टेक रही है। गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगी बिजली की लड़ियों और मौसमी फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। जानकारी साझा करते हुए कारसेवा भूरीवाले संत बाबा कश्मीर सिंह ने बताया कि पूरी तरह से संगत की सेवा आवभगत को समर्पित है। उन सबों को एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन से गुरुद्वारा साहिब तक लाने और छोड़ने के लिए मुफ्त बसों की व्यवस्था की गई है। बाबा भूरीवाले ने कहा कि तख्तश्री पटना साहिब की यात्रा का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि रात को गुरुद्वारा बाललीला में धार्मिक फिल्में दिखाकर श्रद्धालुओं को सिख इतिहास से अवगत कराया जा रहा है। इसके अलावा कारसेवा भूरीबाले ने गुरु घरों में होने वाली कारसेवाओं के बारे में भी फिल्मों के माध्यम से जानकारी दी। इस बीच गुरुद्वारा बाललीला में शीश नवाने झुकाने भारत सरकार के राज्यमंत्री एसएस अहलुवालिया पहुंचे। उन्हें संत बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले ने सम्मान किया। मौके पर बाबा सुखविंदर सिंह भूरीवाले, बाबा गुरविंदर सिंह पटना साहिब, बाबा गुरनाम सिंह सदस्य शिरोमणि कमेटी, बाबा सिंह गुमानपुरा, स. सुखराज सिंह संधू, बाबा सुख ग्वालियर, नवतेज सिंह वेरका, राजन सिंह, राम सिंह, बाबा गुरवंत सिंह, बाबा मिंटा सिंह, हरसिमरन सिंह बव्यास, कुलदीप सिंह पंडोरी, मलिक सिंह, परगट सिंह बटाला, सुखबीर सिंह सुल्तानविंड, मास्टर प्रदीप सिंह, हरमनप्रीत सिंह हुंदल, जसप्रीत सिंह जॉली, संदीप सिंह बोपाराय, बाबा दिलबाग सिंह, बाबा रतन सिंह, बाबा सरवन सिंह आदि संगत उपस्थित थी।

# नगर कीर्तन का विभिन्न स्वयंसेवी व व्यावसायिक संगठनों ने किया स्वागत




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अशोक राजपथ के गायघाट से झाऊगंज तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के बीच नगर कीर्तन का अनेक स्वयंसेवी संस्थाओं ने इसमें शामिल संगतों का स्वागत किया। उन्हें जगह-जगह चाय, कॉफी, बिस्कुट, नाश्ता, फल प्रदान किया गया। वहीं गुजरी बाजार के पास स्वयंसेवी संस्था लक्ष्या के द्वारा नगर कीर्तन में शामिल हर जत्था को मेडल और प्रतीक चिन्ह प्रदान दिया जा रहा था। संस्था के संजय अलबेला ने बताया कि वह पिछले अनेक वर्ष से यह काम करते आ रहे हैं। इसका उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने किया। उन्होंने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए संस्था और संजय अलबेला को साधुवाद दिया। आयोजन में श्री अलबेला के अलावा महापौर सीता साहू, वार्ड 57 की पार्षद श्रीमती गायत्री गुप्ता, पार्षद शोभा देवी, आनंद मोहन झा, डॉ अजय प्रकाश, राजेश गुप्ता भूषण माली, विनय कुमार बिट्टू, पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, कुंदन माली, मुन्ना सरकार, राहुल कुमार, परवेज आलम आदि शामिल थे। भद्र घाट में ऑल इंडिया ज्ञानी जैल सिंह फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व पार्षद लल्लू शर्मा के नेतृत्व में पंज प्यारों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब को कड़ाह प्रसाद चढ़ा वितरण किया। स्वागत करने वालो में अमित शर्मा, प्रंजन गुप्ता, कुणाल कुमार, राम प्रसाद शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, प्रकाश मणि आदि थे। पटना सिटी व्यापार मंडल ने सिख श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के बीच बिस्कुट, चॉकलेट, कुरकुरे, समोसे एवं बोतलबंद पानी का वितरण किया गया। इसमें मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव ने पंज प्यारे को माला पहना अभिनंदन किया। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के रथयात्रा पर पुष्प वर्षा कर वंदन किया गया। इस सेवा शिविर में महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा, कन्हाई पटेल, वीरेंद्र सिंह, भगवती मोदी, अरुण मिश्रा, राजमणि पंडित, राजकुमार शर्मा, शारदानंद प्रसाद, हेमराज जैन, अशोक यादव, सरदार अमरदीप सिंह, अभिषेक ठाकुर आदि शामिल थे। श्री कृष्ण यदुवंशी महासभा के तरफ से बेलवरगंज स्थित पुरानी सिटीकोर्ट के सामने संस्था के अध्यक्ष राकेश बल्लभ ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्याम रजक, रामकृपाल यादव एवं संस्था के सुभाष बल्लभ, आकाश कुमार, राकेश, दीपक, परमजीत आदि शामिल थे।

### नशे में धुत कार चालक ने वैन में मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार

पटना सिटी, बाइपास थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ पर रविवार की सुबह नशे में धुत तेज रफ्तार से आ रहे कार ने मैजिक वाहन में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बाइपास थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नशे में रहे कार चालक मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बाइपास थानाध्यक्ष ने बताया कि कार चालक मुन्ना कुमार को नशे की हालत में कार चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के नजदीक रविवार की सुबह एक मैजिक गाड़ी वाहन को पीछे कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने मैजिक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही आसपास के लोग अपनी जान बचाने को इधर-उधर भागे। इस बीच स्थानीय लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया और सूचना पुलिस को दी। पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि कार चालक नशे की हालत में था। वही मैजिक ड्राइवर चंदन कुमार ने बताया कि जिस तरह तेज रफ्तार से कार चालक आ रहा था। अगर मैजिक गाड़ी में टक्कर नहीं लगती, तो कार चालक के द्वारा पता नहीं कितने लोगों को इस गाड़ी से हादसा होता।

# वाहो-वाहो गोविंद सिंह, बोले सो निहाल, तहि प्रकाश हमारा भयो... से शहर गुंजायमान

## गुरुद्वारा गायघाट में अखंड पाठ की समाप्ति के बाद सजा दीवान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



अशोक राजपथ पर गायघाट से लेकर दीदारगंज के बीच का इलाका वाहो-वाहो गोविंद सिंह आपे गुरु चेला, तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिखे भव लयो, बोले सो निहाल सतश्री अकाल जैसे गीत व जयकारा से गूंज उठा। दरअसल सर्वंशदानी साहिबे कमाल श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इसे लेकर नगर कीर्तन निकाला गया। गायघाट से निकले नगर कीर्तन में सबसे आगे नगाड़ा था, तो उसके पीछे हाथी, घोड़ा और ऊंट था। विभिन्न बैंड बाजे धार्मिक धुन से समा बनाए हुए थे। इसमें खासकर देहु शिवा वर मोहे ऐसे शुभ करमन से कभी न टरूं, तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिखे भव लयो, की धुन गुंजा रहे थे। नगर कीर्तन में विभिन्न महिला और पुरुषों का कीर्तनी जत्था कीर्तन और जयकारा करते चल रहा था। वहीं विभिन्न गायकों की मंडली भी दशमेश पिता का गुणगान करते हुए भजनों की प्रस्तुति करते चल रहे थे। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह बालक उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, मध्य बालिका विद्यालय के अलावा अन्य स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी बैंड की धुन पर मार्च पास्ट करते चल रहे थे। पंज प्यारों की अगुवाई में यह नगर कीर्तन निकल रहा था। उनके आगे महिला और पुरुषों की टोली रास्ते की सफाई, धुलाई और पुष्प वर्षा करते चल रहे थे। पीछे पालकी साहिब पर गुरु ग्रंथ साहिब विराजत थे, जिनकी सेवा जत्थेदार बलदेव सिंह, अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह, नवराज सिंह हैप्पी आदि कर रहे थे। पालकी साहिब की सेवा करने में पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलुवालिया, सरदार गुरजीत सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, कुलवंत सिंह सलूजा, कुलदीप सिंह बग्गा, सरदार जगजीवन सिंह आदि थे। नगर कीर्तन में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, राजा सिंह, सुमित सिंह कलसी, दीपक लांबा, सूरज सिंह नलवा, मनप्रीत सिंह, सेवादार समाज कल्याण समिति के संरक्षक बलराम सिंह, तेजिंदर सिंह बंटी, ग्रंथी अजायब सिंह, देवेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, दीपक सिंह, नगर कीर्तन के संयोजक तेजेंद्र सिंह बग्गा, प्रेम सिंह, रणजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह बग्गा, सतनाम बग्गा आदि शामिल थे। इसके पूर्व गुरुद्वारा गायघाट में चल रहे अखंड पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद शबद कीर्तन हजूरी रागी जत्था पटना साहिब भाई ज्ञान सिंह, जंडियाला वाले सुखवंत सिंह, सोहना के भाई दविंदर सिंह ने पेश किया। कथा लुधियाना से आए कथावाचक ज्ञानी सरबजीत सिंह और पटना साहिब के भाई ज्ञान सिंह ने किया। इसके बाद जत्थेदार बलदेव सिंह ने अरदास किया। हुकुमनामा के बाद कड़ाह प्रसाद का वितरण हुआ। इसके बाद दीवान की समाप्ति हुई।

# बाबा भूरीवाले ने अपनी सेवा से संगतों व बिहार के लोगों में बनाई पहचान

पटना सिटी (आनंद केसरी)



गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत झोपड़ी से महल में तब्दील हो गया। इसका पूरा श्रेय बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और उनकी टीम को जाता है। दरअसल पहले जब दशमेश पिता का जन्मोत्सव मनाया जाता था, तब संगतों और स्थानीय श्रद्धालुओं को छोटी पटनदेवी गली के संकरे रास्ते से होते हुए जाना पड़ता था। यहां कुछ कमरे थे, जिसे किराया पर स्थानीय लोगों को कम दर पर दिया गया था। बाद में उन सबों को उचित राशि देकर खाली कराया गया और नए सिरे से इसका निर्माण कराया गया। यही कारण है कि आज यहां दो भवन माता विशंभरा देवी और राजा फतेहचंद मैनी के नाम पर आधुनिक सुख-सुविधाओं से युक्त कमरों का निर्माण कराया गया है। यहां भव्य रूप से लंगर चलता है। देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर विदेश से आने वाली संगतों के ठहरने व लंगर की पहली पसंद गुरुद्वारा बाललीला मैनी सांगत होती है। बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले एवं बाबा सुखविंदर सिंह की देखरेख और दिशा-निर्देश पर स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह अपनी टीम के साथ पूरी व्यवस्था की कमान संभालते हैं। यहां साल के पूरे दिन संगतो की भीड़ होती है। फिलहाल अभी 50 कमरों का निर्माण भी कराया गया है। इसका फिनिशिंग होना बाकी है। अंडरग्राउंड वाहन पार्किंग भी बनाया गया है। इसे अभी और विस्तारित किया जाना है। इसके बाद वर्तमान में चल रहे लंगर की जगह भी कमरे बनाने की योजना है। नीचे में आधुनिक रसोई, लंगर घर और ऊपर में रिहाइश बनाने की योजना है। यही नहीं, तखवतश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा इस परिसर में सौ अधिक आधुनिक कमरों के निर्माण के लिए भी बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले को सेवा सौंपी गई है। वह फिलहाल इसकी सेवा बखूबी कर रहे हैं। दूसरी मंजिल तक की ढलाई हो चुकी है। करीब पांच मंजिला भवन बनना है। फिलहाल भूतल पर आधुनिक शौचालय एवं स्नानागार बना कर इस प्रकाश पर्व में संगतों की सुविधा के लिए सौंपा गया है। यही नहीं, इस प्रकाश पर्व पर मालसलामी स्थित ओपी शाह सामुदायिक भवन में ठहरी करीब चार हजार संगतों और कंगन घाट पर भी संगतों के लिए लंगर की व्यवस्था बाबा भूरीवाले की टीम के द्वारा ही किया जा रहा है। तख्तश्री पटना साहिब परिसर में ग्रीनरी की सेवा भी गुरुद्वारा बाललीला प्रबंधन के द्वारा की जा रही है। बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले के मन में यहां के विकास और सौंदर्यीकरण की लालसा हमेशा बनी रहती है। पूर्व में उन्होंने कंगन घाट के विकास के काम के लिए यहां आने वाले जनप्रतिनिधियों एवं मंत्रियों से चर्चा की थी। मगर उन्हें सेवा का पत्र सरकार और प्रशासन की ओर से नहीं मिल पाया। इसके बाद उन्होंने मंगल तालाब के सौंदर्यीकरण और विकास के साथ ही पौधारोपण कर ग्रीनरी और लाइट की व्यवस्था करने के लिए सेवा सौंपने की बात कही थी। मगर बिहार सरकार के संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों ने भी यह सेवा का पत्र उन्हें नहीं सौंपा। अब बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह कहते हैं कि वह गुरुद्वारा बाललीला के पूर्वी गेट से लेकर मंगल तालाब मोड़ के बीच के रास्ते को हेरिटेज बनाना चाहते हैं। इस दौरान बिजली के तारों को भूमिगत करना, पोल लाइट लगाना, सड़कों का जीर्णोद्धार करने से लेकर और भी काम है। बाबा कश्मीर सिंह से मिलने आए मंत्री श्रवण कुमार ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह पथ निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग और पर्यटन विभाग के मंत्रियों और सचिव से बात कर अनुमति दिलाने का काम करेंगे। बाबा भूरीवाले और बाबा सुखविंदर सिंह कहते हैं कि उन्हें सरकार से फंड की जरूरत नहीं है। केवल वे सेवा का पत्र सौंप दें, वह काम करा देंगे। सरकार व प्रशासन चाहे, तो बैठकर काम की योजना का खाका बनाकर उन्हें सौंप दे। वह उसी अनुसार भी कार्य कराने को तैयार हैं। स्थानीय लोग भी खुश है कि गुरुद्वारा बाललीला में रिहाइश, लंगर और परिवहन की व्यवस्था बेहतर होने से यहां 24 घंटे चहलकदमी बनी रहती है। जब कमरे खाली होते हैं, तो स्थानीय स्तर पर भी लोगों की मांग को पूरा करने की कोशिश की जाती है।

### मोकामा आरपीएफ के द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

मोकामा। मोकामा आरपीएफ के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया है। वरीय अधिकारी के निर्देश पर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत लोगों को रेल की संपत्ति की नुकसान ना हो इसको लेकर लोगों से अपील की गई है तथा लोगों को जागरूक किया गया है। मोकामा आरपीएफ इंस्पेक्टर हरिकेश कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मोकामा आरपीएफ पोस्ट में उपस्थित सहायक उप निरीक्षक पप्पू यादव के द्वारा हाथीदह रेलवे स्टेशन व रामपुर डुमरा स्टेशन पर जन जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को समझाया गया की चलती गाड़ी पर पत्थर इत्यादि न फेके, साथ ही गाड़ी में एसीपी आदि न करें। इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। आरपीएफ के द्वारा कानूनी कार्रवाई के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया है।

# डॉ प्रो अलका एनएमसीएच की पूर्णकालिक अध्यक्ष बनी

## डॉ सीपी जयसवाल एमसीएच, छपरा के अधीक्षक बनाए गए

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





स्वास्थ्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का अधीक्षक शिशु रोग विभाग के प्राध्यापक डॉप्रो अलका सिंह को बनाया है। वहीं नालंदा मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉप्रो सीपी जायसवाल को अपने कार्यों के अतिरिक्त नवनिर्मित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा (सारण) में शैक्षणिक एवं चिकित्सा कार्य शुरू करने के निमित्त उक्त संस्थान का अधीक्षक (वित्तीय शक्ति सहित) पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विशेष कार्य पदाधिकारी रेणु कुमारी के द्वारा पांच जनवरी को जारी पत्र संख्या 6(17) अधिसूचना जारी की गई है। इसमें डॉक्टर अलका सिंह को नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का अधीक्षक बनाए जाने की बात कही गई है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि अधिसूचित प्राचार्य/अधीक्षकों को वित्त विभाग बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या 9262/वि, एक सितंबर, 11 के द्वारा अधिसूचित बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 84 के अंतर्गत उक्त संस्थान के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की शक्ति भी प्रदान की जाती है। जारी पत्र में यह भी कहा गया है कि प्राचार्य/अधीक्षक के पद पर अधिसूचित चिकित्सक शिक्षक संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के प्रभार में नहीं रहेंगे।

# बागवानी को बढ़ावा देकर करेंगे किसानों की आमदनी दोगुनी : मंगल

## महोत्सव में कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को किया गया प्रशिक्षित

● 2 लाख से अधिक लोग बागवानी महोत्सव में आए




**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

पटना के गांधी मैदान में चल रहे तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव का रविवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर सूबे के कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने तीन दिनों के भीतर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। श्री पांडेय ने अपने संबोधन के दौरान पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन से बागवानी को प्रोत्साहन मिलेगा और इसका दायरा भी बढ़ेगा। हमारा लक्ष्य है कि राज्य में बागवानी बढ़े, इसका क्षेत्रफल बढ़े और किसानों की आमदनी भी अधिक हो। हमारा उद्देश्य है कि राज्य में बागवानी फसलों का ज्यादा से ज्यादा उत्पादन हो, प्रसंस्करण और भंडारण हो। श्री पांडेय ने कहा कि इस तीन दिवसीय बागवानी महोत्सव में पौधों के बिचड़ों, बीजों, मधु और मखानों सहित विभिन उत्पादों की बिक्री हुई है और इन तीन दिनों में इस महोत्सव मे 2 लाख लोग आए। यहां तीन दिनों तक कृषि विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी सत्र चलाकर किसानों को बदलते वातावरण के हिसाब से खेती करने और फसलों का उत्पादन बढ़ाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। यहां एक ही पौधे में बैंगन और टमाटर को लोगों ने देखा और सराहा।

### 788 किसानों ने 1200 से भी ज्यादा प्रदर्श दिखाया

इस महोत्सव में 788 किसानों ने 100 स्टालों में 1200 से भी ज्यादा प्रदर्श दिखाया। वहीं सबसे ज्यादा प्रदर्श दिखाने वालों में प्रथम स्थान पर पूर्णिया, फिर वैशाली और अन्य जिले रहे। कृषि मंत्री ने बागवानी महोत्सवा के सफल आयोजन को लेकर कृषि विभाग के बागवानी निदेशक श्री अभिषेक कुमार और उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री पांडेय ने कहा कि इस बार का बागवानी महोत्सव कई मायने में महत्वपूर्ण रहा। जहां कृषकों के उत्पादों के प्रदर्शनी के साथ बिक्री हेतु नर्सरी, बीज, बिचड़ा एवं कई शोभाकारी पौधे, मधु, मखाना आदि उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। मुझे हर्ष है कि कड़ाके की ठंढ के बावजूद भी बागवानी महोत्सव 2025 में पटनावासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### महोत्सव के दो ही दिनों में 25 लाख की बिक्री

महोत्सव के दो ही दिनों में करीब 25 लाख रुपए की बागवानी उपकरण, बीज, पौधे, शोभाकारी पौधे, गमले, शहद, मखाना एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पाद की बिक्री हुई। इस मौके पर कृषि मंत्री मंगल पांडेय समेत, कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल, विशेष सचिव वीरेंद्र प्रसाद यादव, निदेशक बामेती, धनंजय पति त्रिपाठी, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, संयुक्त सचिव मनोज कुमार एवं मदन कुमार, कृषि मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह समेत कृषि विभाग के कई अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम ने पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी को दी श्रद्धांजलि



कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित जयंती समारोह में शामिल हुए सीएम

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटना के कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व सुशील कुमार मोदी के जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्व सुशील कुमार मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विरासत की सोच से विकसित किये जा रहे अटल कलाभवन : विजय

## कलाभवन के माध्यम से बिहार की बहुरंगी विरासत मिलेगा संरक्षण



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में मुजफ्फरपुर में अटल कला-भवन का कार्य शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर मौजूद उपमुख्यमंत्री-सह कला संस्कृति एवं युवा मामलों के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में बिहार ने विरासत के साथ विकास की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। हम अपने गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की बहुरंगी छवि तो दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे ही साथ ही कला-संस्कृति से जुड़ी प्रतिभाओं को उपयुक्त मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इसी सोच के साथ राज्य के हर जिले में हम प्रेक्षागृह एवं कलाभवन विकसित करने जा रहे हैं। जिसका नाम अटल कला भवन होगा। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि अटल कला-भवन के निर्माण से जिले की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊंचाई मिलेगी। इस कला भवन में परंपरागत एवं आधुनिक प्रदर्शन कलाओं तथा ऑडियो-विजुअल कलाओं के प्रस्तुतियों के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही यहां से जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत और कला-संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों से समाज में सकारात्मक गतिशीलता आती है। इसका अनुकूल प्रभाव हमारे आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों पर भी पड़ता है। हमारी संस्कृति ही हमें राम और रावण के बीच अंतर बताती है। इसी से हम सीता और मंथरा में फर्क कर पाते हैं। आज जो माहौल देश में बनाने का प्रयास किया जा रहा उसमें देश को सुरक्षित रखने के लिए इन अंतरों की सही पहचान जरूरी है। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारा इतिहास भी हमें यही बताता है कि भारत की एकता, अखंडता को निर्धारित करने में सांस्कृतिक चेतना ने निर्णायक भूमिका निभायी है। इसी चेतना के कारण हम आक्रांताओं की लाख कोशिशों के बावजूद सुरक्षित रह पाए। हमारे विरासत स्थल खंडित कर दिए गए, हमारे महत्वपूर्ण ग्रंथों को नष्ट किया गया लेकिन भारतीय समाज में फैली सांस्कृतिक चेतना ने हमें एकसूत्र में पिरो दिया। आज हम अपने राज्य की बहुरंगी विरासत जो कहीं न कहीं दब सी गई थी, उसे फिर से सुरक्षित और संरक्षित करने में जुटे हैं। आने वाले दिनों में जब हम विकसित बिहार बनाने में सफल होंगे तब उसमें हमारे गौरवशाली संस्कृति ज्ञान, रोजगार और रचनात्मक सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# अपने बेटे को स्थापित करने में लगे हैं राजद प्रमुख : सम्राट

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार में राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से साथ आने का न्योता दिए जाने के बाद बयानबाजियों का दौर थमता नहीं दिख रहा है। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने राजद अध्यक्ष लालू यादव पर जोरदार सियासी हमला बोला है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि लालू यादव अपने बेटे को बिहार की राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन, हकीकत है कि ये बिहार की जनता है जो किसी को भी बिहार में स्थापित करती है। दरअसल, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की रविवार को जयंती है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने उनको याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने पहुंचे चौधरी ने कहा कि लालू यादव डर गए हैं। बिहार की जनता तय करेगी कि बिहार की सत्ता पर कौन बैठेगा। बिहार में नीतीश कुमार बैठे हुए हैं और उनके नेतृत्व में एनडीए आगे भी चलता रहेगा।

### राजद को बिहार की जनता ने रिजेक्ट कर दिया है

इधर, मंत्री मंगल पांडेय ने लालू यादव के बयान पर कहा कि उनलोगों को कुछ याद रहता है क्या? सुबह में पिताजी कुछ कहते हैं, शाम में बेटा कुछ कहता है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी कर लें, वे लोग अब बिहार की सत्ता में नहीं आ सकते हैं। उनलोगों को बिहार के लोगों ने रिजेक्ट कर दिया है। उपचुनाव में भी रिजेक्ट कर दिया है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी वही करेगी। मंत्री मंगल पांडेय से जब प्रशांत किशोर के आमरण अनशन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सुना है कि वहां वैनिटी वैन भी लगी है। अब समझा जा सकता है कि क्या स्थिति है। क्या अनशन हो रहा है।

# सम्राट चौधरी को भी लालू यादव ने ही स्थापित किया : मीसा



पटना। राजद के अध्यक्ष लालू यादव के मुख्यमंत्री नीतीश को फिर से साथ आने के ऑफर दिए जाने के बाद राजद और भाजपा के नेता आमने-सामने नजर आ रहे हैं। राजद की सांसद मीसा भारती ने कहा कि एनडीए के लोग नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात करते हैं, क्योंकि उनका चेहरा दिखा कर वोट लेना है। लालू यादव को नीतीश कुमार को ऑफर देने के संबंध में उन्होंने कहा कि लालू यादव और नीतीश कुमार आपस में क्या बात करते हैं, वो सिर्फ वही दोनों जानते हैं। सम्राट चौधरी के बयान कि लालू यादव अपने बेटे तेजस्वी यादव को स्थापित करना चाहते हैं, पर मीसा भारती ने कहा कि तेजस्वी को नीतीश कुमार ने दो बार स्थापित कर दिया है। लेकिन, सम्राट चौधरी को तो उनके पिता नहीं बल्कि लालू यादव ने स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी को शीर्ष नेतृत्व से पूछना चाहिए।

### अक्षमता के कारण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाये गये सम्राट चौधरी : सुधाकर

राजद के नेता सुधाकर सिंह ने इसे लेकर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान पर भड़कते हुए कहा कि उनकी अक्षमता के कारण उन्हें भाजपा अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव हमारे राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और कुशलता पूर्वक लंबे समय तक एक दल को चला रहे हैं लेकिन, सम्राट चौधरी भाजपा के अध्यक्ष थे, फिर क्यों हटाए गए? उन्होंने कहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर हटाए जाने का कारण मात्र उनकी अक्षमता थी। अगर अक्षम नहीं होते तो क्यों हटाया जाता? अब सवाल यह है कि दूसरे जो अभी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, वह भी मंत्री रहते हुए प्रदेश अध्यक्ष हैं। अब सम्राट चौधरी जैसा अक्षम आदमी लालू यादव पर कोई कमेंट करे तो यह हास्यास्पद है। इधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के लालू यादव कितने भी सपने देखें, फिर भी वो मुंगेरीलाल के हसीन सपने ही रहेंगे, वे पूरे नहीं होंगे के विषय पर पूछने पर बक्सर राजद सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि भाजपा के ये लीडर लालू प्रसाद यादव की तुलना में कहीं नहीं हैं। जितने दिन से ये लोग राजनीति में हैं, उतनी उनकी उम्र है। लालू यादव ने सैकड़ों एमएलए, एमपी, मुख्यमंत्री बनाए, प्रधानमंत्री बनाए, अब ये लोग हवा में ही ऐसे बयान देते रहते हैं।

# सतत आर्थिक विकास के क्षेत्र में नित नए आयाम गढ़ रहा है बिहार : उमेश

● नीतीश सरकार के प्रयासों से बिहार में तैयार हुआ औद्योगिक विकास का माहौल

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार सतत आर्थिक विकास के क्षेत्र में नित नए आयाम गढ़ रहा है। राज्य का आर्थिक विकास दर 14.47 फीसदी पर पहुंच गया है, जो कि राष्ट्रीय औसत 9.60 फीसदी से लगभग 5 फीसदी अधिक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश का विकास दर गत कई वर्षों से निरंतर दो अंकों में बना हुआ है। विकास दर के मामले में हमारा बिहार देश के कई समृद्ध राज्यों को पीछे छोड़कर चैथे स्थान पर है। साथ ही श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार में प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 के राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 12.80 फीसदी का बढ़ोतरी हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि नए वर्ष में बिहार नए आत्मविश्वास और नई ऊर्जा के साथ प्रगति पथ पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि दिसंबर में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट में निवेशकों के साथ कुल 1 लाख 81 हजार करोड़ के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है और यह आंकड़ा बीते साल से करीब तीन गुणा अधिक है। प्रदेश में बेहतर बुनियादी ढांचे-सड़कों का निर्माण, निर्बाध बिजली और पानी जैसी आधारभूत सुविधाएं पहले से काफी सुदृढ़ हुई है। जंगलराज के अंधकार से निकलकर प्रदेश सुशासन के रास्ते पर अग्रसर है। नीतीश सरकार के प्रयासों से बिहार में औद्योगिक विकास का अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है इसलिए देश-दुनिया के निवेशक बिहार की ओर आकर्षित हो रहे हैं और नए-नए उद्योग धंधे स्थापित हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर को दी सैकड़ों करोड़ों की सौगात: जदयू

पटना। जद यू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद और मनीष यादव ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के चैमुखी विकास को कृत संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले को करीब 5 सौ करोड़ रुपए की विकास योजनाओं की सौगात दी है जिससे ना केवल जिले में नए विकास कामों को पंख लगेंगे बल्कि लंबित योजनाओं को भी पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में बूढ़ी गंडक नदी के उपर तटबंधों को जोड़ने के लिए और आवागमन को और सुलभ बनाने के मकसद से चार जगहों पर बड़े-बड़े पुलों का निर्माण कराया गया है। रघई घाट पुल का निर्माण कराया गया है जो मीनापुर और कांटी को जोड़ता है और इस पुल के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी आसानी हो रही है। उन्होंने कहा कि आथर घाट पुल और पिलखी पुल के निर्माण से आज दूसरे शहरों से मुजफ्फरपुर पहुंचने में दूरी कम हुई है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर शहर में ट्रैफिक लोड कम करने के मकसद से मझौल से लेकर कांटी तक बाईपास का निर्माण कराया गया है इस फोर लेन बाईपास के निर्माण से बेतिया, मोतिहारी, सीतामढ़ी, दरभंगा, सुपौल, सहरसा से आने और जाने वाले लोग बिना शहर में प्रवेश किए कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। शहर में कलबल से लक्ष्मी चैक मरीन ड्राइव का निर्माण, होने से शहर के सौंदर्यीकरण के साथ लोगों को आवागमन में भी सुविधा मिल रही है।

# नीतीश कुमार एनडीए के साथ हैं और रहेंगे : मांझी

गया। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को साफ शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह से एनडीए के साथ हैं और एनडीए के साथ ही रहेंगे। बोधगया स्थित अपने आवास पर रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि नीतीश कुमार एनडीए के साथ पहाड़ की तरह डटे हुए हैं। उन्होंने कई बार यह बात कही है। वह तेजस्वी यादव के साथ क्यों जाएंगे, जिनके कार्यकर्ता ने यहां जमीन हड़प ली है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के गुंडे-मवाली लोगों ने गरीबों को दी हुई पर्चे की जमीन लूट ली। नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन की सरकार चलाई है, वह अपना नाम तेजस्वी यादव के साथ जाकर क्यों बदनाम करेंगे। तेजस्वी के साथ जाकर वह कभी भी 2005 के पहले वाली स्थिति में बिहार को नहीं जाने देंगे। छत्तीसगढ़ में पत्रकार की हत्या पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर सच को सामने लाए होंगे इसीलिए उनकी हत्या की गई है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि इसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। हम मांग करते हैं कि उनके आश्रितों को सरकारी लाभ और नौकरी दी जाए। दिल्ली चुनाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली में एनडीए की सरकार बनेगी। केजरीवाल जो लुभावने वादे कर रहे हैं, उसे जनता समझ रही है। दिल्ली में जनता के लिए कुछ काम नहीं किए गए हैं। वह पिछले नारे को भूल गए हैं। केजरीवाल खुद दिल्ली में गठबंधन नहीं बचा पाए। कांग्रेस और उनकी पार्टी अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के अनिश्चितकालीन अनशन से जुड़े एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रशांत किशोर छात्रों को उकसाकर राजनीति कर रहे हैं। बिहार लोक सेवा आयोग अपना स्टैंड रखकर परीक्षा ले रहा है।

# हर पंचायत में सहकारी स्वास्थ्य व्यवस्था जरूरी : रणबीर

पटना। पूर्व विधान पार्षद डॉ रणबीर नंदन ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को हर लोगों तक पहुंचाना जरूरी है। इसके लिए आवश्यक है कि हर पंचायत स्तर तक सहकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को लागू किया जाए। डॉ रणबीर नंदन, स्थानीय चिपुरा सामुदायिक भवन में आरोग्य भारती दक्षिण बिहार के तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह कंबल वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जब इन सहकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के तहत केंद्र में शुगर जांच मशीन, बीपी जांच मशीन व पैथोलॉजी लैब होगा तभी पंचायत में रहने वाले नागरिक स्वस्थ रहेंगे। डॉ नंदन ने कहा की जीवन जीने का सबसे महत्वपूर्ण आयाम स्वास्थ्य सुविधा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाना है। उन्होंने कहा आज भारतवर्ष में स्वास्थ्य के क्षेत्र में इतना काम हो रहा है कि यहां अंग प्रत्यारोपण के लिए दूसरे देशों से भी मरीज आ रहे हैं, क्योंकि यहां विदेश की अपेक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था में खर्च कम है। इस मौके पर कार्यक्रम में आरोग्य भारती दक्षिण बिहार के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार, सचिव डॉ गुरु शरण पाल, पूर्व सचिव डॉ वेंकटेश तिवारी, सह कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह,चिपुरा पंचायत के सरपंच देवेन्द्र प्रसाद सिंह सहित बड़ी संख्या में आरोग्य भारती से जुड़े लोगों सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चिपुरा पंचायत के सरपंच देवेंद्र प्रसाद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# लोजपा आर आईटी सेल की हुई समीक्षा बैठक

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की आईटी सेल की समीक्षा बैठक पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अमित रानू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के विचारों और उनके बिहारी फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के हर घर तक पहुंचाना था। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने आईटी सेल के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डिजिटल युग में पार्टी की विचारधारा और नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में आईटी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष अभिनव मिश्रा, सोशल मीडिया संयोजक गौरव सोनी, प्रदेश महासचिव सुमित श्रीवास्तव, अर्णव आर्यन, सन्नी कुमार, सूर्यांश सिंह, और आकाश झा सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आईटी सेल द्वारा डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी के नेतृत्व में बिहार के चहुंमुखी विकास और बिहारी फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रचारित-प्रसारित करने का संकल्प लिया गया।

# आंदोलन का किसी भी तरह से राजनीतिकरण न हो : तेजस्वी



मोतिहारी। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर राज्य सरकार पर हमला किया है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मोतिहारी पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि सीएम थक चुके हैं और रिटायर अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार सरकार चला रहे हैं। कुछ लोग दिल्ली में हैं और कुछ यहां पर हैं। अपने फायदे के लिए यहां पर सरकार चला रहे हैं। राजद में नीतीश कुमार की वापसी पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कोई सवाल ही पैदा नहीं होता भाईसाहब मीडिया वाले लगातार कहते रहते हैं कि नीतीश कुमार आएंगे। उन्हें एक जगह स्थित रहने दीजिए। लालू जी का अंदाज है, जब पत्रकार ने उनसे पूछा तो वह कह दिए। आप सभी जानते ही हैं। प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर तेजस्वी यादव ने कहा कि छात्रों की इच्छा थी कि इस आंदोलन का किसी भी तरह से राजनीतिकरण न हो। जब लाठीचार्ज हो गया तब यह कहां थे। अब आ रहे हैं। हम लोगों ने विधानसभा में इस मुद्दों को उठाया। छात्रों का सम्मान करते हुए हमने नैतिक समर्थन दिया। छात्रों के कहने पर हमने एक बार नहीं, दो बार मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर पत्र लिखा। विधानसभा में 28 नवंबर को महागठबंधन के लोगों ने इस मुद्दे को उठाया। लेकिन, इसे कुचलने की कोशिश हुई। यह बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन है और उनकी लड़ाई है। हमलोग उनके साथ हैं। छात्रों के साथ अन्याय हुआ है और जब तक न्याय नहीं मिल जाता, हमलोग उनके साथ खड़े हैं। प्रशांत किशोर सिर्फ एक्टिंग कर रहे हैं। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के आमरण अनशन के स्थान पर वैनिटी वैन के इस्तेमाल को लेकर तेजस्वी ने कहा कि वैनिटी वैन में तो अभिनेता और अभिनेत्रियां बैठते हैं।

# पीके ने बीपीएससी अभ्यर्थियों की भावनाओं के साथ किया खिलवाड़ : निहोरा

पटना।जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सुसज्जित वाहनों की मदद से राजनीति का ढोंग करने वाले प्रशांत किशोर को बिहार की राजनीति की समझ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महज निजी स्वार्थों को लेकर उन्होंने बीपीएससी अभ्यर्थियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राजनीति प्रशांत किशोर के बस की बात नहीं है। यह राज्य जय प्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया, जन नायक कपूर्री ठाकुर जैसे महानायकों की समाजवादी राजनीति से ओत प्रोत रहा है और कपूर्री ठाकुर, जो गरीबों के हक की लड़ाई साइकिल और रिक्शा से चलकर लड़ा करते थे, मृत्युपर्यंत अपनी मकान की बात तो छोडिए अपना निजी वाहन तक नहीं खरीद पाए। जबकि वो दो दफे बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने कहा कि उस बिहार में करोड़ों रुपया की वैनिटी वैन लेकर प्रशांत किशोर राजनीति में उतर रहे है और करोड़ों रुपया अपने ऊपर खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति को बिहार ने कभी ना स्वीकार किया है और न ही कभी करेगा।

# माई-बहिन मान योजना को घर-घर तक किया जाएगा प्रचार-प्रसार : राजद

## अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के पद्रेश अध्यक्ष अरविन्द सहनी ने की बैठक, लिया गया संकल्प

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रधान महासचिवों एवं प्रमुख कार्यकताओं की समीक्षा बैठक राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में राजद प्रदेश कार्यालय के कपूरी सभागार में सम्पन्न हुई। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने की। इस अवसर पर राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सहनी ने एक प्रस्ताव के माध्यम से 24 जनवरी को होने वाले जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती समारोह में अतिपिछड़ों की अधिक से अधिक भागीदारी पर बल दिया गया। उनके जयंती से लेकर पुण्यतिथि तक राष्ट्रीय जनता दल अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ अतिपिछड़ा समाज के बीच पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा किये गये घोषणाओं खासतौर से माई-बहिन मान योजना के तहत 2500 रुपए प्रतिमाह दिये जाने, 200 यूनिट बिजली फ्री दिये जाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अन्तर्गत बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को मिलने वाले 400 रुपए को बढ़ाकर 1500 रुपए किये जाने तथा नौजवानों के नौकरी और रोजगार दिये जाने के घोषणा को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। साथ हीं साथ लालू प्रसाद के विचार और तेजस्वी के कार्यों की चर्चा सदस्यता अभियान में व्यापक रूप से चलाने की बात की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने कहा कि हमसभी को एकजुटता के साथ मुकाबला करने और लालू प्रसाद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी ने कहा कि हमारे पुरखों ने नीति और विचारों के साथ संघर्ष, आन्दोलन और समाज के निर्माण में जो भूमिका निभाई है उसको हम सरजमीन पर उतारने का काम करें। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के द्वारा इनके मनोबल को तोड़ने के लिए किया जा रहा है लेकिन हमें ऐसे तत्वों का मुकाबला पूरी एकजुटता के साथ करना हैं। राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा कि हमें नफरत फैलाने वाली शक्तियों के खिलाफ मजबूती से लड़ने के लिए अपने नेता के साथ खड़ा रहना होगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मोहम्मद इसराइल मंसुरी, पूर्व सांसद अनिल सहनी, विधायक भरत भूषण मंडल, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष सिपाही लाल महतो, मुजफ्फर हुसैन राही, तारकेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, भाई अरूण कुमार, देवकिशुन ठाकुर, निर्भय कुमार अम्बेदकर, प्रमोद कुमार राम, कुमर राय, उपेन्द्र चन्द्रवंशीसहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे।

# सुशील मोदी राजनीति के अद्भुत व्यक्ति : दिलीप जायसवाल

## श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा जयंती समारोह का आयोजन

● सुशील मोदी के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरतः सम्राट चौधरी

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान द्वारा आयोजित बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. सुशील कुमार मोदी के जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्व. सुशील कुमार मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम के दौरान सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष संजय गुप्ता और अन्य ने आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सुशील मोदी अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे। वे राजनीति के अद्भुत व्यक्ति थे और राजनीति के सूक्ष्म पहलू को समझने और पहचानने का प्रयास करते थे। जब उन्हें किसी चीज को जानने की जरूरत होती थी तो उससे संबंधित व्यक्ति से जरूर वह समझने की कोशिश करते थे, ये उनकी बड़ी खूबी थी। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन में विरोधी दल के नेता के रूप में उन्होंने बाघ की तरह चिंघाड़ने का काम किया। श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि आज उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बिहार के वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि उन्होंने विभाग में ऐसा बनाया है कि सब कुछ आंकड़ा तुरंत तैयार हो जाता है। इस मौके पर दिवंगत सुशील मोदी की पत्नी जे सी मोदी और उनके पुत्र भी पहुंचे। उनकी पत्नी ने भावुक होकर भाजपा के सभी कार्यकताओं को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस मौके पर भावुकता में उनके कई संस्मरणों को सामने रखा। कार्यक्रम संयोजन और अध्यक्षता संजय गुप्ता ने किया जबकि संचालन दीपक अग्रवाल, हेमलता वर्मा, राजेश झा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन जेसी मोदी ने किया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, मंगल पांडे, राधामोहन सिंह, अश्विनी चौबे, रामकृपाल यादव, प्रेम कुमार, शाहनवाज हुसैन, रविशंकर प्रसाद, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, तारकिशोर प्रसाद, हरेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, सह मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, अमित प्रकाश बबलू, प्रवक्ता अरविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। देह दधीची संस्थान के पांच लोगों को मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुशील मोदी की जीवनी पर प्रदर्शनी लगाई गई और कार्यक्रम की शुरूआत स्व. सुशील जी की जीवनी पर डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई।

# अपने समय के अत्यंत लोकप्रिय गीतकार थे सरयू सिंह सुंदर, नृत्य-ऋषि थे डा नगेंद्र प्रसाद मोहिनी



● जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ समारोह, दी गयी काव्यांजलि

पटना। अंधेरी निशा में नदी के किनारे, धधक कर किसी की चिता जल रही है कपोलों पर सिसक कर सो गए हैं नयन के काजल/ आए तुम मगर परदेस से फिर आ गए बादल-स्वदेश के पहरेदारों और हिमालय बड़ा करो/ या तिब्बत में आगे बढ़कर नया हिमालय खड़ा करो!, जैसे गीतों के अमर रचनाकार सरयू सिंह सुंदर अपने समय के अत्यंत लोकप्रिय कवि थे। गीतों के राजकुमार के नाम से विख्यात हुए महान गीतकार गोपाल सिंह नेपाली के बाद चंपारण के जिस कवि ने साहित्य संसार का ध्यान अपनी ओर खींचा वो सुंदर ही थे। उनका व्यक्तित्व और साहित्य दोनों ही उनके नामानुसार सुंदर था। दूसरी ओर मोहिनी छवि वाले नृत्याचार्य डा नगेंद्र प्रसाद मोहिनी शास्त्रीय नृत्य के एक महान आचार्य ही नहीं, संगीत-साहित्य में अपना अप्रतिम योगदान देने वाले एक ऋषि थे।

यह बातें रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-समारोह और कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि मोहिनी जी कला को समर्पित एक ऐसे कलाकार थे, जिन्हें ईश्वर ने अपने समस्त सारस्वत वैभव से परिपूर्ण किया था। वे नृत्य-शास्त्र में पी एच डी की उपाधि प्राप्त करने वाले देश के अंगुली-गण्य आचार्यों में एक थे। सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष और बिहार के पूर्व गृह-सचिव जियालाल आर्य ने कहा कि साहित्य, संगीत और कला के तीनों सारस्वत विधाओं के गुणी साधक थे मोहिनी जी। इस अवसर पर आयोजित काव्यांजलि का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### रेक्षागृह का नाम होगा अटल कला भवन : सीएम

मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दाउदपुर कोठी में पीएचईडी के 3 एकड़ जमीन पर बनने वाले प्रेक्षागृह का नाम अटल कला भवन रखने की घोषणा की गई। माननीय मुख्यमंत्री बिहार के कर कमलों द्वारा प्रेक्षागृह का आज कार्यारंभ किया गया है। विदित हो कि मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत कांटी के दाउदपुर कोठी में लगभग 45 करोड़ की लागत से पीएचईडी के 3 एकड़ जमीन पर 2000 क्षमता के प्रेक्षागृह का निर्माण किया जाएगा।

### मालवाहक ऑटो पलटने से महिला जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के रामपुरा मोड़ के समीप मालवाहक टैम्पु पलट जाने से टेंपो पर सवार महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान दरभंगा जिले के सहिवारा थाना क्षेत्र के सहिवारा गांव निवासी शाहजादी खातुन के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों द्वारा जख्मी महिला को निजी अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। वही पुलिस ने घटना से अनभिता जताया।

### 12 लीटर देशी शराब बरामद

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर के गाढ़ा टोला से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 12 लीटर देसी शराब बुढ़ी गंडक नदी किनारे से बरामद किया है। वही गिरफ्तार कारोबारी की पहचान मुक्तापुर गाढा टोला निवासी रामा सहनी के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। वही थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

### सिमरी में प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत करेंगे जदयू कार्यकर्ता

सिंहवाड़ा(दरभंगा) ।11जनवरी को प्रस्तावित प्रगति यात्रा में दरभंगा व सिमरी आगमन पर मुख्य मंत्री नीतीश कुमार का जदयू कार्यकर्ता जगह जगह स्वागत करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को सिमरी पंचायत सरकार भवन परिसर आयोजित किया गया।जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल मंडल ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को बिहार सरकार की जन कल्याणकारी योजना धरातल पर देखने व कार्य की प्रगति को लेकर मुख्य मंत्री नीतीश कुमार गांव गांव भ्रमण कर रहे हैं। 11जनवरी का दिन मिथिलांचल को गौरवान्वित कर इतिहास रचने का काम करेगा।यह सौभाग्य की बात है कि सिमरी पंचायत सरकार भवन, तालाब का सौन्दर्यीकरण, कस्तुरबा उच्च विद्यालय, अल्पसंख्यक छात्रवास, वृहद आश्रय गृह, खेल मैदान का लोकार्पण व महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास होगा।जदयू जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ,जिला महासचिव बदर आजम हाशमी, दीदार हुसैन चांद ,विजय चलान,गणेश चौबे,प्रवेज आलम, चांद हमीद,सुनील राम,मोहम्मद शाहिद,ने कहा कि सीएम के स्वागत को लेकर स्थानीय स्तर पर कमेटी का गठन हो। जगह जगह तोरणद्वार,व पार्टी का झंडा,पोस्टर,बैनर, होर्डिंग लगा कर विकास योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा।मुख्य पथ के किनारे सजावट को लेकर स्थानीय जदयू कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई है।मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव राज कुमार झा,जिला महासचिव दिन होगा। मौके सुरेंद्र राम, नुनू भगत,सलाम तल्ला, जफर, अखिलेश सिंह, राज कुमार दास, अनिल चौधरी आदि उपस्थित थे।

### ठंड से लड़ते बेबस लोगों को औसेफा ने दिया गर्म वस्त्र का सहारा गर्म कपड़े पाकर लोगों के चेहरे पर खिली मुस्कान

समस्तीपुर। ठिठुरते हुए ठंड में अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन ने झुग्गी झोपड़ी स्लम बस्ती में रह रहे लोगों के बीच ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्र का वितरण किया। गर्म कपड़े पाकर महिलाएं एवं बच्चें काफी खुश दिखें। इस अवसर पर औसेफा के निदेशक देव कुमार ने कहा कि बढ़ती हुई ठंड में अपने साथ-साथ बच्चों का भी ठंड से बचाव करें। मौके पर परियोजना प्रबंधक प्रेरणा कुमारी, रानीचरी देवी, पवन देवी, हीरा देवी, नीतू देवी, शारदा देवी, सीईओ, कोर्डिनेटर आदि थे।

# मुख्यमंत्री ने दिया जिले को 500 करोड़ की योजनाओं का सौगात

● शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर होगा बैरिया बस स्टैंड

प्रात :किरणसंवाददाता




मुजफ्फरपुर। प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुजफ़्फरपुर पहुंचे । मुशहरी प्रखंड के नरौली में आश्रय गृह ,बालिकागृह , दोनों संस्थानों के सुपरिटेंडेंट और कर्मचारियों के आवास सहित पंचायत सरकार भवन और आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया ।अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई योजनाओं की घोषणा करते हुये कहा कि मुजफ्फरपुर जिले में सब तरह के काम करा दिये हैं , लेकिन हमें जानकारी मिली है कि मुजफ्फरपुर शहर में ट्रैफिक जाम की बहुत समस्या है इसके लिए मुजफ्फरपुर के पूर्वी भाग में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा, इससे जाम की समस्या दूर होने के साथ-साथ सीतामढ़ी, दरभंगा एवं नये राष्ट्रीय उच्च पथ-527 (सी.) की ओर जाने में समय की काफी बचत होगी।. रामदयालु चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए गोबरसही एवं रामदयालु नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर आर०ओ०बी० का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा। साथ ही मधौल-रामदयालु पथ का चौड़ीकरण भी किया जायेगा।सकरा के सबहा चौक से मरीचा तक पथ का निर्माण कराया जायेगा। यह पथ बहुत ही महत्वपूर्ण है। चाँदनी चौक से बखरी रोड बाईपास सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जायेगा। चाँदनी चौक से भगवानपुर चौक तक पुल सहित सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। उन्होंने मुजफ्फरपुर जिले में कई सड़को के निर्माण के साथ- साथ शहर के बहुप्रतीक्षित चंदवारा पुल के पहुँच पथ के निर्माण कराने की भी घोषणा की। साल 2023 में नाव दुर्घटना में 10 लोगों की मौत भटगामा - मधुरपट्टी के बीच बागमती नदी में डूबने से हो गई थी । मुख्यमंत्री ने कहा कि गायघाट प्रखंड के भटगामा से मधुरपट्टी घाट पर पुल का निर्माण कराया जायेगा।इसी तरह बाढ़ प्रभावित औराई प्रखंड के घनश्यामपुर पंचायत अंतर्गत तकिया टोला एवं मथुरापुर पंचायत के सुन्दरखौली में तीन पुलों का निर्माण कराया जायेगा। बंदरा प्रखंड अंतर्गत बड़गांव से शंकरपुर तक पथ का निर्माण कराया जायेगा।साथ ही मुजफ्फरपुर के बैरिया बस स्टैण्ड का नाम अमर शहीद बैकुण्ठ शुक्ल के नाम पर किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए बताया कि इन सभी कार्यों को करा दिया जायेगा और इसके अतिरिक्त मुजफ्फरपुर जिले में और कोई भी जरूरत होगी, उसको भी कराया जायेगा। उन्होंने कहा, सरकार लगातार काम कर रही है और हर क्षेत्र में विकास का काम हो रहा है, आगे और तेजी से काम होगा। इसके लिए आप सबको बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ। कुल मिलाकर सीएम ने अपनी इस प्रगति यात्रा में मुजफ्फरपुर के लिए इस चुनावी वर्ष में उन सभी योजनाओं को पूरा करने की घोषणा से यहां की जनता को आश्वस्त कर दिया जो हर चुनाव में मुद्दे बनते थे ।

## हम लगातार बिहार को आगे बढ़ा रहे हैं: मुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान समाहरणालय सभा कक्ष में जिले में चलाई जा रही विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुजफ्फरपुर जिले कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल , उनका अनुरक्षण, हर घर तक पक्की गली-नाली, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर का निर्माण, मुख्यमंत्री विद्युत कनेक्शन योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को स्वास्थ्य उपकेंद्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से चिकित्सा परामर्श, पशु चिकित्सा डोर स्टेप डिलीवरी एवं पंचायत सरकार भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति व मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हर पंचायत में 10+2 विद्या पंचायत, नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोर्ट्स क्लब का गब पंचायत में खेल का मैदान, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (अवशेष), मुख्यमंत्री योजना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों का गठन, राजस्व पारदर्शिता, दाखिल खारिज , परिमार्जन , परिमार्जन प्लस एवं जल-जीवन-हरियाली, जीर्णोद्धार कराए गए सार्वजनिक कुओं, पोखर तथा तालाबों की अद्यतन स्थिति की मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां उपस्थिता प्रतिनिधियों का मैं स्वागत करता हूं। आज मैंने कई जगहों पर जाकर लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुआ हूं। काफी अच्छा काम हुआ है। इस बैठक में आप सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की जो समस्याएं रखीं हैं, उसका समाधान किया जाएगा ।उन्होंने कहा, नवंबर, 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों मे लगातार विकास का काम किया जा रहा है। वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत खराब थी। शाम के बाद लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते थे। अस्पताल का इंतजाम नहीं था, सड़कें जर्जर थीं। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का म तब से बिहार की स्थिति काफी बदली है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। हमलोग एकजुट रहकर बिहार को आगे बढा रहे हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में हम दो बार मंत्री रहे हैं। हम दो बार गलती से उधर चले गए थे। अब ऐसा नहीं होगा। हमलोगों ने जो विकास का काम किया है उन्हें आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के बताएं। हमलोगों को काम करने में यकीन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू की थी। अब तक 8 हजार से अधिक कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी गई है। शेष की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा।

## पंचायत समिति की बैठक में ढाई करोड़ के करीब की योजना पारित




विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड पंचायत समिति की सामान्य बैठक शनिवार को प्रखंड पंचायत समिति सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने की। संचालन कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रमोहन पासवान ने की। बैठक में ढाई करोड़ के करीब योजनाओं का चयन किया गया। बैठक में आसीडीएस, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, आरटीपीएस, अंचल कार्यालय आदि के कार्यों की समीक्षा की गयी। पंचायत में राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक का प्रतिनियोजन समाप्त करने, अंचल कार्यालय में आरटीपीएस के आवेदकों को राजस्व कर्मचारियों की अनुपस्थिति में राजस्व अधिकारी के द्वारा आवेदन पर हस्ताक्षर करने, आसीडीएस कार्यालय में दो माह के पोषाहार वितरण को मात्र एक माह का वितरित किये जाने की जांच को लेकर 5 सदस्यीय कमिटी गठित करने तथा आशा बहु चयन की प्रकिया से संबंधित दस्तावेज व सीडी प्रमुख कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। मौके पर सीओ रणधीर रमण, बीपीआरओ चंदन कुमार, पीओ जितेंद्र कुमार, मुखिया भोला शंकर दास, मनोज यादव, रणजीत महतो, प्रभात प्रसून, राज कुमार शर्मा, राम प्रवेश राय, चन्द्रमणि सिंह, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी, पूर्व प्रमुख निर्मला किशोर एवं कृष्णा कुमारी, पूर्व उपप्रमुख राम नाथ राय एवं निरंजन कुमार मुकेश, डॉ लालबाबू पंडित, मिथिलेश कुमार सिंह, सत्यभामा देवी, बबीना देवी, जितेंद्र कुमार, प्रभात कुमार आदि मौजूद थे।

## सामाजिक परिवर्तन के मुद्दे पर युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।किसी भी राष्ट्र एवं समाज के उत्थान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सामाजिक व्यवस्था में बदलाव के लिए युवाओं को जाति धर्म और कुरीतियों के बंधन को तोड़ना होगा तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के के नए भारत का सपना साकार होगा। सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बलभद्रपुर स्थित सांसद कार्यालय में क्षेत्र तथा दरभंगा नगर से आए युवाओं को संबोधित करते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने युवाओं को शिक्षा, आध्यात्म, परोपकार तथा राष्ट्र निर्माण के लिए सतत जागृत रहने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के अपने लक्ष्य के लिए जागते रहने के संदेशों को आत्मसात करना होगा। सांसद डा ठाकुर ने युवाओं को बौद्धिक संवाद, ऐतिहासिक धरोहरों को जीवंत रखने के सतत पहल तथा कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए आगे आने का आग्रह करते हुए कहा कि जब तक देश की युवा शक्ति जागृत नहीं होगी तब तक विकसित भारत का सपना साकार नहीं होगा ।सांसद डा ठाकुर ने युवाओं से व्यवस्था में बदलाव लाने के लिए प्राचीन कुरीतियों के खिलाफ समाज में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान करते हुए कहा कि बाल विवाह दहेज प्रथा नशा अंधविश्वास जैसी कुरीतियों को समाप्त किए बिना आधुनिक भारत के निर्माण का संकल्प पूरा नहीं किया जा सकता। इस मौके पर भाजयुमो दरभंगा नगर मंडल के द्वारा सांसद डा ठाकुर को पाग अंगवस्त्र तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर सौरभ सुमन,प्रदीप सिंह,जितेन्द्र मिश्रा,शशिभूषण चौधरी नेहरू,रविरंजन चौधरी,प्रभाष आनंद झा, पवन कुमार, कृष्णा पासवान,गौतम कुमार झा आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी लेट्स इंस्पायर बिहार मधुबनी अध्याय एवं क्रिब्स हॉस्पिटल मधुबनी के सहयोग से निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर एवं सदर अस्पताल मधुबनी और डीएमसीएच पीएमसीएच के सहयोग से आयोजन रहिका के मिडिल स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके लेट्स इंस्पायर बिहार मधुबनी अध्याय के मुख्य संरक्षक कैलाश भारद्वाज ने कहा कि क्षेत्र में निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर की तारीफ करते हुए कहा कि इस छोटे से शहर ग्रामीण में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन अभी के समय में बहुत ही बढ़िया प्रयास है ।इस शिविर में भाग ले रहे मेडिसिन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, महिला डॉक्टर नेत्र रोग विशेषज्ञ चर्म रोग विशेषज्ञ के द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप से सैकड़ो लोगो को इलाज कर उचित परामर्श दिया गया ।लगभग मरीजों की निःशुल्क मेडिकल जांच कर उन्हे परामर्श दिया गया। इसके साथ ही मुफ्त दवा का वितरण भी किया जा रहा हैं ।डॉ अनीता झा जिला समन्वयक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं खुल कर सामने नहीं आती और अच्छे इलाज के सक्षम नहीं होती इसीलिए हम लोग महिला डॉ को भी बुलाए है इस निःशुल्क मेडिकल जांच में कि आस पास कि महिलाएं आए और इलाज कराएं और करवा रहे है। वही राजू झा जिला समन्वयक सह संगठन प्रभारी ने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति उचित जागरूकता नही है लोग छोटे छोटे समस्याए को बिना डॉक्टर से सलाह लिए हुए ग्रामीण चिकित्सक से दवाई ले लेते है और उसका परिणाम होता कि वो एक गंभीर बीमारी का शिकार हो जाते है इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना इस शिविर में विभिन्न प्रकार का जांच कर लोगों को उनके शारीरिक समस्याओं का जानकारी देना और उचित सलाह दे उनको जागरूक करना है ।डॉ उदयभूषण निराला, डॉ कुणाल कौशल, कैलाश भारद्वाज, डॉ अनिता झा, राजू झा, काजोल पूर्वे, रीना सर्राफ , सुनीता गुप्ता, पिंकी भारद्वाज , कृष्णा, नीलेंद्र चौधरी, अरुण राय मेयर ,रीजनल सेकेंडरी स्कूल के ड्रेक्टर डॉ राम श्रृंगार पांडे , डॉ मीनाक्षी, डॉ पीयूष परिमल , सुमन महासेठ आदि मौजूद थे।

## जयनगर श्री कृष्ण गौशाला सोसायटी का चुनाव प्रशासन के चौकसी के बीच शांति पूर्ण सम्पन्न






● लगभग 70 प्रतिशत हुआ मतदान एसडीएम डीएसपी ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लिया जाएजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर स्थित श्री कृष्ण गौशाला सोसायटी के कार्यकारिणी का मतदान रविवार को प्रशासन के चौकसी के बीच शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। निष्पक्ष शांति पूर्वक मतदान कराने को लेकर प्रशासन कटिबद्ध व पूरी तरह चौकस रहे। मतदान को लेकर सामुदायिक प्रशिक्षण भवन के परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए गये थे। एसडीएम वीरेन्द्र कुमार डीएसपी विप्लव कुमार सीओ कुमारी सुजाता शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान को लेकर मतदान केंद्र का निरीक्षण कर जाएजा लेते रहे। मतदान केंद्र पर मतदानकर्मी व पोलिंग एजेंट मौजूद रहे। ठंड के बावजूद सुबह से मतदान को लेकर मतदाता उत्साहित दिखे। मतदान केंद्र पर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती रही। लगभग 17 मतदाता है 09 कार्यकारिणी सदस्य के लिए मतदान हुआ। सदस्य के चुनाव को लेकर कुल 16 उम्मीदवार मैदान में है। मतदाताओं ने मत देकर उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर दिया है। आज सोमवार को मतगणना होगा। श्री कृष्ण गौशाला सोसायटी के पदेन अध्यक्ष एसडीएम है ।पदेन अध्यक्ष पद पर एसडीएम पद स्थायी है।09 सदस्य के लिए लगभग 70 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी दी गई। 09 सदस्य सोसायटी के सचिव कोषाध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद का चयन करेगे।

## सीएम के संभावित कार्यक्रम को ले विशेष चौकसी बरते पुलिस पदाधिकारी : डीएसपी विप्लव कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिला क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर को रविवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय कक्ष में डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारी के साथ विशेष व अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी थाना अध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारी को सीएम नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला बॉर्डर क्षेत्र होने को लेकर विशेष चौकसी बरतने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्षो से क्षेत्र के विधिव्यवस्था और लंबित कांडो की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश देते हुए कहा कि बढ़ रहे ठंड कुहासे के मद्देनजर क्षेत्र में दिवा संध्या रात्रि गस्ती सक्रिय रूप से करने गम्भीर और लम्बित कांडो का निष्पादन जल्द से जल्द करने बैंक बाजार सोना पट्टी समेत क्षेत्र में गश्त बढ़ाने । बॉर्डर क्षेत्र को ले लोगों के आवागमन व असमाजिक तत्वों पर रखें पैनी नजर रखने आसूचना संकलन करने क्राईम कंट्रोल और शराब एवं मादक पदार्थो की धर पकड़ अभियान के तहत करें। चौकीदारो को भी विशेष दिशा निर्देश देने। पुलिस पदाधिकारियों को अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर कार्यों का सही से निर्वहन करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र होने को लेकर क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने और अपराध नियंत्रण को ले सूचना तंत्र मजबूत करते हुए लंबित कांडो का जल्द से जल्द निष्पादित करते हुए समकालीन अभियान के तहत अपराधियों की धर पकड़ में तेजी लाते हुए गिरफ्तारी करे।

फरार वारंटियो की गिरफ्तारी सीमांचल क्षेत्र होने की वजह से असमाजिक और अवांछित लोगो पर पैनी नजर रखने मध निषेध कानून को प्रभावी रूप से लागू करते हुए शराब मामले में अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन प्रहार के तहत शराब तस्करों और कारोबारियों एवं शराबियों को गिरफ़्तारी करने शराब जब्ती में तेजी लाने नशीला पदार्थ वस्तुओं के कारोबार से जुड़े लोगो की पहचान कर नकेल कसते हुए सख्ती से पालन करते हुए धर पकड़ करने और कार्रवाई करने । अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष चौकसी व सतर्कता बरतने ठंड और कुहासे को लेकर सक्रिय रूप से क्षेत्र में निरन्तर दिवा संध्या और रात्रि गश्ती बढ़ाने और जारी रखने। क्षेत्र में स्थान बदल बदल कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने, लंबित कांडों का निष्पादन जल्द करने , थाने में हर माह में एक दफे गुंडा परेड करवाने, कुर्की ,एससी एसटी और पोक्सो में कार्रवाई करने समकालीन अभियान के तहत गिरफ्तारी करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही शराब मामले में की गई कार्रवाई में कितने घरो जगहो को सील किया गया , कितने वाहनो की जब्त किया गया, कितने कुर्की जब्ती वारंट का निष्पादन किया गया। इसकी भी समीक्षा की गई। असमाजिक तत्वों व उपद्रवियों विधिव्यवस्था भंग करने वाले पर कड़ी नजर रखते हुए गुंडा पंजी नाम जोड़ने । कार्यो के प्रति जवाबदेह और तत्तपर रहें कार्यो में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नही कि जायेगी किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जाँच कर विधिसम्मत निश्चित रूप से करवाई की जाएगी एवं अन्य कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण को ले चौकीदारों को भी सभी थाना अध्यक्ष क्षेत्र में भर्मण करने और सूचना तंत्र मजबूत करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने को कहा गया। वही बोर्डर क्षेत्र होने को ले एसएसबी नेपाल पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से बॉर्डर क्षेत्र में पेट्रोलिंग करने का भी निर्देश दिया गया। थाना पर फरियादो के साथ कुशल व्यवहार अपनाते हुए उनके समस्याओं का भी निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीएसपी विप्लव कुमार ने बताया कि जिला क्षेत्र में सीएम के सम्भावित कार्यक्रम को लेकर एसएसबी के साथ भी बैठक की जाएगी।

## ब्रह्म ज्ञान प्राप्त कर इस जगत में रहते हुए भी मानव से महामानव बना जा सकता है : स्वामी यादवेंद्रानंद

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान( दरभंगा ) ।मानव से महानव बनाने की युक्ति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा की ब्रह्म ज्ञान प्राप्त कर इस जगत में रहते हुए भी मानव से महा मानव बना जा सकता है। जैसे देवाधिदेव महादेव ने त्रिपुरारी रूप धारण कर त्रिपुर दहन किया था और देवताओं को त्रिपुरासुर के आतंक से मुक्त किया था। इसी प्रसन्नता में देवों ने स्वर्ग में दीपावली मनाया था। उक्त वातें उच्च विद्यालय कुशेश्वरस्थान के मैदान में रविवार को दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की और से आयोजित श्री राम चरित मानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस में कथा पांडाल में सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी यादवेंद्रानंद जी ने बताते हुये कहा की ये त्रिपुर प्रतीक हैं सत्व, रज, और तम के त्रिगुणों के, जिन्होंने हमारी देह राज्य पर आधिपत्य स्थापित कर सद्गुणों को निष्कासित कर दिया है। पूर्ण सद्गुरु वो क्रोधाजित महायोगी होते हैं. जो साक्षात शिव रूप धारण कर हमारे भीतर आदि नाम के सुमिरन बाण से इन तीनों गुणों का अंत कर देते हैं। और अपने शिष्य को त्रिगुणातीत अवस्था प्रदान करते हैं। उसके बाद साधक के भीतर भी सद्गुणों के दीप जगमगाते हैं, और वह पूर्ण ब्रह्म में स्थित हो जाता है। अतः देव दीपावली का पर्व यहीं सन्देश देता है कि हम भी अपने जीवन में एक ऐसे सदगुरु का आश्रय ग्रहण करें जो हमारी श्वांसों के भीतर उस आदिनाम का सुमिरन प्रकट कर हमें ब्रह्म में स्थित कर दें। दिव्य गुरुदेव सर्व श्री आशुतोष महाराज जी ब्रह्मज्ञान के माध्यम से आज समाज में प्रत्येक व्यक्ति को वहीं आदिनाम का बाण प्रदान कर उन्हें देवत्व की ओर अग्रसर कर रहें हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान इसी ब्रह्मज्ञान के लिए समाज के हर वर्ग का आह्वान करता है। जिससे जन-जन में दैवीय गुणों यथा ऐक्य, शांति, प्रेम व सद्भावना का संचार कर इस धरा को ही स्वर्ग बनाया जा सके। अतः देव दीपावली का पर्व यही सन्देश देता है कि हम भी अपने जीवन में एक ऐसे सदगुरु का आश्रय ग्रहण करें जो हमारी क्षांसों के भीतर उस आदिनाम का सुमिरन प्रकट कर हमें ब्रह्म में स्थित कर दें। वही कथा के विश्राम के बाद। विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रोता बंधुओं की आंखें नम हो गई हँसता हुआ माहौल गमों में बदल गया। क्योंकि संतो से कोई भी मनुष्य विच्छुर ना नहीं चाहता है। आज 30 लोगों को यह ब्रह्म ज्ञान ईश्वर का दर्शन हुआ। यह कार्यक्रम सभी नगर वासी एवं ग्राम वासीयों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। साथ ही विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें 5000 लोगों ने भंडारा ग्रहण किए।

## एसपी योगेन्द्र कुमार के द्वारा जयनगर थाना का औचक निरीक्षण कर क्षेत्र भर्मण कर लिया जाएजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार शनिवार की शाम जयनगर पहुंचे। एसपी योगेन्द्र कुमार जयनगर पहुच कर जयनगर थाना का औचक निरीक्षण कर जाएजा लिया और विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बॉर्डर क्षेत्र होने को लेकर पैनी नजर रखने और बढ़ रहे ठंढ़ व कुहासे को देखते हुए क्षेत्र में सघन गश्त करने। रोको टोको व वाहन चेकिंग अभियान के तहत करने। विधिव्यस्था बनाये रखने विशेष सतर्कता की जरूरत है अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। क्राइम कंट्रोल तथा शराब मादक पदार्थ धंधेबाजो पर नकेल कसना निरंतर जारी रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लंबित कांडों का निष्पादन जल्द करने। अभियान के तहत फरार वारंटियों , वांक्षित अपराधियों की गिरफ्तारी करने का भी निर्देश दिया। सूचना तंत्र और टीम वर्क के तहत कार्यो का निष्पादन करे। आम जनो की सुरक्षा और क्षेत्र में विधि व्ययस्था और शांति बनाये रखना हमारी पहली प्राथमिकता है । असमाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने। हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियो के तहत कार्यों निर्वहन करें। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी पैनी नजर और जानकारी रखें। जेल बन्द अपराधियों को भी जमानत पर रोक लगाने की प्रक्रिया को अपनाने हैं जिससे विधिव्यस्था बनी रहें। बैंकों में चेकिंग और आसपास भी गस्त लगाये। बैंको में बिना कार्यों के संदिग्ध लोग दिखने पर गहन पूछ ताछ और जाच करे। सीमांचल क्षेत्र होने के कारण असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने अपराध नियंत्रण को लेकर दिवा संध्या साथ ही रात्रि के कारण सम्भावित अपराध की सम्भावनाओं के बावत र गश्ती बढ़ाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिये। थाना के निरीक्षण के पश्चात एसपी योगेन्द्र कुमार के द्वारा पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के बाजार का भर्मण कर जाएजा लिए। बाजार के निरीक्षण के क्रम में बाजार के कमला रोड के समीप स्थित पुलिस पिकेट का भी निरीक्षण कर जाएजा लिया। उन्होंने पुलिस पिकेट के चारों ओर सीसीटीवी लगाने, पिकेट पर पुलिस बल की तैनाती सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में मुख्यालय डीएसपी रश्मि कुमारी, जयनगर डीएसपी विप्लव कुमार, थानाध्यक्ष अमित कुमार, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर संजय सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल शामिल रहे।

## अनमोल रत्न मोती की खेती देखने पहुंचे थानाध्यक्ष आनंद कश्यप



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मोती दुनिया का दूसरा अनमोल रत्न है। जिसकी कोई कीमत निर्धारित नहीं होता है। इस मोती की खेती सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के शिवनाथपुर स्थित अभिषेक नर्सरी परिसर में शिप पालन कर दिया जा रहा है। मोती की खेती को उत्सुकता पूर्वक देखने के लिए विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप शनिवार को शिवनाथपुर स्थित अभिषेक नर्सरी पहुंचे। जहां मोती की खेती को देखा एवं किसान रामनाथ सिंह से विस्तृत जानकारी ली। किसान रामनाथ सिंह ने बताया कि एक कहावत कहा जाता है कि स्वाति नक्षत्र में बारिश का बूंद शिप के मुंह में गिरता है और मोती बनता है। लेकिन ऐसा नहीं है शिप के मुंह में ठोस पदार्थ फंस जाने पर शिप द्वारा नेकर नामक तरल पदार्थ ठोस न्यूक्लियस पर जम जाने से मोती बनता है। मौके पर मनोज कुमार, कुणाल कुमार, सुनील कुमार साह, छोटेलाल आदि मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 06 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### चार युवक की मौत मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

जमुई [ झाझा ] बीते 2 जनवरी को झाझा नारगंजो मुख्य मार्ग स्थित चिरैया पहाड़ के पास डीजे वाहन पलटने से सतीघाट के चार युवकों की मौत हो जाने के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाना में प्राथमिक दर्ज हुई है। मो. वारिश ने दर्ज आवेदन में बताया कि घटना में मारे गए मृतक मो. किताबुल, मो. तबरेज, मो. चांद, मो. अरमान के अलावे मो. शमीम, मो. हसनैन, मो. साहिल, मो. इरफान, मो. आफताब, मो. इरफान, मो. तोहिद, मो. साहिल नारगंजो के जंगल से पिकनिक मनाकर घर लौट रहा था ज्योंही चिरैया पहाड़ के समीप ढलान में पिकअप पहुंचा तभी सामने से आ रही एक पिकअप चालक की लापरवाही के कारण डीजे बंधा पिकअप में सट गया जिससे डीजे बंधा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया और इस घटना में गांव के चार युवक की मौत हो गई।

### बालू लदा ट्रैक्टर के साथ चालक हुआ गिरफ्तार

जमुई [ झाझा ] अवैध तरीके से बालू उठाव करने वालों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि शैर गांव स्थित बालू घाट से अवैध तरीके से बालू का उठाव हो रहा है जिसके बाद पुलिस मौके स्थल पर पहुंची और वाहन को जब्त किया। इस दौरान चालक भागने की कोशिश किया लेकिन पुलिस बल के द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान पताव गांव निवासी आशीष कुमार के रूप में हुई है।

# अज्ञात अपराधियों ने जनवितरण प्रणाली के विक्रेता की गला काट कर की हत्या

## आस-पास के इलाकों में फैली सनसनी, लोगों में दहशत

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई :- जिले के सिकंदरा प्रखंड के खरडीह गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। अज्ञात अपराधियों ने एक अधेड़ व्यक्ति की सर काटकर हत्या कर दी। यह घटना कल रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान शिवनंदन महतो के रूप में हुई है, जो स्थानीय डीलर थे और खलिहान में सोने जाया करते थे। जिसमें मृतक शिवनंदन महतो का रात के अज्ञात समय में हत्या की गई है। घटना की जानकारी उस समय हुई जब सुबह ग्रामीणों ने खलिहान में मृतक का शव देखा और परिजनों को सूचना दी। वहीं पुलिस की कार्रवाई में सिकंदरा थाना प्रभारी मिंटू सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मौके पर एसडीपीओ सतीश सुमन भी पहुंचे। जांच को लेकर डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया जिसमें डॉग स्क्वॉड का उपयोग करते हुए घटना स्थल पर खोजी कुत्तों का उपयोग किया गया ताकि अपराधियों के सुराग मिल सकें। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घटना स्थल पर मृतक के खून के निशान और संघर्ष के संकेत मिले हैं। मृतक के परिजनों का कहना है कि शिवनंदन महतो की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उनकी हत्या क्यों और किसने की, यह समझ से बाहर है। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस घटना के बाद इलाके में भय और सनसनी का माहौल है। स्थानीय लोग घटना की निंदा कर रहे हैं और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। प्राथमिक जांच में डॉग स्क्वॉड से भी सहायता ली जा रही है, जिससे अपराधियों के सुराग मिलने की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अगर किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। इस जघन्य घटना ने न केवल परिवार को, बल्कि पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। प्रशासन से उम्मीद है कि जल्द से जल्द हत्या की गुत्थी सुलझाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

## विधिक जागरूकता शिविर में दी गई कानून की जानकारी



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। आशापुर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता मो. नवाज खान ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का गठन गरीब और मजलूमों को निःशुल्क विधिक सेवा मुहैया कराने के लिए किया गया है। हमलोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान के तहत समाज के पिछड़े एवं दलितों को सहज, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राधिकार सहायक कुमार गौरव ने मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि लोग जानकारी के अभाव में चंद पैसे के खातिर वाहनों की बीमा नहीं कराते हैं। जिस कारण दुर्घटना के बाद वाहन मालिकों को पीड़ित व्यक्ति को भारी मुआवजा अदा करना पड़ता है। शिविर में आगामी 8 मार्च को होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी भी दिया गया। मौके पर पैनल अधिवक्ता मो. हैदर अली, पीएलवी टूनटुन दास, हाफिज अब्दुल जब्बार, मो. हैदर अली खान, मो.जसीम खान, बरसाती खान, एहसान खान, हिदायतुल्ला खान, घूरण चौपाल आदि मौजूद थे।

## ब्राह्मण महासभा को मजबूत करने की जरूरत : आशुतोष झा



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की बैठक रविवार को बेनीपुर दुर्गा मंदिर परिसर में प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष कुमार झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि महासभा संगठन को और मजबूत करने की आवश्यकता है। सभी गांव के सक्रिय लोगों को इसका दायित्व सोपा जाएं। वर्तमान में ब्राह्मण की हालत पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आगामी 15 जनवरी को सोनकी में दरभंगा प्रमंडलीय ब्राह्मण को एकजुट करने के लिए सम्मेलन किया जाएगा। बैठक के दौरान जिला के सात प्रखंड के अध्यक्षों को मनोनीत किया गया। केवटी,मनिगाछी गोराबौराम,बिरौल, अलीनगर,बेनीपुर,बहादुरपुर के अध्यक्ष पद पर रमन जी झा,पंकज कुमार झा, रमाशंकर झा,बालकृष्ण आचार्य,रामकिशोर मिश्र, शीलाकांत झा नटवर,राजेश कुमार झा को बनाया गया। बैठक में मकरमपुर के पूर्व सरपंच संतोष चौधरी,चंदन तिवारी,मनोज कुमार झा,रमेश कुमार झा,गणपति झा,मिथिलेश चौधरी,कपिल चौधरी, राजीव कुमार झा आदि सामिल थे।

## बालू लदा ट्रक ने महिला को मारा धक्का, दो बच्चे बाल-बाल बचें

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। तारापुर संग्रामपुर मुख्य मार्ग चन्द्रपुरा के समीप बालू लदा ट्रक चालक का संतुलन बिगड़ने से एक महिला के घायल होने सहित दो बच्चे बाल - बाल बचे गए। घायल महिला घर के सामने दाहिने ओर सड़क पर खड़ी थी।महिला को धक्का मारा महिला की दोनों पर चक्का चढ़ा बच्चा महिला के पास खड़ी थी उसे महिला ने बचाई ली।जबकि एक व्यक्ति दयानंद सिंह डांढ़ में कुदकर अपनी जान बचायी।घायल महिल को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया गया।घायल महिला चन्द्रपुरा गांव के 32 वर्षीय अंजना देवी पति राजेश कुमार सिंह है।एवं 3 वर्षीय घायल का पुत्र एवं गांव के दयानंद सिंह बाल-बाल बच गया।घटना के बाद घायल के परिजनों ने सड़क जाम कर दिया ,जाम के कारण राहगीरों को काफी समस्या उठानी पड़ी और सड़क किनारे दोनों और वाहनों की लम्बी जाम लग गयी। जाम की खबर सुनकर संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची जाम हटाने की बात कहते पुलिस ने एक बच्चे पर हाथ उठा दिया जबकि महिला के साथ धक्का मुक्की की जिससे ग्रामीण और आक्रोशित हो गया।तब संग्रामपुर से और पुलिस बल एवं बीपीआरओं अमरजीत सावरी, मुखिया हरिनंदन यादव थानाध्यक्ष तारकेश्वर कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात-चीत की जिसमें ग्रामीण ने सड़क पर ठोकर एवं घायल महिला की समुचित इलाज की मांग की। जिसमें बीपीआरओ ने लिखित आवेदन देने को कहा जिसपर ग्रामीणों ने जाम हटवाने की बात मानी।वही बालू लदा ट्रक को संग्रामपुर पुलिस ने जप्त कर लिया।

## निःसहाय गरीबों के बीच डीएम ने किया कंबल वितरण

### जिले के सभी प्रखण्डों में अलाव जलाने का निदेश

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । जिले में शीतलहर एवं बढ़ते ठंड को देखते हुए शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा शहर के तीन नंबर गुमटी के निकट स्वयं जा कर गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत क्रियान्वित वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी द्वारा लगभग 60 निःसहाय एवं जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया हैं। इस अवसर पर उप निदेशक सामाजिक सुरक्षा, मुंगेर सत्यकाम एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मी आदि मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में बढ़ते ठंड को देखते हुए आज गरीब लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया है। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे स्थलों का चयन कर गरीब असहाय लोगों को चिन्हित करें ताकि उन्हें भी कंबल वितरित किया जा सके। इसके अलावे कई स्थलों पर ठंड को देखते हुए अलाव की भी व्यवस्था की गई है। ठंड के दौरान प्रत्येक चौक चौराहों एवं रैन बसेरा में अलाव हेतु लकड़ी भी गिराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड में वृद्धि के मद्देनजर आमजनों विशेष तौर पर निःसहाय, वृद्ध, दिव्यांगजनों सहित अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को सहयोग पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज लगभग 60 जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल वितरित किया गया।डीएम द्वारा विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारियों को भी गरीब वृद्ध, निःसहाय एवं दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरित करने का निर्देश दिया गया है, जिसके तहत प्रखंडों में भी कंबल वितरित किया जा रहा है।

## मौसम : किसानों को फसल पर ध्यान देने की सलाह कीटनाशक का छिड़काव करने की सलाह दी गई

- कुहासे के साथ बढ़ी ठंड से आलू की फसल में झूंलसा रोग होने का बढ़ा खतरा,ओस गिरने के कारण गेहूं की फसल का होगा फायदा



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जिले में कुहासे की दस्तक ने ऐसे किसान जो गेहूं व गोभी की खेती किये हैं उन्हें चेहरे पर खुशी लौट आई है। किसान दरोगी पासवान कि माने तो उनका साफ कहना है कि कुहासे से गेहूं के पौधे का जो विकास धीमी थी उसमें तेजी आएगी। तो वही आलू के खेती करने वाले किसान को बढ़ती ठंड व कुहासे से झुलसा रोग का खतरा बढ़ गया है। वही मौसम विभाग की माने तो उनका मानना है कि मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान यह है कि चार से 10 जनवरी के बीच इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों के आसमान में कहीं-कहीं हल्के बादल आ सकते हैं। हालांकि मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वातावरण में अधिक नमी तथा पछिया हवा चलने के कारण पिछले दो दिनों से ठंड की स्थिति बनी हुई है। अगले दो दिनों तक पछिया हवा चलने के कारण ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। अधिक नमी तथा सामान्य से कम तापमान के प्रभाव से उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों में अगले दो दिनों तक सुबह में हल्के से मध्यम कुहासे छा सकते हैं। जबकि अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूर्वनुमानित अवधि में औसतन चार से 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से अगले दो दिनों तक पछिया हवा चलने की भी संभावना है। उसके बाद के पूर्वनुमानित अवधि में पुरवा हवा चलने की संभावना है। किसान आलू,मटर,टमाटर,धनिया, लहसुन एवं अन्य रवि फसलों में कृषक भाई झुलसा रोग की निगरानी करें। बदलीनुमा मौसम तथा वातावरण में नमी होने पर यह बीमारी फसलों में काफी तेजी से फैलती है। इस रोग में फसलों की पत्तियों के किनारे व सिरे से झुलसना प्रारंभ होती है। जिसके कारण पूरा पौधा झुलस जाता है। इस रोग के लक्षण देखने पर 2.5 ग्राम डाई-इथेन एम 45 फफूदनाशाक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर समान रूप से फसल पर 2-3 दिन छिड़काव 10 दिनों के अंतराल पर करें। नवंबर से शुरू में बोयी गई रची मक्का की फसल जो 55 से 60 दिनों की अवस्था में है। इन फसलों में 50 किलोग्राम नेत्रजन उर्वरक का व्यवहार कर मिट्टी चढ़ावे। मक्का की फसल में तना बेधक कीट की निगरानी करें। इसकी सूड़ियां कोमल पत्तियों को खाती है तथा मध्य कलिका की पत्तियों के बीच घुसकर तने में पहुंच जाती है। तने के गुट्टे को खाती हुई जड़ की तरफ बढ़ती हुई सुरंग बनती है जिससे मध्य कलिका बाद में सूख जाती है। एक ही पौधे में कई सूड़ियां मिलकर पीयें को खाती है। इस प्रकार फसल को यह काफी नुकसान पहुंचाती है। फसल में फोरेंट 10 जी या कार्बोफयूरान 3 जी का 7-8 दाना प्रति गाभा प्रति पौधा दें।

## वार्डवासियों के बीच वार्ड सदस्य ने बैठक कर कई बिंदुओं पर की चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 के वार्डवासियों के साथ वार्ड सदस्य विकास शर्मा के द्वारा यक्षराज स्थान समीप वनभोज सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड सदस्यों ने अपने वार्ड में विकास से चल रही योजनाओं को जानकारी देते हुए युवाओं के शिक्षा पर जोर दिया। वार्ड सदस्य ने बैठक में चर्चा करते हुए कहा कि वार्ड में वैसे लोग जो असहाय है उनके बच्चों के लिए शिक्षा अत्यंत ही जरूरी है इसलिए शिक्षा से वैसे बच्चें वंचित न हो इसके लिए एक अलग सूची बनाई जाएगी और उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाएगा। वार्ड सदस्य ने आगे कहा की वार्ड में वैसे लोग जो अत्यंत ही असहाय है और उनके पास भवन नही है उनलोगों को पीएम आवास योजना के लाभ से जोड़ा जाएगा इसके अलावे बढ़ती ठंड में लोगों के बीच अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे कम्बल वितरण की बात भी वार्ड सदस्य ने कहा। वार्ड सदस्य ने कहा कि वार्ड में जिनलोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो वे सीधे हमसे आकर संपर्क करे। बैठक में गुंजन कुमार गुंजन, मधुवीर कुमार, संतोष कुमार, मनोज यादव, रवि कुमार सहित वार्ड के कई लोग मौजूद थे।

## आदर्श युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव बाल सह युवा जागृति समारोह को लेकर कि गई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] प्रखंड अंतर्गत बैजला पंचायत के बैजला गांव के बाल संस्कार शाला केंद्र मध्य विद्यालय प्रांगण में आदर्श युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव बाल सह युवा जागृति समारोह को लेकर युवा शक्ति को एक जुट कर विशेष बैठक आयोजित की गई। आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि बैजला के उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान में 19 जनवरी 2025 दिन रविवार सुबह 9:30 बजे से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई दिया दिल्ली और संभवम् कअर एकेडमी के चीफ कोर्डिनेटर, यूथ मोटिवेटर. मैनेजर एट हिटैची इनर्जी मनीष कुमार सिंह और पटना के फेमस शिक्षक रहमान सर का का शुभ आगमन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार पूरे जिले भर में जोर शोर से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठा होने जा रहा है। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी दिखाए जाएंगे जिसमें बिहार झांकी बहुत ही मनोरंजक, आकर्षक और प्रेरणास्पद है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है: युवा शक्ति अपने आप को मजबूत कैसे करें, छात्र जीवन में अध्यात्म की क्या आवश्यकता है,तनाव से कैसे बचें, रिजल्ट ओरिएंटेड पढ़ाई कैसे करें,समय प्रबंधन कैसे करें इत्यादि। इस बैठक में गायत्री परिवार जिला सह समन्वयक ज्ञानप्रकाश, मनीष कुमार, रामानंद कुमार, विशाल कुमार, नीतीश कुमार प्रिंस, अभिषेक कुमार, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, नीतीश कुमार सूर्य, आशीष कुमार, बालमुकुंद, सुभाष सहित कई लोग मौजूद थे।

## डॉक्टर शंकर प्रसाद सिंह ने किया निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई / सोनो : आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र बटिया ( काली पहाड़ी ) के द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण लगातार जारी है । चिकित्सा प्रभारी डाक्टर शंकर प्रसाद सिंह रविवार को चिकित्सा केंद्र से तकरीबन एक किलोमीटर दूर झुमराज बाबा मोड़ बटिया पहुंचे । जहाँ पर लगने वाले हाट बाजार करने आये बड़ी संख्या में लोगों को विभिन्न प्रकार की आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया । डाक्टर श्री सिंह ने बताया कि विभाग के निदेर्शा नुसार खासकर जंगली छेत्रों मे बसने वाले आदिवासी तबके के लोगों को दवा वितरण करना है । इसलिए रविवार को बटिया मे लगने वाले हाट बाजार में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग पहुंचते हें , जिस कारण प्रत्येक रविवार की भॉति इस रविवार को भी विभिन्न प्रकार के मरिजों को निः शुल्क दवा दी गई है । उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को जारी दवा का वितरण आदिवासी समुदाय के लोगों सहित विभिन्न समुदाय के लोगों को भी किया गया है ।

## दम्पति के साथ हुई मारपीट

जमुई [ झाझा ] पत्नी का इलाज करवाने के लिए अस्पताल आ रहे दम्पति के साथ एक युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल की पहचान कटहरा गांव निवासी गौतम यादव और उसकी पत्नी विनीता देवी के रूप में हुई है जिसका इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया। घायल गौतम यादव ने बताया कि तीन दिन पहले मेरी भाभी मंजू देवी घर मे मेरी मां को रखने को लेकर विवाद करते हुए मेरी पत्नी के साथ मारपीट कर ऊँगली तोड़ दिया था जिसका एक्सरे करवाने के लिए अस्पताल आ रहा था कि तभी घर से कुछ दूरी पर मेरे भाई का साला सौरव ने बाइक रुकवाने के बाद मुझे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट किया।

# शिक्षा-दीक्षा : विज्ञान व गणित के शिक्षकों को प्रोजेक्ट अपलोड करना होगा



- प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से आसान हो रही शिक्षण पद्धति

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। जमुई जिले में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से शिक्षण पद्धति को आसान बनाया जा रहा है। बता दें कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ग 6 से 8 के गणित एवं विज्ञान विषय के पाठ्य पुस्तक के पाठ्य आधारित प्रोजेक्ट का विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन हेतु माइक्रो इंम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद कई विद्यालयों में गतिविधियों को पूर्ण नहीं किया गया है। जिसके कारण राज्य स्तरीय रैंकिंग में जिले का स्थान संतोषजनक नहीं रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वे शिक्षा अभियान सीमा कुमारी ने बताया कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रोजेक्ट में शामिल विद्यालय के कार्यों की समीक्षा की जा रही है। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।विज्ञान और गणित पढ़ने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रोजेक्ट अपलोड करना होगा। बता दें कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग बच्चों को पढ़ाने का या समझाने का एक ऐसा तरीका है,जिसमें बच्चों को किसी भी विषय या पाठ को बड़े ही रोचक और इन्नोवेटिव तरीके से समझाया जाता है,जिसे वह जीवन भर नहीं भूलते हैं। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के जरिए शिक्षण पद्धति को आसान बनाया जा रहा है। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग अंतर्गत बच्चे शिक्षकों की देखरेख में प्रोजेक्ट के माध्यम से विज्ञान और गणित को आसानी से समझ सकें। जिससे दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को समाधान करने में बच्चे समक्ष होंगे। सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ सीमा कुमारी ने बताया कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम को लेकर जिला और राज्य स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।जिले के मिडिल स्कूल के विज्ञान और गणित शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ट लर्निंग के आधार पर स्कूलों में गतिविधियों आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई होगी। पीबीएल प्रोजेक्ट छात्रों के लिए मददगार प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से छात्रों को कई फायदे होंगे। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षण पद्धति के साथ जुड़ाव और प्रेरणा में वृद्धि,अवधारणाओं की गहरी समझ,महत्वपूर्ण सोच और समस्या को सुलझाने के कौशल का विकास बेहतर सहयोग और संचार कौशल वास्तविक दुनिया के अनुभवों और करियर के लिए तैयारी पारंपरिक कक्षा सेटिंग में नियमित प्रोजेक्ट बहुत आम है। उन्हें आम तौर पर एक इकाई के अंत में एक असाइमेंट के रूप में दिया जाता है और इसका उद्देश्य यह दिखाना होता है कि छात्र ने इकाई के दौरान क्या सीखा है। विशिष्ट परियोजनाओं में पोस्टर,स्लाइड शो,डायोरमा,मॉडल आदि शामिल है। इकाई को पारंपरिक तरीके से दृश्यों,पाठों और विभिन्न पठन घटकों का उपयोग करके पढ़ाया जाता है।

## धरहरा मे नही थम रहा गोलीबारी की घटना

मुंगेर ।धरहरा थाना क्षेत्र मे गोलीबारी की घटना थमने का नाम नही ले रहा है। बदमाशों में पुलिस का खौफ समाप्त हो चुका है। शाम ढलते ही अपराधियों का तांडव शुरू हो जाता है। शुक्रवार की शाम सात बजे जगदीशपुर गांव मे बदमाशों ने दो चक्र गोलियां चलाई। अचानक हुई गोलीबारी से स्थानीय लोगो में भगदड मच गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही हैं। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। इस संबंध मे जगदीशपुर गांव के कंतलाल मंडल व संदीप कुमार ने धरहरा थाना को आवेदन देकर जानमाल के सुरक्षा की गुहार लगाई। उन्होने थाना को दिए आवेदन मे बताया कि शाम मे घर से सड़क पर निकलते ही कुछ लोगो ने गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध किया तो उसमे से दो युवको ने गोली चला दी। उन्होने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने इस संबंध मे जगदीशपुर के ओम कुमार, निक्कु कुमार, अंशु कुमार, शिशु कुमार, मनीष कुमार, एवं औडाबगीचा के राजीव कुमार उर्फ लकड़वा के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। वही इस मामले मे थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार पाठक ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर विशेषः सच्चे पर्यावरण मित्र पक्षी के आसियाने के संरक्षण को लेकर सामूहिक प्रयास आवश्यक

प्रात : किरण संवाददाता



जमुईः राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर साईकिल यात्रा एक विचार जमुई के तहत आज समस्तीपुर से आए प्रसिद्ध पर्यावरणविद् राजेश कुमार सुमन और स्थानीय नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष पहल की। 470वें कारवां में साइकिल यात्रियों ने श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम से बिहारी ग्राम तक यात्रा की और वहां दो दर्जन पौधे लगाए। पक्षियों का संरक्षण, सामूहिक प्रयास की आवश्यकताः इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक रूबी कुमारी ने कहा, "पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा-भरा संसार देना हम सबकी जिम्मेदारी है।" उन्होंने पौधारोपण कर सभी से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। पर्यावरणविद् राजेश कुमार सुमन ने अपनी मां स्वर्गीय राम कुमारी देवी की स्मृति में पौधारोपण करते हुए पक्षियों को पर्यावरण का सच्चा मित्र बताया। उन्होंने कहा, पक्षी बीजों के माध्यम से अनगिनत पौधों को जन्म देते हैं और स्वच्छ वातावरण बनाने में सहायक होते हैं। शहरीकरण से पक्षियों पर बढ़ा खतराः कार्यक्रम में शैलेश भारद्वाज ने बताया, "शहरीकरण, कृषि विस्तार और वनों की कटाई ने पक्षियों के प्राकृतिक आवासों को बुरी तरह प्रभावित किया है। सामूहिक प्रयास के जरिए उनके आसियाने को संरक्षित रखना होगा। साइकिल यात्रा और पर्यावरण संरक्षणः बढ़ती सर्दी के बावजूद साइकिल यात्रियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए यात्रा जारी रखी। यह कार्यक्रम न केवल पौधारोपण के लिए प्रेरित करता है, बल्कि समुदाय को प्रकृति से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करता है। उपस्थित गणमान्यः कार्यक्रम में पुलिस अवर निरीक्षक रूबी कुमारी, राजेश कुमार सुमन, राहुल राठौर, शैलेश भारद्वाज, डुगडुग सिंह, हर्ष कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, और अन्य स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। समापन संदेशः सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और अधिक से अधिक पौधारोपण और पक्षियों के आवासों की सुरक्षा की अपील की। आयोजकों ने इसे एक सतत प्रयास के रूप में जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## आगामी 14 फरवरी से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बहु भाषिय लघु नाटक का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर ।25 बां अन्तराष्ट्रीय अखिल भारतीय बहु भाषिय लघु नाट्य रंग जुलूस प्रतियोगिता दिनाक 14,15,16फरवरी 2025 को अंग्र नाट्य मंच के प्रांगण मे निर्धारित किया गया है। इस आशय की जानकारी अंग्र नाट्य मंच बरियारपुर के महासचिव अभय कुमार ने एक प्रेस वयान जारी कर कहा हैं उन्होंने बताया कि इस बार अन्तराष्ट्रीय स्तर के कलाकार ईटली,चीन, नेपाल जैसे प्रांतों के कलाकारों की स्वकृति मिल चुकी है। देश के पन्द्रह प्रान्तों के कलाकारों द्वारा भाग लेने की स्विकृती प्राप्ती कर ली गई है।जो मुंगेर जिला के बरियारपुर में आयोजन किया जायेगा।

विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, सोमवार, 06 जनवरी, 2025

सम्पादकीय

# रोकना होगा नई सुबह के बाद काली रात का आगमन

पाश्चात्य संस्कृति में रचे-बसे नये वर्ष का शुभारम्भ होते ही देश में राजनैतिक उथल-पुथल तेज होने लगी है। बिहार की सत्ता में वहां के राजनेताओं का नया मेलजोल नये ढंग के समीकरण पैदा करने लगे है। नीतीश कुमार का लालू यादव के साथ अंतरंग संवाद, दिल्ली दरबार में एकतरफा आमद और राज्य के बदलते परिदृश्य ने समीक्षाकारों को नयी भविष्यवाणियां करने का अवसर दे दिया है। बिहार लोक सेवा आयोग के क्रियाकलापों पर विपक्ष ने मोर्चा खोल रखा है जिसमें लाल सलाम करने वाले सर्वाधिक सक्रिया हैं। इस मौके को भुनाने हेतु प्रशान्त कुमार भी जी तोड प्रयास कर रहे हैं। सरकारी तंत्र पर आरोपों-प्रत्यारोपों से लेकर कथित आरोपियों पर प्राथमिकी तक की स्थितियां निर्मित हो चुकीं हैं। इसी मध्य महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की प्रशंसा करने वालों में उध्दव ठाकरे ने भी अपना नाम दर्ज कराना दिया है। बाला साहब ठाकरे के बाद उनके वंशसूत्रों को भी अपने अवसरवादी सिध्दान्तों और कट्टरवादिता से समझौता करने पर ग्लानि होने लगी है। यह राजनैतिक घटक अब पुनः हिन्दूवादी मानसिता प्रदर्शित करने लगा है। वहीं दिल्ली के चुनाव में तो सभी राजनैतिक दल मुफ्तखोरों की जमातें तैयार करने में युध्दस्तर पर लगे हुए हैं। पुजारियों-ग्रंथियों को तनख्वाह, आटो चालकों को सुविधायें, पानी के बिल माफ करने की गारंटी, महिलाओं के लिए विशेष योजनायें, शिक्षा-चिकित्सा में नई व्यवस्थायें जैसे अनगिनत लुभावने वायदे किये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में भागीदार लोग अब आपस में ही शब्द युध्द करते दिख रहे हैं। मणिपुर फिर से लहू में डूबने लगा है। छत्तीसगढ में तो पत्रकारिता जगत के एक जांबाज रिपोर्टर को धनपशुओं व्दारा कष्टप्रद मौत की नींद में सुला दिया गया। नक्सली क्षेत्र में 120 करोड की लागत से बनने वाली गंगालूर-हिरौली सडक के ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर ने युवा पत्रकार मुकेश को अपने भाई रितेश के माध्यम से न केवल बर्बरतापूर्ण मौत दी बल्कि शव को सेप्टिक टैंक में चुनवा भी दिया ताकि हत्या के सबूत निटाये जा सकें। संभल को लेकर राजनैतिक बयानबाजी निरंतर तेज होती जा रही है। जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी व्दारा अजमेर शरीफ में चादर भेजने का मामला ठिठुरती रातों में गर्महट पैदा कर रहा है वहीं पश्चिमी बंगाल में ममता की तानाशाही और सीमापार से घुसपैठ भी बरसात करने लगी है। कुम्भ के महाआयोजन पर आतंकी हमलों का कोहरा घना होता जा रहा है। छदम्मवेषधारी मीरजाफरों की जमातें देश के अन्दर हूती, आईएसआईएस, हिजबुल्लाह जैसे संगठन बनाने में जुटीं हैं। इन गद्दारों को सीमापार से न केवल आर्थिक मदद मिल रही है बल्कि हथियारों, विस्फोटकों और संसाधनों की खेपें भी पहुंचाई जा रहीं हैं। दुश्मन देशों से प्रशिक्षण लेकर लौटी कट्टरपंथियों की भीड अलग-अलग खेमों में बटकर अशान्ति फैलाने की तैयारियों में जुट गई हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में चीनी दखनंदाजी ने विस्तार लिया है तो पश्चिमोत्तर राज्य पाकिस्तानियों की खुराफातों से त्रस्त हैं। जम्मू-कश्मीर की सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया तो जग जाहिर ही है। देश भर में राजनैतिक अस्थिरता, आन्तरिक कलह और सम्प्रदायगत मुद्दे तेजी से उभर रहे हैं। संसद में बिलों को अटकाने, विरोध के नाम पर मयार्दाओं को तार-तार करने और निजी हितों के लिए सार्वजनिक लाभ को तिलांजलि देने जैसे कारक दिन दुगने, रात चौगुने वाली कहावत को ही चरितार्थ कर रहे हैं। गुजरे साल में अस्थिरता की लिखी गई इबारत अब असर दिखाने लगी है। राष्ट्रवाद पर परिवारवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद, पूंजीवाद, आतंकवाद, स्वार्थवाद जैसे घातक तत्व हावी होते जा रहे हैं। सदनों में मुट्ठी भर प्रतिनिधियों का नेतृत्व करने वाले भी स्वयं को मठाधीश समझने लगे हैं। देश की व्यवस्था को पतन के गर्त में पहुंचाने वाले अनेक दल अकर्मण्य नागरिकों की बढोत्तरी करके देश पर दोधारी प्रहार करने में जुटे हैं। मुफ्तखोरी के उपहारों से जीवकोपार्जन की चिन्ता से मुक्ति पाकर कट्टरपंथियों की फौजें साम्प्रदायिकता की आड में राष्ट्रघाती प्रयासों में अपनी ऊर्जा और समय लगा रहीं है। समझना होगा कि निःशुल्क योजनाओं पर बहाये जाने वाला पैसा सत्ताधारी राजनैतिक दल के खातों से नहीं बल्कि ईमानदार करदाताओं के खून पसीने की कमाई से जाता है। टैक्स से जुटाई जाने वाली धनराशि जब मुफ्त में लुटाई जायेगी तो उसकी भरपाई के लिए टैक्स में वृध्दि होना स्वाभाविक है। टैक्स बढने के साथ ही महंगाई भी बढेगी।

# वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से क्यों खफा है कांग्रेस?

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं। मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित ह्यइंडिया हाउसह्ण में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने ह्यअभिनव भारतह्ण नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने ह्य1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्रामह्ण नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया। कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था। सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की।

# राष्ट्र सेवा में बाधक बनता सिविल सेवकों में बढ़ता तनाव

**नौकरशाहों को विषाक्त कार्य वातावरण, मौखिक दुर्व्यवहार और लगातार मल्टीटास्किंग का सामना करना पड़ता है, जो मानसिक स्वास्थ्य को काफी प्रभावित करता है। ज्यादातर आईएएस अधिकारी राहत कार्यों का प्रबंधन करने के लिए लंबे समय तक अनिद्रा और बर्नआउट का शिकार होते है। तेजी से विकसित हो रही हितधारक मांगें और सीमित प्रशिक्षण नौकरशाहों के तनाव को बढ़ाते हैं और अनुकूलन क्षमता को कम करते हैं। थकान और मानसिक तनाव से महत्त्वपूर्ण नीतिगत त्रुटियों का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे शासन की गुणवत्ता कम हो जाती है। एक लचीले प्रशासनिक ढांचे के लिए व्यापक सुधार करना बहुत जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए गोपनीय परामर्श सेवाएँ और अनिवार्य कल्याण कार्यक्रम शुरू करें। उनकी भलाई सुनिश्चित करने से नौकरशाहों को नए उद्देश्य और जोश के साथ राष्ट्र की सेवा करने में मदद मिलेगी....**



प्रियंका सौरभ
लेखिका




एक बढ़ते कार्यभार और सार्वजनिक अपेक्षाओं के कारण तनाव, थकान और घटती उत्पादकता सिविल सेवकों के बीच एक बढ़ती चिंता है। यह घटना शासन की दक्षता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है, जमीनी स्तर पर काम करने वाले सिविल सेवक सरकारी नीतियों की एक शृंखला के अंतिम कार्यान्वयनकर्ता और निष्पादक होते हैं और सामाजिक स्थिरता और सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए मूलभूत शक्ति होते हैं। वर्तमान में सिविल सेवाओं में तनाव का स्तर ऊँचा है क्योंकि कल्याणकारी राज्य की निरंतर बढ़ती अपेक्षाएँ, गठबंधन की राजनीति के कारण परस्पर विरोधी तथा कठिन दबाव, मीडिया का दबाव, सिविल सोसाइटी के आंदोलन इत्यादि सिविल सेवकों से ही तत्काल परिणाम चाहते हैं। इतनी जटिल परिस्थितियों में वही सिविल सेवक सफल हो पाता है, जिसमें तनाव प्रबंधन तथा अपनी व दूसरों की भावनाओं के प्रबंधन की क्षमता अधिक होती है। आधुनिक शासन की चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम एक लचीला प्रशासनिक ढांचा बनाने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता को उजागर करती है। नौकरशाहों को विषाक्त कार्य वातावरण, मौखिक दुर्व्यवहार और लगातार मल्टीटास्किंग का सामना करना पड़ता है, जो मानसिक स्वास्थ्य को काफी प्रभावित करता है। ज्यादातर आईएएस अधिकारी राहत कार्यों का प्रबंधन करने के लिए लंबे समय तक अनिद्रा और बर्नआउट का शिकार होते है। तेजी से विकसित हो रही हितधारक मांगें और सीमित प्रशिक्षण नौकरशाहों के तनाव को बढ़ाते हैं और अनुकूलन क्षमता को कम करते हैं। महामारी के दौरान ज़िला कलेक्टरों को वैक्सीन लॉजिस्टिक्स से जूझना पड़ा, जो संकट प्रबंधन में पुराने प्रशिक्षण को उजागर करता है। हथियारबंद नियमों के तहत पूछताछ किए जाने का डर तनाव को बढ़ाता है और निर्णय लेने को कमजोर करता है। एक आईआरएस अधिकारी को नई कर नीतियों को लागू करने में प्रक्रियात्मक खामियों पर असंगत जांच का सामना करना पड़ता है। एक अस्थिर, अनिश्चित, जटिल, अस्पष्ट दुनिया उनकी चुनौतियों को और खराब कर देती है। जलवायु परिवर्तन नीतियों को संभालने वाले नौकरशाहों को अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण वैज्ञानिक डेटा को एकीकृत करने में संघर्ष करना पड़ता है। शारीरिक थकान, चिड़चिड़ापन और कम रचनात्मकता जैसे लक्षण शासन कार्यों को प्रभावी ढंग से संभालने की उनकी क्षमता को कम करते हैं। परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले नौकरशाह लगातार तनाव से सम्बंधित थकान के कारण कम दक्षता का शिकार आते हैं। शासन की दक्षता पर नौकरशाही के बर्नआउट का नकारात्मक प्रभाव बर्नआउट प्रतिक्रिया समय को कम करता है, जिससे नीति कार्यान्वयन और सार्वजनिक सेवा वितरण में देरी होती है। 2018 के केरल बाढ़ के दौरान धीमी कार्यवाही ने राहत प्रयासों में देरी की और सार्वजनिक शिकायतों को बढ़ा दिया। बर्नआउट के कारण जोखिम का डर शासन प्रक्रियाओं में प्रयोग को रोकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शासन परियोजनाओं में नवीन विचारों की कमी के कारण इष्टतम परिणाम सामने आए। तनाव से सम्बंधित अकुशलता जनता के अविश्वास और शासन के प्रति असंतोष को बढ़ावा देती है पूर्वोत्तर राज्य के एक स्वास्थ्य विभाग ने मलेरिया के प्रकोप के दौरान खराब समन्वय की सूचना दी, जिससे प्रतिक्रिया उपायों पर असर पड़ा। थकान और मानसिक तनाव से महत्त्वपूर्ण नीतिगत त्रुटियों का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे शासन की गुणवत्ता कम हो जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना को लागू करने में त्रुटियों के कारण हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए वित्तीय बहिष्कार हुआ। एक लचीले प्रशासनिक ढांचे के लिए व्यापक सुधार करना बहुत जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए गोपनीय परामर्श सेवाएँ और अनिवार्य कल्याण कार्यक्रम शुरू करें। नौकरशाहों के लिए कर्नाटक की पायलट तनाव-प्रबंधन कार्यशालाओं ने 2023 में अधिकारियों के मनोबल और दक्षता में सुधार किया हैं। उभरती चुनौतियों, नेतृत्व और प्रौद्योगिकी पर नियमित प्रशिक्षण को संस्थागत बनाना, दक्षता बढ़ाने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के लिए एआई एकीकरण कार्यशालाएँ आयोजित करना, नवाचार के लिए ठोस पुरस्कार प्रदान करना और निर्णय लेने में प्रयोग के लिए सुरक्षित मार्जिन की अनुमति देना अति आवश्यक हैं। महाराष्ट्र के अभिनव ग्रामीण आवास योजना अधिकारियों को विशेष मान्यता मिली, जिससे साहसिक शासन दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला। विनियामक भय को कम करने और स्वायत्त निर्णय लेने को प्रोत्साहित करने के लिए सेवा नियमों को सरल और आधुनिक बनाएँ। गुजरात ने अपनी सौर ऊर्जा नीतियों में नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया, परियोजना अनुमोदन में तेजी लाई। लचीली समय-सारिणी और चिंतन के लिए व्यक्तिगत समय को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ स्थापित करें। नौकरशाही की थकान से निपटने के लिए मानसिक स्वास्थ्य, कौशल विकास और नवाचार के लिए प्रोत्साहन को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है ताकि शासन दक्षता को बढ़ाया जा सके। एक सहायक ढांचा सिविल सेवकों को स्पष्टता और लचीलेपन के साथ प्रदर्शन करने के लिए सशक्त बनाता है। जैसा कि गांधीजी ने कहा था, खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है दूसरों की सेवा में खुद को खो देना।

# स्वस्थ प्रतिस्पर्धा न होने से डिजिटल लेनदेन का जोखिम

**केवल दो प्रमुख खिलाड़ियों के वर्चस्व वाला बाजार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बाधा डालता है, उभरते बाजार में प्रवेश करने वालों द्वारा नवाचार और नई सुविधाओं या भुगतान सेवाओं के विकास को हतोत्साहित करता है। फोनपे और गूगल पे की बाजार में जबरदस्त मौजूदगी ने पेटीएम जैसे छोटे प्रतिस्पर्धियों के लिए विकास करना और बाजार में अभिनव समाधान लाना मुश्किल बना दिया है, जिससे संभावित प्रगति रुक गई है। विदेशी स्वामित्व वाले टीपीएपी का प्रभुत्व डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और भारतीय नागरिकों की संवेदनशील वित्तीय जानकारी तक संभावित पिछले दरवाजे से पहुंच से संबंधित जोखिम पेश करता है। वॉलमार्ट द्वारा फोनपे और गूगल द्वारा गूगल पे का विदेशी स्वामित्व व्यक्तिगत वित्तीय डेटा की सुरक्षा और विदेशी संस्थाओं द्वारा अनधिकृत पहुँ की संभावना पर चिंताएँ बढ़ाता है....**



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक




भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का उदय परिवर्तनकारी रहा है, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में यूपीआई लेनदेन 11.5 बिलियन से अधिक हो गए, जिनका मूल्य ₹26.9 लाख करोड़ था। हालाँकि, दो थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स फोनपे और गूगलपे के बीच बाजार का संकेन्द्रण यूपीआई लेनदेन के 80% से अधिक को नियंत्रित करता है, जो चिंता का विषय है। यूपीआई के उदय ने व्यापक रूप से अपनाए जाने के माध्यम से भारत में डिजिटल भुगतान में क्रांति ला दी है। यूपीआई ने तेजी से बड़े पैमाने पर अपनाना प्राप्त किया है, भारत में सभी डिजिटल लेनदेन का लगभग 80% हिस्सा यूपीआई का है, जिसने भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है। अगस्त 2024 में, यूपीआई ने ₹20.60 लाख करोड़ से अधिक के लेनदेन संसाधित किए, जो भारत के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इसके व्यापक उपयोग और अपनाने को दशार्ता है। यूपीआई उपयोगकताओं के लिए शून्य शुल्क प्रदान करता है, जिससे भारत की आर्थिक रूप से विविध आबादी के लिए डिजिटल लेनदेन किफायती और अत्यधिक सुलभ हो जाता है। यूपीआई का लागत-मुक्त मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तियों को बिना किसी चिंता के डिजिटल भुगतान प्रणाली तक स्वतंत्र रूप से पहुँचने और उसका उपयोग करने की अनुमति देता है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए एक आसान, लागत-प्रभावी और स्केलेबल तरीका प्रदान करके छोटे विक्रेताओं, व्यवसायों और उद्यमियों को महत्वपूर्ण रूप से सशक्त बनाया है। भारत भर में स्ट्रीट वेंडर, छोटे व्यापारी और किराना स्टोर अब डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के लिए यूपीआई का उपयोग करते हैं। यूपीआई ने पहले से बैंकिंग सेवाओं से वंचित आबादी को औपचारिक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रभावी रूप से लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लाखों ग्रामीण और वंचित भारतीय यूपीआई के माध्यम से महत्वपूर्ण डिजिटल वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने में सक्षम हुए हैं, जिससे ऐतिहासिक रूप से कम बैंकिंग पहुँच वाले क्षेत्रों में अधिक आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा मिला है। यूपीआई ने सरकारी सेवाओं के साथ एकीकृत एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुविधाजनक प्लेटफॉर्म प्रदान करके डिजिटल भुगतान में महत्वपूर्ण सार्वजनिक विश्वास विकसित किया है। दो थर्ड पार्टी ऐप प्रदाताओं के बीच बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करती है। कुछ खिलाड़ियों की उच्च बाजार एकाग्रता महत्वपूर्ण प्रणालीगत जोखिम पैदा करती है, जहां सेवाओं में किसी भी व्यवधान का पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर व्यापक, व्यापक प्रभाव हो सकता है। उदाहरण के लिएः अगर फोनपे या गूगल पे में अचानक कोई तकनीकी खराबी आ जाती है, तो इससे 80% तक यूपीआई लेनदेन बाधित हो सकता है, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर व्यवधान और घबराहट पैदा हो सकती है। केवल दो प्रमुख खिलाड़ियों के वर्चस्व वाला बाजार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बाधा डालता है, उभरते बाजार में प्रवेश करने वालों द्वारा नवाचार और नई सुविधाओं या भुगतान सेवाओं के विकास को हतोत्साहित करता है। फोनपे और गूगल पे की बाजार में जबरदस्त मौजूदगी ने पेटीएम जैसे छोटे प्रतिस्पर्धियों के लिए विकास करना और बाजार में अभिनव समाधान लाना मुश्किल बना दिया है, जिससे संभावित प्रगति रुक गई है। विदेशी स्वामित्व वाले टीपीएपी का प्रभुत्व डेटा सुरक्षा, उपयोगकर्ता गोपनीयता और भारतीय नागरिकों की संवेदनशील वित्तीय जानकारी तक संभावित पिछले दरवाजे से पहुंच से संबंधित जोखिम पेश करता है। वॉलमार्ट द्वारा फोनपे और गूगल द्वारा गूगल पे का विदेशी स्वामित्व व्यक्तिगत वित्तीय डेटा की सुरक्षा और विदेशी संस्थाओं द्वारा अनधिकृत पहुँ की संभावना पर चिंताएँ बढ़ाता है। बाजार हिस्सेदारी की सीमा लागू करने में लंबे समय तक की गई देरी ने दो प्रमुख तपाप को अपना नियंत्रण मजबूत करने का मौका दिया है, जिससे एक अधिक प्रतिस्पर्धी और गतिशील यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र उभरने से रोका जा सकता है। फोनपे और गूगल पे का प्रभुत्व क्षेत्रीय जरूरतों या प्राथमिकताओं को अनदेखा कर सकता है, जिससे स्थानीय समाधानों के लिए गति प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रीय भाषाओं या स्थानीय व्यावसायिक जरूरतों के लिए तैयार किए गए यूपीआई ऐप अक्सर गूगल पे और फोनपे जैसे स्थापित बाजार नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष करते हैं। प्रमुख पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर के लिए बाजार हिस्सेदारी पर सीमा निर्धारित करने से बेहतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित हो सकती है और प्रणालीगत जोखिम कम हो सकते हैं। फोनपे और गूगल पे की बाजार हिस्सेदारी को 30% तक सीमित करने के भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के पहले के प्रयास बाजार प्रभुत्व को संतुलित कर सकते हैं। भारतीय स्वामित्व वाले पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर का समर्थन करने से विदेशी खिलाड़ियों पर निर्भरता कम हो सकती है और नियामक निगरानी में सुधार हो सकता है। स्थानीय ऐप या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए फंडिंग जैसी पहल भारतीय पेटीएम और एक्सिस बैंक थर्ड पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर को अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने में मदद कर सकती है। फेलसेफ मैकेनिज्म विकसित करना और अतिरेक सुनिश्चित करना सिस्टम विफलताओं के प्रभाव को कम कर सकता है। यूपीआई ऐप्स के लिए बैकअप सर्वर बनाने से आउटेज या तकनीकी कठिनाइयों के दौरान सेवा में रुकावट को रोका जा सकता है। छोटे खिलाड़ियों को अनुदान या सब्सिडी प्रदान करने से नए विचारों को बढ़ावा मिल सकता है और दी जाने वाली सेवाओं की सीमा बढ़ सकती है। सरकार के नेतृत्व वाली नवाचार चुनौतियाँ छोटे डेवलपर्स को नए भुगतान समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं जो विशिष्ट बाजारों को पूरा करते हैं। मजबूत डेटा गोपनीयता कानून लागू करने से उपयोगकताओं की व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को संभावित दुरुपयोग से बचाया जा सकेगा।

# मुकेश चंद्राकर-सच लिखने के इनाम में मिली सैप्टिक टैंक में मौत

राकेश अचल

लिखते हुए हाथ कांपते नहीं हैं, दिल में सिहरन जरूर होती है, ह्यहमपेशाह्ण मुकेश चंद्राकर के बारे में सोचकर। मात्र 33 साल के मुकेश चंद्राकर बस्तर के दबंग पत्रकार थे, हालाँकि उन्हें कोई रमन मैग्सेसे पुरस्कार नहीं मिला था लेकिन उन्हें सच लिखने का ईनाम जरूर मिला वह भी मौत की शक्ल में। मुकेश चंद्राकर की हत्या कर उनका शव एक सेप्टिक टेंक में डाल दिया गया। लेकिन मुकेश की हत्या लाख कोशिशों के बाद भी छिपाई नहीं जा सकी, हाँ अब मुकेश के हत्यारे को बचाने की कवायद और राजनीति जरूर हो रही है। बस्तर में चंद्राकर ही चंद्राकर के कातिल हो सकते हैं, इसकी कल्पना करना आसान नहीं है, लेकिन ऐसा हुआ, क्योंकि सभी चंद्राकर एक जैसे नहीं होते। सभी चंद्राकर चंदूलाल चंद्राकर नहीं होते, सभी मुकेश चंद्राकर नहीं होते। मैं चंदूलाल चंद्राकर को जानता था। वे अपने जमाने के एक शालीन पत्रकार थे और हिंदुस्तान जैसे अखबार के सम्पादक रहे। कांग्रेसी थे, लेकिन जमीन से जुड़े थे, उनकी वजह से ही पृथक छत्तीसगढ़ की नींव पड़ी। इसी छत्तीसगढ़ में मुकेश चंद्राकर भी हुए। वे अपने सीमित साधनों से बस्तर में भय, भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ अलख जगाये हुए थे। मुकेश चंद्राकर 2025 की पहली रात से ही अपने घर से लापता थे। मुकेश ने स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर एक नेशनल टीवी चैनल के लिए काम शुरू किया और साथ में ही वे यूट्यूब पर अपने चैनल ह्यबस्तर जंक्शनह्ण का संचालन भी करते थे। इस चैनल पर बस्तर की अंदरूनी खबरें प्रसारित होती थीं, इसीलिए ये चैनल लोकप्रिय भी था। मुकेश केवल पत्रकार ही नहीं थे बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। वे उग्रवादियों में भी विश्वसनीय थे, ग्रामीणों में भी और पुलिस में भी, लेकिन वे अलोकप्रिय थे भ्रष्ट नेताओं में, अफसरों में। और उनका यही रूप उनकी जान का दुश्मन बन गया। मुझे किसी ने बताया कि बस्तर में माओवादियों द्वारा अपहृत किए गए पुलिसकर्मियों या ग्रामीणों की रिहाई में मुकेश ने कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुकेश की हत्या का आरोप उनके ही सजातीय ठेकेदार सुरेश चंद्राकर पर है। सुरेश कांग्रेस का नेता है, इसलिए भाजपा के लिए मुकेश की हत्या राजनीति का औजार बन गयी। मुकेश चंद्राकर के भाई की शिकायत के बाद से ही पुलिस की विशेष टीम बना कर जांच की जा रही थी। शुक्रवार की शाम चट्टान पारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के परिसर में एक सेप्टिक टैंक से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर के मोबाइल की अंतिम लोकेशन और फोन कॉल के आधार पर जांच चल रही थी। मुकेश की हत्या के पीछे कांग्रेस है या भाजपा, मैं इस फेर में नहीं पड़ता। मुकेश चंद्राकर की हत्या के तमाम पहलुओं के बारे में लिखा जा चुका है, इसलिए मेरे पास इस विषय में आपको चौंकाने वाला कोई शिगूफा नहीं है, लेकिन मैं इतना जानता हूं कि छत्तीसगढ़ में दो तरह के पत्रकार हैं। एक वे जो मुकेश चंद्राकर जैसे हैं और दूसरे वे जो मुकेश चंद्राकर जैसे नहीं हैं। छत्तीसगढ़ लुटेरों की राजधानी है। यहां नेता, अफसर, ठेकेदार और पत्रकार मिलकर संसाधनों की लूट कर रहे है। पृथक छत्तीसगढ़ बनने के बाद मध्यप्रदेश के ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र तक के अनेक पत्रकार छत्तीसगढ़ पहुंचकर पत्रकारिता करने लगे। हमारे यहां के कई पत्रकार छत्तीसगढ़ में जाकर सेठ बन गए। मुकेश की हत्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नेता, अफसर, ठेकेदार और पत्रकारों के नापाक गठबंधन का हमला है। इसके खिलाफ लोग खड़े हुए हैं लेकिन वैसे नहीं खड़े हुए जैसे निर्भया के मामले में हुए थे, क्योंकि कोई मुकेश को पत्रकार ही नहीं मान रहा तो कोई उसे ब्लैक मेलर कहकर लांछित करने से नहीं हिचक रहा। लेकिन हकीकत केवल ऊपर वाला जानता है। मुकेश यदि झुनझुना बजाने वाला पत्रकार होता तो शायद नहीं मारा जाता। मारने वाला मुकेश का सजातीय ही नहीं बल्कि रिश्तेदार भी है। हत्यारा उसे खरीद सकता था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ। मुकेश को मार दिया गया क्योंकि मुकेश अकेले ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के लिए खतरा नहीं था, बल्कि पूरी व्यवस्था के लिए खतरा था। मुकेश जैसे लोग खतरनाक ही होते हैं, ऐसे लोगों को कोई बर्दाश्त नहीं करता। मुकेश की शहादत पर मुझे गर्व है। मुकेश के हत्यारे सजा पाएंगे या छोड़ दिए जायेंगे ये भविष्य के गर्त में है, लेकिन ये छत्तीसगढ़ के उन असंख्य पत्रकारों के लिए मौका है कि वे मुकेश के हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुँचाने की कोशिश करें, अन्यथा या तो वे टुकड़खोर कहे जायेंगे या एक दिन मुकेश गति को प्राप्त होंगे। मुकेश के प्रति मेरा मन श्रद्धा से भरा है। वो मेरे बच्चों की उम्र का था। वो जहाँ भी रहे, सच की लड़ाई लड़ता रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 5 लीटर चुलाई शराब के साथ तीन धराये

प्रातः किरण, संवाददाता

चनपटिया। सिरसिया पुलिस ने 5लीटर चुलाई दारू के साथ एक धंधेबाज तथा दो पियक्कड़ को धरदबोचा है।थानाध्यक्ष रविकान्त कुमार ने बताया कि मुशहरी बिजबनिया गांव से 5लीटर चुलाई दारू के साथ रिंटु साह को गिरफ्तार किया गया है। जबकि सिरसिया गांव के राजकुमार महतो तथा मिश्रौली गोइठा निवासी लालबाबू साह दो पीयक्कड़ को हंगामा करते को गिरफ्ता में ले लिया है।श्री कुमार ने बताया कि शराब पीने की पुष्टि होने के बाद मद्यनिषेध के तहत एफआईआर दर्ज कर करवाई की जा रही है।

### बिसुनपुरा कला के एक व्यक्ति को लगी दो गोली

जलालपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चेतराम उनके पापा का नाम लीलाधर राम है जो बिसुनपुरा पूरा कला के रहने वाले हैं 45 वर्षीय उन्हें दो गोली लगी है जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद उनकी स्थिति खराब होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है हालांकि इससे ज्यादा जानकारी अभी नहीं मिल पा रही है क्योंकि बिसनुपर कला दो जगह है इसलिए सटीक खबर नहीं मिलने के कारण उनकी पूरा पता भी नहीं बताया जा रहा है और लोकेशन भी नहीं मिल रहा है लेकिन गोली चली है और दो गोली होने लगी है यह मामला किस जगह का है मामले में क्या है अभी तक इसकी जानकारी और पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन गोली लगी है उन्हें यहां से रेफर सदर अस्पताल किया गया है ।

### माँझी विधानसभा प्रभारी ने किया कमिटी का भौतिक सत्यापन

कोपा / जदयू ने मांझी विधानसभा क्षेत्र में अपनी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है ।इसी को लेकर रविवार को विभिन्न कमेटियों का विधानसभा प्रभारी संतोष कानन ने विधानसभा क्षेत्र के 35 पंचायत तथा दो नगर पंचायतों के कमेटियों का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज सिंह एवं मांझी के अध्यक्ष अख्तर अली मौजूद थे।श्री कानन ने बताया कि पार्टी के निर्देश पर मांझी विधानसभा के 25 पंचायतों एव दो नगर पंचायतों के कमेटी का भौतिक सत्यापन किया गया ।जिसमें यह स्पष्ट हो सके कि पार्टी के कितने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय तथा समर्पित है ।मांझी से जदयू पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगी ।मौके पर कोपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार प्रसाद, प्रदेश मीडिया प्रभारी अखिलेश कुमार,किशन कुशवाहा,बुलबुल गुप्ता,मुन्ना गुप्ता,नेयाज खां,हरेन्द्र राम,मितलेश कुमार,विकाश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पैक्स चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने किया जनसंपर्क अभियान

माँझी। माँझी प्रखंड के दो पंचायत कौरु धौरु और इनायतपुर पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर मतदान 10 जनवरी को होना है ।जिसको लेकर प्रत्यासी लगातार क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं, न सिर्फ प्रत्याशी बल्कि उनके कार्यकर्ता भी गाँव-गाँव जाकर लोगों से मिलकर अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को कौरु धौरु पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कौरु धौरु पंचायत के धनी छपरा,माड़ीपुर, कला गुदार्हा गांव में जनसम्पर्क चलाया और अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इस सम्बन्ध में वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि में जहां भी प्रचार के लिए जा रहा हूँ वहीं लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है।

### छत्तीसगढ़ के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की हो सीबीआई जांच: अमित नयन

छपरा कार्यालय। रविवार को सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के संस्थापक सह अध्यक्ष अमित नयन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए छत्तीसगढ़ के युवा निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ हीं उन्होंने इस केस की जांच सीबीआई से कराने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार से की है। बताते चले की मुकेश चंद्राकर ने 120 करोड़ की लागत की रोड प्रोजेक्ट में बड़ी धांधली को उजागर किया था। मुकेश 1 जनवरी से लापता थे दो दिन बाद उसी प्रोजेक्ट के ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के सेप्टिक टैंक में 3 जनवरी को मुकेश का शव मिला। अमित नयन ने इस निर्मम हत्या की जांच सीबीआई से करने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार से की है ताकि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ इंसाफ हो सके। और दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिल सके। मुकेश के परिवार को इंसाफ मिल सके। देश में निर्भीक पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के साथ न्याय किया जा सके। अमित नयन ने कहा कि निर्भीक पत्रकारिता हीं सही खबर जनमानस तक पहुंचते हैं ।राष्ट्र निर्माण में चौथी स्तंभ का काफी महत्व है जो देश की दशा और दिशा दोनों तय करता है।

# सीएम के आगमण को लेकर प्रशासन कर रही है चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी

**समाहरणालय परिसर दिखेंगे चका-चक, सभा कक्ष भी नए लुक के साथ रहेगी सुसज्जित**

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है, सभी विभागों को अपडेट किया जा रहा है, अधूरे कार्यों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है, सीएम के आगमन वाले प्रखंडों में सभी अधूरे योजनाओं को पूरा करने को लेकर पूरा प्रशासनिक महकमा लगा हुआ है ।

आगामी 8 जनवरी को मुख्यमंत्री का आगमण प्रगति यात्रा के तहत सारण में होगा, जिसको लेकर प्रशासनिक तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है ' मिली जानकारी के अनुसार सीएम आगमन पर जिला के कई प्रखंड में कार्यक्रम है, जिसमें राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल तथा बीएससी नर्सिंग कॉलेज का भी उद्घाटन शामिल है ' इसके अलावा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन के बाद सीएम का काफिला विशेन टोला में छः लेन सड़क एवं रिविलगंज शेरपुर बाईपास का नक्शा का भी अवलोकन करेंगे ' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गरखा प्रखंड के महम्मदा वार्ड संख्या 6 में जीविका दीदी के द्वारा संचालित तालाब का भी उद्घाटन करेंगे, साथ हीं सीएम द्वारा तालाब में मछली का जीरा भी छोड़ा जाएगा ' इसके अतिरिक्त सारण समाहरणालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक करेंगे, इसके बाद सीएम का काफिला सीधे एकमा के लिए प्रस्थान करेगी,जहां फ्लाईओवर का शिलान्यास कार्यक्रम है ' प्रगति यात्रा को लेकर डीएम अमन समीर एवं एसपी डॉक्टर कुमार आशीष जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ गरखा प्रखंड के मोहम्मदा में पोखरा एवं विशेन टोला में 6 लेंन तथा मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया ' प्रशासनिक स्तर से मिली जानकारी के अनुसार मौसम माकूल नहीं रहने पर मुख्यमंत्री का काफिला सड़क मार्ग से जेपी सेतु होते हुए डोरीगंज के रास्ते महम्मदा पहुंचेंगे ' यह वैकल्पिक मार्ग होगा, जिला प्रशासन द्वारा इसका भी निरीक्षण किया गया ' सीएम आगमन को लेकर ममता के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 199 को मॉडल केंद्र बनाया जा रहा है ' आईसीडीएस द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को सुसज्जित किया जा रहा है और रंग -रोगन भी कराई जा रही है ' सीएम द्वारा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान के तहत चार छात्राओं को चेक देने का भी कार्यक्रम है ' इधर मुख्यमंत्री का गरखा प्रखंड के मोहम्मदा में आगमन को लेकर गांव की सूरत बदली जा रही है, जिससे ग्रामीणों में काफी उत्साह है ' यहां पर आंगनबाड़ी केंद्र से लेकर विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र, खेल मैदान,चौपाल चबूतरा एवं छठ घाट आदि को चकाचक किया जा रहा है,रात दिन काम लगा हुआ है '

प्रगति यात्रा को लेकर एसडीओ सदर लक्ष्मण तिवारी ने प्राईवेट विद्यालय के संचालकों के साथ भी बैठक किया ' और मुख्यमंत्री आगमन से संबंधित रूट चार्ट के बारे में भी विद्यालय संचालकों की जानकारी दी ' एसडीओ ने मुख्यमंत्री आगमन की जानकारी अभिभावकों को भी देने की बात कही गई है ' इस दौरान प्राईवेट स्कूल के संचालको ने भी अपनी समस्या से एसडीओ को अवगत कराया ' प्रगति यात्रा से कई प्रखंडों की सूरत बदल रही है, जिसको लेकर ग्रामीणों में चर्चा व्याप्त है ' मुख्यमंत्री आगमन को लेकर आईसीडीएस, जीविका, पशुपालन, कृषि शिक्षा,स्वास्थ्य एवं मत्स्य विभाग बड़ी तैयारी में जुटी हुई है ' क्योंकि मुख्यमंत्री का नजर सबसे ज्यादा इन्हीं विभागों पर रहता है, ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा बेहतर तैयारी करना स्वाभाविक है ' बहरहाल प्रगति यात्रा को लेकर डीएम और एसपी फूल प्रूफ तैयारी में लगे हुए हैं, चाक -चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है ।

# रामनगर इलाके में तेंदुआ के खौफ से किसान खेतों में जाने से कतरा रहे

**वन विभाग की रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच ट्रेस में जुटी**

प्रातः किरण, संवाददाता



बगहा। बगहा के पिपरासी के साथ अब रामनगर के इलाके में जंगल से भटके तेंदुआ के खौफ से किसानों और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। आलम यह है की किसान खेती बाड़ी करने सरेह की ओर जाने से कतरा रहें डरे सहमे हुए हैं हालांकि सूचना के बाद मौके पर वन विभाग की रेस्क्यू की टीम पहुंची है और पगमार्ग के आधार पर जंगली जानवर को ट्रेस किया जा रहा है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हों पाया है की बाघ है या तेंदुआ फिर भी किसान बाघ होने का दावा कर रहें हैं जबकि वन विभाग की टीम पगमार्ग के आधार पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है ।दरअसल बिहार के इकलौते वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से भटके तेंदुआ नें एक ओर पिपरासी गंडक दियारा के इलाके में दहशत फैला रखा है तो वहीं अब रामनगर के बेलवा मकरी समेत बैकुंठपुर क्षेत्रों में भी तेंदुआ होने को लेकर लोगों की चिंता बढ़ गईं हैलिहाजा वन विभाग की टीमें उसके तलाश में जुटी रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है ।

बताया जा रहा है की वीटीआर का इलाका रिहायशी इलाकों से बिल्कुल सटा हुआ बड़ा क्षेत्र है ऐसे में जंगली जीव जंतुओं का अक़्सर खेतों समेत गांवों में भटककर पहुंचने का सिलसिला जारी है कभी बाघ तो कभी तेंदुआ और कभी भालू समेत मगरमच्छ किसानों के खेतों और घरों तक पहुंच जाते हैं जिससे जान माल के नुकसान की आशंका बनी रहती है यहीं वजह है की एक बार फिर पिपरासी समेत रामनगर में दहशत कायम है ।बतादें की गन्ना के साथ साथ रबी फसलों में गेंहू और दल्हन तेल्हन की बुआई और निराई का सीजन चल रहा है लिहाजा किसानों को हर रोज सुबह शाम अपने खेतों की ओर जाने की जरूरत है ऐसे में किसान और ग्रामीण डरे सहमे हुए अपने घरों से बाहर निकलने से कतरा रहें हैं। लोग ये मांग कर रहें हैं की वन विभाग जल्द से जल्द जंगली जानवर को ट्रेस कर उसे पकड़े या फिर जंगल की ओर भगाया जाये ताकि खेती किसानी के कार्य बाधित न हों ।

## प्रगाश इकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन और वन्यप्राणी प्रेमियों ने वन विभाग को शांतिपूर्ण नववर्ष संपन्न कराने पर धन्यवाद दिया

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकिनगर में नव वर्ष के मौके पर प्रगाश इकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन और वन्यप्राणी लवर्स ने वन विभाग को वीटीआर जंगल संपदा और वन प्राणियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था करने को लेकर धन्यवाद दिया है। प्रगाश इकोलॉजिकल ग्रीनवे फाउंडेशन के एमडी श्री मनोज ने कहा कि नव वर्ष के मौके पर शिकारियों द्वारा पूर्व में शिकार की कोशिश की घटनाओं के बारे में सुना जाता था लेकिन इस नव वर्ष के मौके पर कहीं से भी वन संपदा और वन प्राणियों के अहित की बात सामने नहीं आई है। जंगल के कोने कोने मे वन सुरक्षा कर्मियों की टीम दिन रात एसएसबी के जवानों के साथ मुस्तेद दिखी जिसका नतीजा हुआ कि नव वर्ष का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से बीत गया ।बतादें की शिकार के शौकीन लोग 31 दिसंबर से एक जनवरी के रात्रि तक शिकार करने की फिराक में लगे रहते हैं,बीते पूर्व के वर्षों में ऐसी कई घटनाओं को अंजाम देने की शिकारियों की कोशिश व मंसूबे को वनकर्मियों ने विफल किया था ।लेकिन इस वर्ष नव वर्ष का जश्न शांतिपूर्ण ढंग से बीत जाने पर वन विभाग कर्मियों के साथ साथ वन प्राणी प्रेमियों ने राहत की सांस ली है और वनकर्मियों को उनके दिन रात की मेहनत,कर्तव्यनिष्ठा और सुरक्षा को लेकर जिले के सभी रेंज के वनकर्मियों को धन्यवाद दिया है और उनके कार्यों की सराहना की है।

# कलवार कल्याण समिति द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता




रक्सौल। शहर के पोस्ट ऑफिस रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर विवाह भवन में रविवार को कलवार कल्याण समिति के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रहस्त कुमार, डॉ. अमीत कुमार जायसवाल के साथ-साथ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. उमेश कुमार के द्वारा स्वास्थ्य शिविर में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी और उन्हें उचित परामर्श दिया गया। जांच और परामर्श के बाद यहां इलाज के लिए पहुंचे जरूरतमंद लोगों के बीच फ्री दवा वितरण का भी प्रबंध कलवार कल्याण समिति के द्वारा किया गया था। वैदिक मंत्रोचारण के बीच डॉ. उमेश, डॉ. प्रहस्त व डॉ. अमीत के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर इस स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत की गयी और सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक लगभग 250 से अधिक लोगों और बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित दवा दी गयी। स्वास्थ्य शिविर की अध्यक्षता कलवार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद कर रहे थे जबकि समिति के अन्य स्वयंसेवकों के द्वारा पूरी तन्मयता के साथ सहयोग करते हुए शिविर का सफल आयोजन किया गया। इधर स्वास्थ्य शिविर का समापन होने के बाद समिति के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिविर के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए चिकित्सकों एवं उनके सहयोगियों को सम्मानित कर आभार प्रकट किया गया। इस दौरान इस आयोजन की सफलता को लेकर समाजसेवी भरत प्रसाद गुप्ता, विश्व विद्यालय सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रो. अनिल कुमार सिन्हा, साहु युवा मंच के अध्यक्ष सुरेश साह, समाजसेवी शिव पूजन प्रसाद आदि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक हित में कलवार कल्याण समिति के द्वारा आयोजित शिविर की सराहना की और आगे इसी प्रकार से समाज के हित में समय-समय स्वास्थ्य शिविर जैसे आयोजन करने की बात कही। शिविर को सफल बनाने में कलवार कल्याण समिति के ध्रुव प्रसाद, अरूण गुप्ता, हरिनारायण गुप्ता, धीरज कुमार गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, रंजीत गुप्ता, उज्जवल जायसवाल, चंदन कुमार, चंदन कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, विक्की गुप्ता, पंकज गुप्ता, नीरज गुप्ता, रवि गुप्ता, सुरज गुप्ता, बप्पी साह, वार्ड पार्षद सोनू कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, दीपक जायसवाल, मंगलम कुमार, कुमार सुनिल गुप्ता, अनिल गुप्ता, अजय गुप्ता, हजारी प्रसाद गुप्ता, बैजू जायसवाल, सागर कुमार, जितेन्द्र कुमार, चंद्रकिशोर कुमार, पप्पू कुमार, कलवार महिला मंच की अध्यक्षा अनिता गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने दी है।

# एकमा में मुख्यमंत्री 13 करोड़ की लागत से बनने वाली दो सड़कों का करेंगे शिलान्यास : सिग्रीवाल

प्रातः किरण, संवाददाता



**एकमा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 8 जनवरी को प्रस्तावित प्रगति यात्रा को लेकर कार्यक्रम की तैयारी का सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने सभा व हेलीपैड स्थल का निरीक्षण व जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित कार्यकताओं को भव्य तरीके से तैयारी व स्वागत करने की सलाह दी। सांसद ने सभा स्थल की तैयारी का विभिन्न पहलुओं पर समीक्षा कर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का आगमन एकमा के लिए वरदान साबित होगा। सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री 40 करोड़ की लागत से एकमा से डुमाई गढ़ तक जाने वाली 5 मीटर 50 सेंटीमीटर चौड़ी सड़क और 90 करोड़ की लागत से एकमा से मशरख जाने वाली 7 मीटर चौड़ी सड़क का शिलान्यास करेंगे। इस सड़क का निर्माण कार्य पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा ।सांसद ने कहा कि इस प्रगति यात्रा में एकमा के लोगों को करोड़ों की सौगात मिलने वाली है।**

**उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर एकमा में तैयारी अंतिम चरण में है ।सांसद ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा चैतेंद्र नाथ सिंह नगर अध्यक्ष श्री प्रकाश एकमा पूर्वी अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, भोला, मुकेश कुमार सिंह,चितरंजन सिंह, पवन कुमार, संजय तिवारी, हेम नारायण सिंह, धर्मेंद्र सिंह, समाज सेवी बलवंत, बीडीओ अरूण कुमार, सीओ राहुल शंकर, थाना प्रभारी उदय कुमार आदि उपस्थित थे।**

## सीएम के आगमन को ले डीएम ने किया हैलिपैड का निरीक्षण

प्रातः किरण, संवाददाता




एकमा। 8 जनवरी को सीएम का एकमा में आगमन को लेकर जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन के द्वारा चल रही युद्ध स्तर पर चल रही विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करने रविवार के दिन एकमा प्रखंड के आमडाढी पंचायत के लच्छी ब्रह्म बाबा स्थान पर मुख्यमंत्री व अधिकारियों कि आने वाली दो हेलीकॉप्टर का हेलिपैड निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम अमन समीर एसपी कुमार आशीष मढ़ौरा एसडीपीओ प्रेरणा सिंह सदर एसडीओ लक्षुमन तिवारी एकमा एसडीपीओ भाग 2 के राजकुमार बीडीओ अरुण कुमार सीओ राहुल शंकर थाना अध्यक्ष उदय कुमार सहित जिले से आए अन्य पदाधिकारीयों ने हेलीपैड का निरीक्षण किया ।

साथ ही उक्त स्थान पर स्थित पंचायत के ग्राम कचहरी व पंचायत भवन का चल रही विकास कार्य का भी निरीक्षण किया साथ ही एन एच 531 के साफ सफाई एवं उद्घाटन स्थल का भी निरीक्षण किया ।इस मौके पर पदाधिकारीयों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## परिवार के वृद्ध, बीमार और बच्चों के साथ समाज के गरीब, लाचार जन को ठंड से बचाने में करें मदद:गरिमा

प्रातः किरण, संवाददाता



बेतिया।महापौर गरिमा देवी सिकारिया के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के लिए चिन्हित 16 स्थानों को बढ़ा दिया गया। काली बाग ओपी चौक, राजगुरु चौक, नया बाजार, किशुनबाग चौक, द्वारदेवी चौक, सागर पोखरा, कोतवाली चौक, मित्रा चौक, और बानूछापर जैसे नए चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने के निर्देश दिया गया। अनेक स्थानों पर अलाव जलाने का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने खुद से स्थल निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कड़ाके की ठंड की कहर से बचने और समाज के गरीब, लाचार, बीमार के साथ वृद्ध और बच्चों को बचाने में सावधानी और सहयोग की अपील की। श्रीमति सिकारिया ने कहा कि सभी घर से बाहर तक में गर्म कपड़े पहन कर रहे। अपने पास पड़ोस के लाचार,गरीब और जरूरतमंद लोगों को भी गर्म कपड़े और भोजन उपलब्ध कराने की मदद करें। ठंडी हवा और शीतलहर से बचने के लिए घर से बाहर निकलने पर शरीर को पूरी तरह ढककर रखें ।यथासंभव गुनगुना पानी, गर्म पेय पदार्थों का भी सेवन करें और हवादार स्थानों पर अधिक समय नहीं बिताए।

# मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा को लेकर पार्टी सहित घटक दलों के नेताओं ने भी लिया स्थल का जायजा

प्रातः किरण, संवाददाता

एकमा ।आगामी 8 जनवरी को प्रगति यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री का आगमन की तैयारी का जायजा पार्टी के कई नेताओं ने लक्ष्मी ब्रह्म बाबा स्थान पर चल रही सभा स्थल व हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम उर्फ राजू ने कहा कि एकमा में 8 जनवरी को मुख्यमंत्री का भाव स्वागत होगी उनके लिए तो पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सहित एकमा की जनता लालायित हैं । वहीं स्थानीय पत्रकारों ने पुर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह से कहा कि एकमा की जनता का मांग है कि एकमा को अनुमंडल का दर्जा मिले एक बड़ी अस्पताल हो महिला डिग्री कॉलेज हो अन्य मांगे हैं। जिसपर धूमल सिंह ने कहा कि एकमा कि जनता कि जो मांग है उसके साथ ही एक आई टी आई भी कॉलेज 2026 में खुलेगा यह मेरा वादा है उन्हें तो बिहार कि जनता विकास पुरुष के रूप में जानतीं है और बिहार के विकास के लिए लगातार काम हो रहीं हैं। दुसरे से यह सम्भव होने वाली नहीं है। वही मांझी के पूर्व विधायक गौतम सिंह ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री एकमा में लगातार 17 वर्षों से आ रहे हैं । एकमा के विकास के लिए किसी तरह का कोई कसर नहीं छोड़ते हैं वह लगातार जनवरी के कड़ाके की ठंड हो या भीषण गर्मी के मौसम हो लगातार जनता की सेवा करते रहते हैं । वहीं जिला उपाध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह उर्फ महेश सिंह ने कहा कि मेरा पंचायत वह गांव भी है यह बड़ी सौभाग्य की बात है कि हमारे लक्ष्मी ब्रहम बाबा के स्थान पर उनके आगमन हो रही है यह स्थान काफी दूर में फैली हुई है उनके हाथों इसकी भी जीवनों दार के लिए भी कुछ करेंगे । इसी दौरान पहुंचे डीएम एसपी ने भी सभी नेताओं से बातचीत किया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धूमल सिंह से विचार विमर्श किया। इस मौके पर लोजपा रामविलास पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रौशन भवानी सिंह जितेंद्र सिंह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि भारत सिंह सरपंच अरविंद सिंह जदयू नेता सुनील सिंह प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर सिंह आदि पार्टी कार्यकर्ता काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। त राशि करीब बारह करोड़ है।

## सांसद ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



जलालपुर ।स्थानीय हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित पंडित शिव बालक क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान प्रतियोगिता में 40 से अधिक पूर्व क्रिकेटरों को सम्मानित किया। उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया ।जिले केपूर्व क्रिकेट खिलाडियो को 5 जनवरी को सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल किए सम्मानित जलालपुर ।प्रखंड के उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जलालपुर के खेल मैदान में आज रविवार को पूर्व क्रिकेट खिलाडियों को सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सम्मानित किए । इस समारोह के आयोजक एपी एस मॉल जलालपुर केसंचालक पुष्पेंद्र तिवारी ने करवाया इस सम्मान समारोह में जलालपुर और विभिन्न जगहों के खिलाड़ी एवं क्रिकेट में योगदान देने वाले व्यक्तियों को शाल मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह का आयोजन पंडित शिव बालक तिवारी क्रिकेट टूनार्मेंट 2025 के अंतर्गत किया गया है ।इसी दिन प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया आयोजन समिति के सदस्यों में आदर्श क्रिकेट क्लब जलालपुर के टूनी सिंह राजेश तिवारी पंकज तिवारी,मनीष बाबा,मंडाबाबा,अमृतेशतिवारी,धर्मेंद्र कुमार व अन्य भी शामिल हैं ।

# कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित

**पूर्व प्रमुख नंद किशोर यादव को राजद से चुनाव लड़ाने का कार्यकर्ताओं ने राजद सुप्रीमो से किया अपील**

प्रातः किरण, संवाददाता



अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कैतुका लच्छी गांव में रविवार को कार्यकर्ता सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमे राजद के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने किया ।इस मौके पर पूर्व प्रमुख मकेर नंद किशोर सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को फूल माला अंग वस्त्र से सम्मानित किया ।सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुखिया लाल बाबू राय पूर्व मुखिया योगेंद्र बैठा शत्रुध्न प्रसाद पूर्व मुखिया अखिलेश राय बिश्वनाथ राय समाजसेवी सुनील कुमार ने कहा नंद किशोर बाबू जमीन से जुड़ा हुआ ब्यक्ति है ।चाहे जिस पार्टी के साथ रहे हो सभी कार्यकताओं को सम्मान दिया करते है ।इनके पार्टी में आने से राजद काफी मजबूत हुई है ।राजद से इनकी उमीदवारी दी जाती तो अमनौर बिधान सभा का फतह निशिचित रूप से होगी ।राजद सुप्रीमो से इनको टिकट दिलाने के लिए हमलोग अपील करेंगे ।पूर्व प्रमुख नंद किशोर सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को आभार जताया ।कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते है ।आपका प्यार सम्मान इसी तरह बना रहे ।राजद सुप्रीमो लालू यादव हम सबके अभिभावक है ।अगर हमको टिकट मिलती है तो जीत निशिचित होगी ।इस मौके पर मुंद्रिका राम सोनू यादव उमेश राय शिव पूजन साह मुखिया सुनील राय पूर्व जिला पार्षद शत्रुध्न राय पूर्व भीम सिंह श्याम बाबू सुमन डॉ सुरेंद्र राय हरेंद्र राय पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार राम नरेश राय राम नारायण दुबे समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि व राहुल पासवान को किया सम्मानित

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। सीतलपुर मे रेलवे क्रोसिग का टेंडर होने पर सीतलपुर के पास भाजपा नेता बबलू सिंह और महामंत्री प्रमोद सिंह के नेतृत्व मे रविवार को प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और भाजपा नेता राहुल पासवान का अंग वस्त्र और फुल माला से जोरदार स्वागत किया और लोगो ने इस कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया और कहा की चुनाव के समय किया गया वादा पूरा हुआ इससे पूरे जिला के लोगो को लाभ मिलेगा और लोगो को आने जाने मे समय का बचत होगा और आने जाने मे सहूलियत होंगी यह 8 करोड़ 92 लाख की लागत से बनेगा इस अवसर पर भाजपा नेता विकास गुप्ता अंकित गोस्वामी बृजमोहन पासवान मौजी राम काशी राम सुदामा राय बिकर्मा राय चंदेश्वर सिंह बिनोद मांझी पप्पू यादव बिनोद यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे सभी लोगो ने इस कार्य के लिए लोगो ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसद राजीव प्रताप रूडी और डीआरएम विवेक शुद को धन्यवाद दिया

# महाकुम्भ: 2025 के लिए अद्भुत सांस्कृतिक कलाकृतियों से सजे प्रयागराज के रेलवे स्टेशन

## संस्कृति और परंपरा की अनूठी तस्वीरे करा रही भारत के दर्शन





प्रातः किरण संवाददाता

महाकुंभ 2025 की भव्य तैयारियों के अंतर्गत भारतीय रेलवे ने प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ह्लपेंट माई सिटीह्व अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों, जैसे प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन, को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है।

इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाले भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं।

रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाती है। इन कलाकृतियां में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है, जो प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और भी उजागर करते हैं। ये कलाकृतियाँ महाकुम्भ 2025 के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

भारतीय रेलवे का यह प्रयास कला और विकास का संगम प्रस्तुत करता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आने वाले हर व्यक्ति को न केवल भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिले, बल्कि वे इस शहर की गहराई और इसकी सांस्कृतिक जीवंतता को भी महसूस कर सकें।

# पथ प्रदर्शक ने घर पर जाकर कराई गर्भवती महिलाओं की जांच

## जनकोप पंचायत में अब तक घर घर घूमकर 45 गर्भवती महिलाओं का कराया गया जांच

प्रातः किरण संवाददाता



औरंगाबाद। रक्तदान के क्षेत्र में सेवा दे रही औरंगाबाद की चर्चित स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आदर्श बनाने के लिए बारुण प्रखंड के जनकोप पंचायत को गोद लिया गया है।सर्वप्रथम सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से संस्था द्वारा जच्चा बच्चा सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।पंचायत के सभी गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण कराया गया और उसके बाद संस्था की स्वास्थ्य टीम द्वारा गर्भवती महिलाओं के घर घर जाकर निःशुल्क उनका आवश्यक जांच कराया जा रहा है।अबतक घर घर जाकर 45 गर्भवली महिलाओं का जांच कराया गया है।इसी क्रम में रविवार को जनकोप पंचायत के जनकोप एवं सोहर बिगहा गांव में घर घर जाकर ग्यारह गर्भवती महिलाओं का रक्तचाप,शुगर,हीमोग्लोबिन , ब्लड ग्रुप एवं वजन का जांच कराया गया।सोहर बिगहा की मनीषा कुमारी,ज्योति कुमारी,खुशबू कुमारी,प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारीएवं जनकोप की सुमित्रा कुमारी,सोनी सिंह,आरती देवी,संजू देवी,गुड़िया कुमारी,सोनी देवी सहित कुल ग्यारह गर्भवती महिलाओं का जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।ग्यारह में सभी का शुगर लेवल सही पाया गया, सात महिलाओं का होमोग्लोबीन दस ग्राम से नीचे पाया गया एवं तीन महिलाओं का निम्न रक्तचाप पाया गया जिन्हें चिकित्सक से परामर्श की सलाह दी गई। रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा जरूरतमंदों को रक्त उबलब्ध कराने की सेवा दी जाती है।दुर्घटनाग्रस्त,एनीमिया और थैलीसीमिया पीड़ितों के साथ साथ खास कर ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय रक्त की कमी देखी जा रही थी।

# टेस्ट महासंग्राम में 16 छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के नूतन नगर में के.के कंपटेटिव क्लासेस के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपटीशन की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए 6 टेस्ट महासंग्राम का आयोजन 22 दिसंबर 2024 दिन रविवार को किया गया था। जिसका परीक्षा शिक्षकों के कडी निगरानी में महंत सत्यानंद गिरी कॉलेज शेरघाटी में लिया गया था जिसमें लगभग आठ सौ छात्र छात्राओं ने स्टेट में भाग लिया था। टेस्ट परीक्षा में अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में रविवार को के.के कंपटेटिव क्लासेस के द्वारा पुरस्कार वितरण सह गुरु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शेरघाटी उपकारा जेल अधीक्षक सतीश कुमार सिंह,जेलर अभिषेक कुमार सिंह, अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उदय कुमार,शेरघाटी थानाध्यक्ष अजीत कुमार, नारोमा हड्डी अस्पताल के डॉ संजय कुमार,राजद पार्टी के प्रधान महासचिव अजय कुमार दांगी,वरिष्ठ पत्रकार इमरान अली,मोहम्मद अली,आमस प्रखंड के शिक्षक संघ के अध्यक्ष कपिल देव पासवान। उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरूआत बिहार गीतों के साथ सभी मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। के.के कंपटेटिव के डायरेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि टेस्ट परीक्षा में आठ सौ बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें 16 बच्चों उतीर्ण हुए है। जिसमें प्रथम स्थान लाने वाले छात्र पीयूष कुमार,मनीषा कुमारी,सौरभ कुमार,तनवीर आलम, वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आकांक्षा कुमारी,अविनाश कुमार, चांदनी कुमारी,गुड्डू कुमार,और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, विनायक कुमार,राजू कुमार,निशांत कुमार, अभिषेक कुमार के रूप में किया है। उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा बारी-बारी से शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने आगे बताया कि इस टेस्ट महासंग्राम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का मानसिक विकास के लिए हमलोग हर साल इस तरह का आयोजन करते हैं। इस कार्य को सफल बनाने में गुड्डू कुमार,बंटी कुमार,पिंटू कुमार, रणधीर कुमार,पवन कुमार,अनिल कुमार,राजू पैथोलॉजी शेरघाटी इमरोज अख्तर रोहित कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी की बैठक में कई मुद्दों पर की गई चर्चा



प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता कर्मी का जिला इकाई की बैठक सरोज कुमार के अध्यक्षता में महासंघ गोप गुट कार्यालय अरवल में संपन्न हुई । बैठक में जिले के सभी प्रखंड एवं सभी पंचायत में कार्यरत सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक शामिल हुए ।जिसमें विभिन्न मुद्दा पर विचार किया गया। स्वच्छ गांव हमारा गौरव पखवाड़ा अंतर्गत राज्य के लेटर अनुसार प्रोत्साहन राशि देने के प्रावधान है फिर भी भुगतान नहीं किया जा रहा है जीरो टैगिंग का राशि लगभग 4 से 5 वर्ष से बकाया स्वच्छाग्रही का शौचालय इन सेंटिव बरसों से पेंडिंग की समस्या स्वच्छता मित्र एप के माध्यम से बिहार के 38 जिला में अरवल जिला का प्रथम स्थान होने के बावजूद भी स्वच्छता पर्यवेक्षक को प्रताड़ित किया जाता है ।कार्य से हटाने की धमकी बार-बार दी जाती है केवल जिला जल स्वच्छता समिति के जिला समन्वयक द्वारा हमेशा प्रताड़ित किया जाता है ।कई बिंदु पर चर्चा की गई।

# शेरघाटी में आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने आचार्य किशोर कुणाल को दी श्रद्धांजलि



प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी। शहर के नारनौलिया धर्मशाला, शेरघाटी में आचार्य किशोर कुणाल जी की पुण्य स्मृति में एक शोक सभा एवं प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर महान आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में श्री कमल किशोर सिंह, कुंदन सिंह, दीनानाथ पांडेय, अशोक सिंह, राधेश्याम सिंह, शिवपूजन कुमार, नौरंगी प्रसाद, कुणाल स्वर्णकार, अभिषेक कुमार, धीरज कुमार, प्रवीण कुमार, राम बहादुर सिंह, रामजय सिंह, रौशन कुमार सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर आचार्य किशोर कुणाल जी के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आचार्य जी के आदर्श और विचार सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# स्व मोदी ने राज्य की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करते हुए विकास योजनाओं का किया विस्तार: डॉ. मनीष

प्रातः किरण संवाददाता




गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी जी का 73बी जयंती पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा उनके चित्र पर माला पुष्प चढाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है ।इस मौक डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें जन्मदिन पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहासुशील कुमार मोदी जी भारतीय राजनीति में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में समर्पण, ईमानदारी और जनता के प्रति सेवाभाव से कार्य किया है। बिहार के विकास में उनकी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। चाहे वह आर्थिक सुधार हो, शिक्षा क्षेत्र में सुधार हो, या समाज के वंचित वर्गों के लिए काम करना हो, मोदी ने हरपहलूमेंअपनीयोग्यता साबित की है ।सुशील कुमार मोदी का जीवन सादगी, कर्मठता और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उनके नेतृत्व ने न केवल बिहार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि भाजपा को एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा सुशील मोदी जी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और हमेशा आम जनता के कल्याण के लिए नीतियां बनाईं। वे किसानों, गरीबों और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं।

# सीयूएसबी के पर्यावरण विज्ञान विभाग को प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी पर अध्ययन के लिए 1.10 करोड़ रुपये का डीएसटी-एफआईएसटी अनुदान

प्रातः किरण संवाददाता

गया। अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विख्यात नैक से ए ++ ग्रेड प्राप्त दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी ने नए साल 2025 की शुरूआत में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अनुसंधान केन्द्रित सीयूएसबी के सुसज्जित पर्यावरण विज्ञान विभाग ईवीएस को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अवसंरचना सुधार एफआईएसटी योजना के तहत 1.10 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। इस विशेष उपलब्धि पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह और रजिस्ट्रार



प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने विभाग को बधाई दी है।

कुलपति प्रो. के.एन. सिंह ने अनुदान मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस अनुदान से विश्वविद्यालय मौसम, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्र से संबंधित अन्य पर्यावरणीय घटनाओं के अध्ययन में बड़ा योगदान दे सकेगा जो राष्ट्र और विकसित भारत@2047 मिशन के लिए एक बड़ा योगदान होगा।

सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि 1.10 करोड़ डीएसटी-एफआईएसटी परियोजना की अवधि पांच (5) वर्ष की है। यह अनुदान ईवीएस विभाग में जल, मृदा और वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी पर अध्ययन करने के लिए गीली और सूखी प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए दिया गया है। प्रो. प्रधान पार्थ सारथी विभागाध्यक्ष, ईवीएस और डीन, स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह विभाग के संकाय सदस्यों क्रमशः प्रो. राम कुमार, डॉ. राजेश कुमार रंजन, डॉ. प्रशांत, डॉ. एनएल देवी और डॉ. सोमा गिरी के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी की योजना ह्लएस एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर एफआईएसटी के सुधार के लिए निधिह्व का उद्देश्य नए और उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास आर एंड डी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचा और सक्षम सुविधाएं प्रदान करना है।

# लायंस क्लब द्वारा बादहपुर गांव के मांझी परिवार को कंबल वितरण किया गया



प्रातः किरण संवाददाता

गया । लायंस क्लब गया के द्वारा कम्बल वितरण का कार्यक्रम गया शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर बदरा बादहपुर गांव में रखा गया जहां पर 151 जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया है। आप सभी को ज्ञात है कि अभी गया में शीतलहरी का प्रकोप बढ़ा हुआ है।

हमलोगों ने इंसान के साथ साथ जानवरों को भी खयाल रखा है ।इस मौके पर लायंस क्लब गया के अध्यक्ष लायन विनय वर्मा ने बताया कि मानवता के लिए लायंस क्लब द्वारा बहुत सारे तरह तरह के कार्यक्रम हमलोग करते रहते हैं उसीमे गरीब जरूरतमंदों के लिए कम्बल वितरण भी है। जब हम किसी गरीब के चेहरे पर कुछ देर के लिए ही सही पर जो मुस्कान उसके चेहरे पर आती है उससे जो मन को शांति और सकून मिलता है वह तो अनमोल है।

इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन डा विजय करण, अध्यक्ष लायन एडवोकेट विनय वर्मा, सचिव लायन मनोज कुमार, लायन डा नंद किशोर गुप्ता,लायन डा अभिषेक मृणाल,लायन डा उमेश कुमार, लायन मनीष अग्रवाल,लायन अथरुल हक,लायन जावेद यूसुफ,लायन संजय कुमार सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

# आईएमए भवन में 40 लोगों को मिला मुफ्त चिकित्सा परामर्श



गया ।सुबह 10बजे से 12 बजे तक जिरियाट्रिक क्लीनिक का आयोजन डा विजय कुमार करण शिशु रोग विशेषज्ञ के नेतृत्व में आई एम ए भवन बिसार तालाब गया में सम्पन्न हुआ है। जिसमें 40 रोगियों का निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, शुगर जॉच,वी पी जांच किया गया एवं दवा दी गई है। उपस्थित डाक्टर डा विजय कुमार करण शिशु रोग विशेषज्ञ,डा चन्द्रकिरण फिजिशियन, डा एम अशद फिजिशियन डा अभय सिम्मा आंख,डा सुबोध कुमार नाक,कान एवं गला, डॉ दीपक कुमार मानसिक रोग, डॉ अंजूला चर्म रोग डॉ सुधा कुमारी स्त्री रोग विशेषज्ञ डा अभिषेक मृणाल दंत रोग विशेषज्ञने अपनी सेवा दी एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सहयोग रहा है।

# सुशील कुमार मोदी जी को मिले भारत रत्न:गोपाल पटवा

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के तत्वाधान में स्मृति शेष बिहार के भूतपूर्व उप मुख्यमंत्री व भा.ज.पा. के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी जी का 73वीं जयंती पर मानपुर पटवाटोली बुनकर उधोग नगरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। सुशील कुमार मोदी के जन्म दिवस समारोह में गोपाल प्रसाद पटवा अध्यक्ष बुनकर संघ ने कहा सुशील कुमार मोदी का मेरे राजनीतिक जीवन में अहम सहयोग व सानिध्य रहा है। उनका स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। किसी भी प्रकार की छोटी बड़ी समस्याओं का निवारण करने का उनका प्रयास हमेशा प्रेरणा का स्रोत है। उनके कुशल नेतृत्व में कई बुनकर संबंधी समस्याओं का समाधान

के क्रम में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर मिला है। मोदी जी हमारे गार्जियन के समान रहे हैं। बिहार में उनके कर्मठ योगदान एवं सभी क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि के लिए भारत रत्न मिलना चाहिए। सुशील कुमार मोदी को भारत रत्न की मांग करते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना एवं उनके बतलाए हुए मार्ग पर चलना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बुनकर संघ अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटवा ने किया , कार्यक्रम का संचालन दुकान पटवा द्वारा किया गया है। इस अवसर पर गोपाल प्रसाद पटवा दुखन पटवा दीपक स्वर्णकार नेमधारी तांती चमारी तांती कमली देवी मंजू देवी सतीश कुमार विजय प्रसाद सिद्धेश्वर प्रसाद मथुरा प्रसाद छोटू चौधरी डालकेश्वर नाथ लेखराज कुमार खूब लाल प्रसाद युगेश्वर प्रसाद नोख चंद प्रसाद पवन कुमार पटवा सहित बड़ी संख्या में कामगार बुनकर व उद्यमी शामिल हुए।

# थाने के सभी लंबित मामलों का शीघ्र करें निष्पादन:- एसडीपीओ

कुर्था (अरवल) थाने के सभी लंबित मामलों को यथाशीघ्र करें निष्पादन व फरार अपराधियों व वारंटी की गिरफ्तारी में लाएं तेजी अरवल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कृति कमल ने साथ ही उन्होंने कहा कि थाने के सभी फरार वारंटी अपराधी क्षेत्र में शराब तस्कर के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाएं साथ ही थाने के सभी लंबित केसों को यथाशीघ्र निष्पादन करें। अनुसंधान की गुणवक्ता बढ़ाने हेतु सभी अनुसंधानकर्ता को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, अपर थाना अध्यक्ष शमशेर आलम, एएस-।आई चंद्रदेव महतो,एसआई रूपेश कुमार,स्मिता उपाध्याय,रिंकू कुमारी के अलावे कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# बढ़ती ठंड में युवा समाजसेवी ने गरिबों को कंबल वितरण किया



गया ।गया में बिहार में बढ़ती ठंड बढते हुए लोगों को ठिठुरण नही देख पाए युवा समाज सेवी अनंत धीश अमन ने। इसपर गया प्रसिद्ध समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया ने भी अनंतधिश अमन के साथ गया स्टेशन, विभिन्न चौक चौराहों पर घूमकर गरिबों को कंबल वितरण किया गया है।

# देवेन्द्र पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर शोकाकुल हुआ साहित्यिक जगत

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन,समकालीन जवाबदेही परिवार,बतकही परिवार के सक्रिय सदस्य शिक्षक देवेंद्र पाण्डेय के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में उपस्थित सदस्यों ने उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा एवं मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।कहा कि इस संकट की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को संबल प्रदान करें। मौके पर समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,सम्मेलन के महामंत्री धनंजय जयपुरी, डॉ रामाधार सिंह, डॉ शिवपूजन सिंह,बतकही के संयोजक शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक,चंदन कुमार,उज्ज्वल रंजन,विनय मामूली बुद्धि,मुरलीधर पांडेय,सिंहेश सिंह,अर्जुन सिंह,नागेंद्र केसरी,अनुज बेचैन,जनार्दन मिश्र जलज, सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देवेंद्र पाण्डेय एक कर्मठी, समाजसेवी,शिक्षासेवी थे ।उनके आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय छति हुई है।

# सरबहदा बाजार में लोजपा रामविलास की बैठक राष्ट्रीय सचिव ने किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) अतरी विधानसभा के खिजरसराय प्रखंड के सरबहदा बाजार के दुर्गा मंडप में एक संगठानात्मक बैठक पूर्व प्रत्याशी सह राष्ट्रीय सचिव एवं चुनाव कार्यव्यन के मगध प्रमंडल के प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के द्वारा प्रखंड कमिटी,पंचायत कमिटी, बूथ अध्यक्ष की समीक्षा किया गया और सभी प्रखंड,पंचायत प्रभारी को जिम्मेदारी दिया गया बिहार विधानसभा 2025 को देखते हुए प्रत्येक बूथ पर 10 बूथ का फामूर्ला दिया गया है। और प्रभारी को निर्देश दिया गया प्रखंड प्रभारी पंचायत में पंचायत प्रभारी बूथ साथियों के साथ जाकर पार्टी एवं अपने नेता एणडीए के सिद्धांतो को आम जन तक पहुँचाने का काम करें एवं जनता कि समस्या भी सुने और कार्यकर्त्ता को घर पर जाकर प्रवास करें संभावित संकल्प महरैली 2 मार्च /2025 पटना गाँधी मैदान में होने के भी तैयारी कि चर्चा हुई जिसमें पंचायत एवं गांव के लोग पटना कैसे जाएंगे गाड़ी एवं ट्रैन कि लिस्ट भी तैयार करना है और नव वर्ष के शुभ अवसर पर अतरी विधानसभा के प्रेस के सभी साथियों को डायरी एवं अंग वस्त्र देकर शुभकामना दिया गया है ।सरबहदा क्षेत्र के सम्मानित जनता के कुछ समस्याएं हैं जैसे रेलवे लाइन मानपुर से इस्लामपुर का सर्वे एवं कार्य शुरू करवाना काफी समय से प्रखंड कि मांग चल रही है बिहार राज्य परिवहन का बस बोधगया से सरबहदा होते हुए राजगीर के लिए शुरू हो और एक बहुत पुरानी 1951 के स्थापित लाइब्रेरी है जिसको सरकार से अनुदान मिले एवं जिनोउद्धधार हो सभी समस्याओं को सुनकर राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि सरबहदा बाजार एवं इस क्षेत्र के विकास के लिए सात धरोहर थे जो कई जाती कई पार्टी से ताल्लुकात रखते थे लेकिन इने सातों का एक हीं सोच रहता था कि सरबहदा का विकास हो जिसमें कई काम हुआ एवं कई काम बाकि है मैं निश्चित रूप से बाकि कामों का पूरा करने का शत प्रतिशत करूँगा, सात धरोहर में कई लोग हमारे बिच नहीं रहें हैं ।स्वर्गीय गिरजानन्दन सिंह,स्वर्गीय चन्द्रिका सिंह पूर्व मुखिया , स्वर्गीय बालमुकुंद प्रसाद पूर्व मुखिया , स्वर्गीय शिवचरण महतो पूर्व पैक्स अध्यक्ष और अभी जो मौजूद हैं स्थानीय समाजसेवी विमल पांडे,संजय सिंह, सच्चीदानंद सिंह, अनिल सिंह, पिंटू गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि, गुंजन शर्मा केवडी अधूरा काम को पूरा करना का कोशिश करूँगा ।इस कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग भाग लिए सुरेन्दर यादव, ठाकुर सुमन सिंह,कमलेश सिंह,मीणा देवी, राजीव सिंह,निर्भय कुमार, शैलेश चौधरी,जमशेद आलम,मुंन्द्रिका पासवान,सुबोध सिंह,अजय कुमार,राजू सिंह, रणजीत कुमार राकेश रंजन, राजेश यादव, बैजनाथ चौधरी,राजू पासवान,योगी पासवान,आदि।

# साप्ताहिक यज्ञ एवं बाल संस्कार प्रशिक्षण का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के वैश्य रत्न ललन बाबू के हाता में श्रीराम प्रज्ञा मंडल के तत्वावधान में साप्ताहिक यज्ञ के निमित सामूहिक यज्ञ,हवन एवं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम पंचोपचार विधि से माता गायत्री,पूज्य गुरुदेव एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की गई ।दो पाली में हवन कराया गया ।साथ ही साथ बच्चों के संस्कार को उत्कृष्ट कराने वास्ते उन्हें विशेष संस्कार की शिक्षा दी गई ।इस क्रम में उन्हें कर्मकांड एवं वैदिक ज्ञान की विशेष शिक्षा दी गई ।इसके तहत उन्हें बताया गया कि हमारी सनातनी परंपरा के मानक कितने विशिष्ट हैं। प्रथम पाठशाला घर में ही है और माता-पिता हमारे प्रथम गुरु हैं। जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के ट्रस्टी नवनीत कुमार ने बताया कि ये सारे कार्यक्रम निरंतर चलते रहेंगे। ग्रामीणों में इस कार्यक्रम पर हर्ष देखा गया ।जब सुबह सवेरे लोगों की नींद खुलती है तो उन्हें गायत्री मंत्र की ध्वनि सुनाई पड़ती है ।ऐसा होने से पूरा वातावरण भक्तिमय चेतना से ओत प्रोत हो जाता है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में दिलेश कुमार, संतोष कुमार, सृष्टि कुमारी सुरभि कुमारी, नीतीश कुमार, शुभम कुमार ,गोलू कुमार, विशाल कुमार, सावन विद्यार्थी,सौरभ आदि थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

# पटना की मेधा को मिसेज इंडिया अर्थ का खिताब

प्रातः किरण संवाददाता




पटना । बहरीन में रह चुकी पटना निवासी टीवी चैनल की एंकर और बिहार सरकार की कंफेड की पूर्व मॉडल मेधा अवनीश को वर्ष 2024/25 का आई ग्लैम मिसेज इंडिया अर्थ का खिताब कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में दिया गया।यह खिताब कई राज्यों के प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्धा के बाद दी गई ।खिताब जीतने पर मेधा ने कहा कि यह सम्मान मेरी बिहार को समर्पित है । राज्य के बाहर बिहार की प्रतिभागियों को सौंदर्य के क्षेत्र में अच्छी पहचान मिल रही है। मेधा अवनीश ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं को नहीं बांधा जा सकता उनकी उड़ान हर क्षेत्र में हो गई है। इससे पहले मेधा बिहार में कई टॉप मॉडल का खिताब जीत चुकी है ।

# गड़हनी पुलिस ने डीजे संचालक के हत्या मामले में फरार तीन आरोपियों के घर चस्पाया इश्तेहार

## घटना 5 नवम्बर 2022 की शाम की है जब हथियारबंद अपराधी डीजे संचालक को गोली मारकर फरार हो गये

प्रातः किरण संवाददाता





गड़हनी(भोजपुर)। गड़हनी थाना क्षेत्र के कुरकुरी गाँव में वर्ष 2022 के अंतिम समय में डीजे संचालक को गोली मारकर हत्या करने के आरोप में फरार चल रहे तीन अभियुक्त के घर रविवार को इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने टीम गठित कर पु0अ0नि0 अंशुमाला के नेतृत्व में न्यायालय से निर्गत इश्तेहार आरोपियों घर पर चस्पाया हैं ।बतादें की घटना 5 नवम्बर 2022 शनिवार को शाम करीब 5 बजे के आसपास अचानक गोलियाँ की तड़तड़ाहट की आवाज आने लगी थी ।आस पास के लोगो ने चश्मदीद गवाह बनते हुए देखा था कि चार पांच की संख्या में हथियारबंद अपराधी एक युवक को गोली मारकर भाग रहे हैं,तब उपस्थित कुछ लोगो ने दौड़ लगाकर अपराधियों का पीछा किया था ।डीजे संचालक गांव के ही सरकारी स्कूल के समीप आहर के पास सड़क किनारे गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ बैठा था। तभी दो मोटरसाइकिल एवं एक स्कॉर्पियो से कुछ लड़के आये और डीजे संचालक से बात करने लगें। बात करते करते इतनी बढ़ गई कि कुछ ही देर में डीजे संचालक को हथियार बंद लोगो ने गोली मारकर फरार हो गए थे ।तब मृतक कुरकुरी गांव निवासी रविन्द्र सिंह का पुत्र छोटू कुमार के रूप में पहचान किया गया था ।परिजनों द्वारा घटना के बाद गड़हनी थाना में नामजद केस दर्ज कराया गया था ।गड़हनी पुलिस ने घटना के कुछ ही दिनों बाद उदवंतनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर निवासी गजेन्द्र सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार उर्फ प्रिंस एवं गड़हनी थाना क्षेत्र के बिसम्भरा गांव निवासी हाकिम यादव के पुत्र मुलायम यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था ।बाकी बचे तीन नामजद अभियुक्तों में उदवंतनगर थाना के डेम्हा गांव निवासी धर्मेन्द्र सिंह के पुत्र सोनू कुमार,गड़हनी थाना के दुलारपुर निवासी उमेश सिंह के पुत्र विशाल कुमार, एवं बिसम्भरा गांव निवासी नीलम सिंह के पुत्र नीतीश कुमार घटना के बाद से फरार चल रहे हैं, केस होने के बाद से हाजिर नही हुए हैं ।थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि फरार अभियुक्तों के घर इश्तेहार चस्पा दिया गया हैं इसके बावजूद भी यदि उपरोक्त अभियुक्त आत्म समर्पण नहीं करते हैं तब इन सभी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर कुर्की जप्ती की करवाई की जाएगी।

# ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा दर्जनों जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण

## फाउंडेशन हमेशा ही जनहित और समाज हित में कार्य करते हैं : डॉ. पी आलम

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मंजौरा पंचायत के कुमारपुर गांव में दौरान दर्जनों जरूरत गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. पी आलम ने कहा कि उनके ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से हमेशा ही जनहित और समाज हित में कार्य करते हैं और आगे भी लोगों के लिए सेवा करते रहेंगे। ज्ञात हो कि डॉ. पी आलम नें ठंड को देखते हुए गरीब और असहाय जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की मदद करने के लिए केवल धन की जरूरत नहीं होती है, बल्कि उसके लिए अच्छे मन की जरूरत होती हैं। वही सचिव प्रिंस कुमार मिठू ने कहा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करवाकर जो खुशी मिलती है वो किसी कार्य से नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारे संस्था के मुख्य उद्देश्य है कि अगर असहाय लोगों की बेटी की शादी होती है तो उसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना और उसका मदद करना हमारा पहला करतब होगा। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अगर किसी करनवास किसी मृत्यु हो जाती है तो उनको देखने वाला कोई नहीं होगा तो हमारी टीम उसे शव को लेकर विधि विधान एवं अंतिम संस्कार भी करवाया जाएगा। संस्था की तरफ से निशुल्क सेवा के तहत लगभग 80 लोगों के बीच कंबल, चुरा, शक्कर बांटा गया। वहीं मौके पर डॉ. पी आलम, प्रिंस कुमार मिट्ठू, जितेंद्र कुमार, राहुल कुमार, प्रेम कुमार, बिट्टू कुमार, ओम प्रकाश कुमार, अजमेरी खातून सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एचएस कॉलेज का होगा कायाकल्प, पांच करोड़ की लागत से बनेगा नया भवन

प्रातः किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल मुख्यालय के एक मात्र सरकारी हरिहर साहा महाविद्यालय की अब सूरत बदलने वाली है। कॉलेज की जर्जर भवन से लेकर आधारभूत संरचना का विकास होगा। पांच करोड़ की राशि से कॉलेज परिसर में नया भवन का निर्माण होगा। जिसमें सेमिनार हॉल, परीक्षा हॉल का भी निर्माण होगा। इस भवन में शिक्षक व कर्मचारियों के लिए भी सुविधा उपलब्ध होगी। कॉलेज के आधारभूत संरचना के विकास के लिए पांच करोड़ की राशि की मंजूरी दी गई है। पीएम उषा योजना के अंतर्गत हरिहर साहा महाविद्यालय का चयन किया गया है। योजना के तहत कॉलेज के चयन होने से जहां कॉलेज की सूरत बदलेगी। वहीं कॉलेज के शिक्षक व कर्मियों में हर्ष देखी जा रही है। इधर कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि पीएम उषा योजना से कॉलेज को पांच करोड़ की राशि आधारभूत संरचना के विकास के लिए मंजूरी मिली है। जिससे अब कॉलेज का विकास होगा। कॉलेज फिर से भव्य रूप में तैयार होगा।

### 68 साल पुराना है अनुमंडल क्षेत्र का एक मात्र सरकारी कॉलेज

अनुमंडल मुख्यालय स्थित हरिहर साहा महाविद्यालय 68 साल पुराना है। बताया जाता है कि कॉलेज की स्थापना वर्ष 1956 में हुई। तब से कॉलेज उपेक्षा का दंश झेल रहा है। यहाँ के लोगों के लिए दुर्भाग्य है कि इस कॉलेज पर किसी भी सरकार की नजर नहीं पड़ रही थी। जो इसका कायापलट कर सके। वहीं शिक्षा से जुड़े लोग बताते है कि 1956 ई. से लेकर 1980-85 ई. तक कॉलेज अनुमंडल वासियों के लिए शान हुआ करता था। लेकिन उसके बाद कॉलेज मानो जैसे गर्क में ही चलता चला गया। जहां कॉलेज की जमीन है वहां कॉलेज प्रशासन के वजह से कई लोग कब्जा जमा के बैठे हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया की पहले कॉलेज में छात्रों के बैठने लिए अच्छी व्यवस्था थी। लेकिन हरिहर साहा महाविद्यालय में वर्ग संचालन के लिए उपयुक्त रूप से कमरे के साथ साथ विषय के अनुसार शिक्षक भी उपलब्ध नहीं है। जबकि महाविद्यालय में लगभग तीन हजार छात्र- छात्राएं नामांकित है। जो कॉलेज में फॉर्म भरते वक्त ही नजर आते हैं। कॉलेज के सभी कमरा पूर्णतः जर्जर हो चुका है। लेकिन अब नए भवन बनाए जाने के बाद फिर से महाविद्यालय में रौनक लौटेगी।

विगत वर्ष पूर्व भी हरिहर साहा महाविद्यालय के जर्जर भवन का निर्माण कार्य शुरू होने पर छात्र-छात्राओं समेत शिक्षक-कर्मियों में कॉलेज के नए भवन बनने की उम्मीद के साथ खुशी जगी थी। निर्धारित निर्माण कार्य फंड के इंतजार में शुरू नहीं हो सका। अब पीएम उषा योजना से राशि स्वीकृत होने पर एक बार फिर निर्माण कार्य की उम्मीद जगी है। वर्षों से इस कॉलेज के विकास के लिए लोग उम्मीद जगाए हुए थे। अब इसके स्वीकृति से लोगों में नई उम्मीद जगी है। इस कॉलेज का भवन बन जाने के बाद काफी सुविधा होगी। वही पुराने और जर्जर भवन से भी निजात मिल जाएगा।

# नगर परिषद के विकास को लेकर गोल बंद हुए वॉर्ड पार्षद एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। उदाकिशुनगंज नगर परिषद वार्ड 11 स्थित वार्ड पार्षद मो फारुख के निज आवास पर रविवार को नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों के वार्ड पार्षदों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि बैठक में 2 वार्ड पार्षद छोर सभी 26 वार्ड में से 24 वार्डों के वार्ड पार्षद एवं कुछ वार्ड पार्षद के बदले पार्षद प्रतिनिधि ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक में उपस्थित सभी ने एक स्वर में कहा कि जनहित में हम लोग आपस के खींचतान को खत्म कर एकजुट होकर नगर के विकास को प्रतिबद्ध होंगे। नगर के चौमुखी विकास में जो भी जनप्रतिनिधि या बिचोलिया बाधक बनेंगे हम सब एकजुट होकर ऐसे लोगों के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद करेंगे। बैठक में उपस्थित वार्ड पार्षदों ने कहा कि नगर परिषद के सामान्य बोर्ड के बैठक में पारित किया गया था कि वार्ड पार्षदों के अनुशंसा पर ही आवास योजना का लाभ लाभुकों को दी जाएगी। बावजूद कुछ जनप्रतिनिधि के आवास योजना को लेकर मनमानी किया जा रहा है जबकि सामान्य बोर्ड के बैठक में यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया है कि बिना वार्ड पार्षद के अनुशंसा के आवास योजना का लाभ लाभार्थियों को नहीं दिया जाएगा अगर इसमें किसी के द्वारा मनमानी की जाएगी तो हम लोग कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक के माध्यम से वार्ड पार्षदों ने सफाई कर्मी एजेंसी का अभिलंब टेंडर करने का मांग उठाया। वार्ड पार्षद ने बताया कि करीब 10 माह पहले ही सफाई कर्मी एजेंसी का टेंडर का समय समाप्त हो चुका है जिसके बाद विभागीय तौर पर साफ सफाई कर्मियों से कार्य कराया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता व्याप्त है। इसलिए अभिलंब सामान्य बोर्ड की बैठक या सशक्त स्थाई समिति के बैठक माध्यम से सफाई कर्मी एजेंसी का टेंडर निकाला जाय। जिससे कि हमारा नगर परिषद स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे।

# घर में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक



पुरैनी (मधेपुरा) । पुरैनी मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी के अंबेडकर चौक के वार्ड संख्य आठ स्थित पेट्रोल पंप समीप संध्या के समय आग लगने से लाखों की संपत्ति जल कर खाक हो गई। बता दे कि आग लगने से एक ट्रैक्टर, एक कार और अनाज, कपड़े, फर्नीचर, जलावन और महत्वपूर्ण कागजात आदि की संपत्ति नष्ट हो गई। वहीं कुछ लोगों की मानें तो पारिवारिक विवाद होने से आग लगी की घटना को अंजाम दिया गया है। उक्त घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और पीड़ित परिवारों में कोहराम मच गया। घर में आग की लपटें देखकर लोगों ने शोर मचाया इससे आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और अग्निशमन दल ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू। वही अंचलाधिकारी हरिनाथ राम ने बताया कि आग लगी की सूचना मिली है जांच के बाद अग्निपीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

# छटेगा अंधकार, छाएगा उजाला जब आएगा बिहार में तेजस्वी राज : कुमारी विनीता भारती

प्रातः किरण संवाददाता



मधेपुरा। राष्ट्रीय जनता की प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुमारी विनीता भारती ने मधेपुरा नगर परिषद् के वार्ड 2 मल्लिक बस्ती में सदस्यता अभियान सह माय बहन मान योजना की जानकारी साझा की। कुमारी विनीता भारती ने कही कि माई बहिन मान योजना के तहत माताओं-बहनों को प्रति माह 2500/- रुपये - वृद्धा/वृद्धजन/विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी- गैस सिलेंडर के दाम कम- स्मार्ट मीटर बंद- 200 यूनिट बिजली प्रति माह निःशुल्क तेजस्वी यादव की सरकार बनने पर बिहार के गरीबों आम आवाम को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार का कल उज्जवल होगा, वो कमजोरों का बल होगा। तेजस्वी है तो ताकत है, तेजस्वी है तो हिम्मत है। नारा के साथ हमलोग आगे बढ़ रहे हैं और बिहार के माँ - बहन का काफी प्यार - स्नेह - आशीर्वाद भी हमलोगों को काफी मिल रहा है और बिहार के जन - जन के नेता गरीबों के मसीहा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के विचारों से प्रभावित होकर लागातार हर वर्ग के लोग सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं और सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा खाश कर के माँ - बहन योजना से माँ -बहन काफी प्रभावित हो रही है और इसे काफी लाभकारी कारी योजना बता रही है। सदस्यता ग्रहण करने वाली में गुड़िया देवी, पिंकी देवी, तुलसी देवी, भारती देवी, रानी देवी, नीलम देवी, नीतीश कुमार, काजल कुमारी, रीना देवी, अशोक मल्लिक, विंदिया देवी, ममता देवी, सोनी देवी, रूबी देवी, क्रांति कुमार, मनीष कुमार, पंकज मल्लिक, रूबी कुमारी, अरबिंद कुमार मल्लिक, राहुल कुमार, अर्जुन कुमार मल्लिक, मोती मल्लिक आदि थे।

# बड़हरा ईलाज के दौरान महिला की हुई मौत

## भोजन बनाने में जली थी मृतक महिला

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपूर। बड़हरा प्रखंड अंतर्गत फरना गांव मे महिला की जलने से हुई मौत दाह संस्कार करने ले जा रहे महिला के शव को बड़हरा पुलिस ने सुचना के द्वारा अपने कब्जे में लिया बताया जाता है कि मृत महिला निभा देवी 26(वर्ष) की थी मृत महिला की शादी फरना गांव निवासी अमरजीत राम पिता रमेश राम के यहा 2019 में हुई थी। परिजनों ने बताया कि घर में भोजन बनाने के दौरान आग लगने से निभा देवी बुरी तरह झुलस गई ।जिसका इलाज ससुराल वालों के द्वारा सदर अस्पताल में कराया गया । आग से झुलसी निभा देवी ने सदर अस्पताल में फर्द बयान दिया कि घर में आग लगने के क्रम में आग पकड़ लिया जिससे मैं बुरी तरह झुलस गई। मायके एवं ससुराल दोनों पक्षों के द्वारा मेरा इलाज कराया जा रहा है ।वही इलाज के 5 दिनों के बाद निभा देवी की मृत्यु हो गई जिसको लेकर उनके मायके वालों ने बड़हरा थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराया। मृतका निभा देवी एवं कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर ग्राम निवासी स्वर्गीय राम जी राम की पुत्री है। मृतिका के मां बेदामो देवी ने आवेदन देकर अपनी मृत पुत्री के ससुराल वालों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया है कि मेरी बेटी निभा देवी को उनके ससुराल वालों ने आग लगाकर जान से मार दिया है। मेरी बेटी की शादी आज से 5 बर्ष पहले फरना गांव में हुई थी। आवेदन के आलोक में बड़हरा थाना प्रभारी शैलेश्वर प्रसाद ने कार्रवाई करते हुए दाह संस्कार करने हेतु ले जा रहे शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हेतु सदर अस्पताल आरा भेजा।

उन्होंने यह भी बताया कि मृतका के द्वारा पूर्व में ही फर्द बयान दिया गया था जिसको लेकर सनहा दर्ज हुआ था। मृतका के मायके वालों के द्वारा प्राप्त आलोक में घटना की सत्यता की जांच की जा रही है ।जांचोपरांत अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। मृतिका निभा देवी का पति चापाकल मिस्त्री का काम करता है वहीं मृतका को एक साढ़े तीन वर्षीय पुत्र चंदा सागर है

# खाड़ा में 5 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काट किया गया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

नयानगर, उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। प्रखंड क्षेत्र के बुधामा ओपी अंतर्गत खाड़ा शास्त्री स्मारक उच्च विद्यालय के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एमबीसीसी क्रिकेट क्लब खाड़ा के बैनर तले पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस आयोजन का शुभारंभ खाड़ा पंचायत के वर्तमान मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर, बुधामा कैंप प्रभारी जीउत राम, सरपंच प्रतिनिधि मंजय प्रसाद सिंह, नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन बिहार के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष सीके झा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शुभारंभ के दौरान भव्य पीच पर बल्ला और बॉल के साथ जहां पंचायत के मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर एवं सरपंच प्रतिनिधि मंजय प्रसाद सिंह के द्वारा फर्स्ट शॉट के साथ खिलाड़ियों के जोश को बढ़ाया। क्रिकेट के पहला दिन क्रिकेट टूर्नामेंट चोढ़ली (खगड़िया) वर्सेस करौति (मधेपुरा) के बीच खेला गया। जिसमें चोढ़ली टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेकर पीच पर मुस्तैद दिखे।

एमबीसीसी क्रिकेट क्लब खाड़ा के सदस्य द्वारा टनामेंट का आयोजन 5 जनवरी से 10 जनवरी तक बताया गया। मुखिया ध्रुव कुमार ठाकुर ने कहा कि खेल से बच्चों और छात्रों का शारिरिक एवं मानसिक विकास होता है। खेल भाईचारा के साथ खेला जाना चाहिए।

# झपटमारी में गिरफ्तार, राजा घाट से बिजली पैनल की चोरी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी। महिला से पर्स झपटने के मामले में अगमकुआं थाना की पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मीठापुर की रहने वाली अंकिता श्रीवास्तव भूतनाथ रोड के पास खड़ी थी। इसी बीच एक व्यक्ति पर्स झपट कर भाग निकला। महिला द्वारा शोर मचाए जाने पर लोगों के सहयोग से भाग रहा युवक को पकड़ लिया गया।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार भूतनाथ रोड निवासी संजय कुमार की हुई है। आरोपी के पास से पुलिस ने पर्स बरामद कर लिया है। इधर आलमगंज थाना क्षेत्र के राजा घाट से चोरों ने बिजली पैनल को गायब कर दिया है। पैनल से ही स्ट्रीट लाइट एवं हाई मास्ट लाइट को जलाया जाता था। पैनल को क्षतिग्रस्त भी कर दिया गया है। आलमगंज थाना की पुलिस ने बताया कि इस संबंध में पटना नगर निगम के कनीय अभियंता सौरभ कुमार ने मामला दर्ज कराया है।

चोरी गए सामान में कॉपर वायर, जेनरेटर वायर, पैनल गेट सहित अन्य सामान है। इधर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के लॉ कॉलेज परिसर स्थित जेनरेटर का कीमती बैटरी चोरी चली गयी है। इसके अलावा प्राचार्य आवास से सामान एवं पुस्तक भी गायब हुआ है। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने बताया कि प्रो वाणी भूषण की ओर से इस संबंध में मामला दर्ज कराया गया है।

# युवक की गोली मारकर हत्या, पुलिस कर रही जांच

■ जमीन विवाद की बात आयी सामने, मिला खोखा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के नवाब बहादुर रोड में जग्गी की चौराहा मोड़ पर गुरुवार अपराह्न बेखौफ अपराधियों ने युवक को गोली मार दी। जमीन के कारोबार से जुड़ा करीब 50 साल का मो औरंगजेब उर्फ मुनमुन को गोली मारी गई है। वह जग्गी का चौराहा का मोगलपुरा मुहल्ला का रहने वाला है।

बताया जाता है कि वह अपराह्न के समय मोड़ पर खड़ा था। इसी दौरान तीन -चार की संख्या में आए अपराधियों ने उसे घेर लिया और सिर में सटा कर गोली मार दिया। खून से लथपथ होकर वह मो औरंगजेब उर्फ मुनचुन जमीन पर गिर गया। इसी बीच में अपरधी हथियार लहराते वहां से भाग निकले। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन व मुहल्ला के लोगों ने घायल मो औरंगजेब को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए।

यहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। घटना स्थल पर पहुंचे डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आयी है कि मृत युवक का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी में इस घटना घटना हुई प्रतीत हो रहा है। पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल पर खोखा भी बरामद किया गया है।

# नगर निगम सफाई कर्मी कामगार यूनियन बेतिया का सम्मेलन संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता




बेतिया मोहन सिंह। बेतिया ऐक्टू से संबद्ध बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी यूनियन का शाखा बेतिया नगर निगम सफाई कर्मचारी कामगार युनियन बेतिया का नगर सम्मेलन नगर निगम के सम्राट अशोक भवन में राज्य महासचिव कॉमरेड चंद्रशेखर सिंह के देख रेख में संपन्न हुई । बेतिया नगर निगम कर्मचारियों के पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष हरेन्द्र पटेल,सम्मानित अध्यक्ष गणपत राउत, उपाध्यक्ष शिबू राउत, सचिव असर्फी राउत,उप सचिव शिवजी कुमार,कोषाध्यक्ष अभय चंन्द्र कुमार,प्रवक्ता अनील कुमार एवं प्रवक्ता जयनारायण राउत,संगठन मंत्री प्रमोद राउत समेत 21 सदस्यों का कमिटी बनाई गई। दिवंगतोंझ शहीदों को श्रद्धांजलि देने से शुरू हुई सम्मेलन की अध्यक्षता गणपत राउत ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव ने कहा कर्मचारियों के हीत के लिए कर्मचारी महासंघ बचनबद्ध है। कर्मचारियों के साथ किसी भी तरह का अन्याय कामगार युनियन बर्दाश्त नहीं करेगा। कर्मचारियों की नौ सूत्री मांगों नगर निगम में कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण, ठेका, मानदेय समाप्त करने, वेतन वृद्धि करने समेत सप्तम वेतनमान को लागू करने के संघर्ष को आगे बढ़ाने आह्वान किया। उन्होंने कहा एक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए सम्बद्ध यूनियनों की प्रत्येक 1000 (एक हजार) सदस्य संख्या पर 1 (एक) प्रतिनिधि चुने जाएंगे।

तथा सभी राज्यस्तरीय यूनियनें 31 जनवरी 2025 तक, प्रत्येक एक हजार सदस्य के लिए एक प्रतिनिधि का चयन कर, चयनित प्रतिनिधियों के नाम, पता व मोबाइल नम्बर से ऐक्टू राज्य कार्यालय को अवगत कराने को कहा।

बैठक को भाकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की नियमितीकरण और बेतिया नगर निगम से संबंधित समस्याओं को लेकर भाकपा माले हर संघर्ष में खड़ा रहेगी। एक्टू के जिला सचिव जवाहर प्रसाद ने कहा कि एक्टू ने हमेशा कर्मचारियों के संघर्ष को आगे बढ़ाने में सहयोग किया है। मोदी सरकार ने युनियनों को समाप्त करने का हर कोशिश किया है लेकिन अब हम इसे सड़कों की लडाइयों में बदल कर मजदूरों के जीत की गारंटी करेगें।

# बिहार के पुनर्निर्माण के नायक थे श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी : अर्जुन गुप्ता

प्रातः किरण संवाददाता




पटना । शनिवार की शाम अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के बैनर तले पटना एमएलसी फ्लैट संख्या 23 जहाँ श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी जी कार्यकताओ से मिलते थे वही उनके 73 वी जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी याद मे 73 दीप जला तथा उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक राष्ट्रीय सचिव सिमा झा के साथ श्रद्धेय सुशील मोदी जी के निजी सचिव शैलेन्द्र ओझा एवं सुमन झा मुख्य रूप से उजस्थित रहे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा की श्रद्धेय सुशील कुमार मोदी जी न केवल बिहार भाजपा के स्तम्भ बल्कि बिहार के पुनर्निर्माण के नायक थे उन्होंने अपने पराक्रम आदम साहस से बिहार को जंगलराज से निकालने के काम किया वह एक ऐसे नेता थे जिन्हे लोकतंत्र के चारो सदन मे जाने का मौका मिला उनका सामाजिक कार्यो मे अभिरूचि के साथ कार्यक्रताओ के साथ जुड़ाव आज भी हम युवाओं के लिये प्रेरणापूंज्य है ।इस अवसर पर भाजपा कटिहार जिला अध्यक्ष मनोज राय जी एवं कदवा विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी भाई चंद्रभूषण ठाकुर मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद पाल उर्फ गणेश जी अजय कुमार उर्फ स्वामी जी पटना महानगर अध्यक्ष मुकेश चंद्रवंशी विकास नंद सतीश युदुवंशी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे

# ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर किया कब्जा, शानदार 3-1 से जीत



सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की रोमांचक सीरीज 3-1 से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड को यादगार बना दिया, जहां आखिरी टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि ऑस्ट्रेलिया जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब की रक्षा करेगा।

**रोमांचक सीरीज में हर पल था दिलचस्प** –इस सीरीज का हर दिन क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक नई कहानी लेकर आया। हर सत्र में मुकाबला पल-पल बदलता रहा। जब भारत के तेज गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को परेशान किया, तो ऑस्ट्रेलिया ने अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी की रणनीतियों से जवाब दिया। इस मैच में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड गुलाबी रंग में रंगा हुआ था, क्योंकि यह ग्लेन मैकग्राथ की कैंसर चैरिटी का हिस्सा था।

**बुमराह की कमी और हेड-वेबस्टर की जोड़ी** – भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण सीरीज के अंत में मैदान पर नहीं उतर सके। उनका स्थान भरना मुश्किल था, लेकिन ट्रैविस हेड और डेब्यू करने वाले ब्यू वेबस्टर ने 58 रनों की नाबाद साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 162 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद की। वेबस्टर ने अपने डेब्यू मैच में विजयी चौका जड़कर शानदार शुरुआत की। हेड ने नाबाद 34 रन बनाए, जबकि वेबस्टर ने नाबाद 39 रन बनाए।

**भारत के संघर्षपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद** – भारत ने इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ चोटों और खराब फॉर्म के कारण अंत में सीरीज अपने नाम नहीं कर सका। कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट से बाहर हुए और टीम की तरफ से रविचंद्रन अश्विन ने बीच सीरीज में संन्यास ले लिया। विराट कोहली भी इस सीरीज में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे।

### स्कॉट बोलैंड ने दिलाई यादगार जीत

ऑस्ट्रेलिया के 19 वर्षीय तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को सिडनी टेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने मैच में 45 रन देकर 6 विकेट चटकाए, जिसमें भारत के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट करना शामिल था। उनका यह प्रदर्शन टीम के लिए निर्णायक साबित हुआ और ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### सैम कोंस्टास और स्मिथ की शानदार बल्लेबाजी

सिडनी में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास ने शानदार शॉट्स और बोल्ड बल्लेबाजी से अगले साल की एशेज सीरीज के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरी ओर, स्टीव स्मिथ ने मेलबर्न में 140 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया की 184 रन की जीत सुनिश्चित हुई।

### एक ऐतिहासिक सीरीज

यह सीरीज भारत के लिए एक युग के अंत जैसी रही। हालांकि, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार उन्होंने 2018-19 के बाद ऑस्ट्रेलिया में जीत की राह नहीं पकड़ी। इस सीरीज में खिलाड़ियों की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों का ही उत्कृष्ट प्रदर्शन देखा गया।

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारते ही, भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर



सिडनी (एजेंसी)। शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 3–1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा। वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें जहां अब लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी मेस (गदा) जीते पर टिकी होंगी तो वहीं इस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से यह पहला मौका होगा जब भारत फाइनल नहीं खेलेगा। भारतीय टीम पिछली दो बार की उप विजेता है। कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी।

## सीनियर खिलाड़ियों से बोले गावस्कर

# रणजी ट्रॉफी ना खेलने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए

सिडनी (एजेंसी)। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रविवार को भारतीय बल्लेबाजों से बिना किसी बहाने के रणजी ट्रॉफी में खेलने का आग्रह किया जिससे कि तकनीकी कमियों को दूर किया जा सके जिसके कारण न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम को लगातार दो श्रृंखला में हार झेलनी पड़ी।

गावस्कर ने कहा कि न्यूजीलैंड के



खिलाफ घरेलू मैदान पर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला में भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन चिंताजनक है। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ स्वदेश में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा था जबकि ऑस्ट्रेलिया में टीम को 1-3 से हार झेलनी पड़ी। गावस्कर ने कहा, '23 जनवरी को रणजी ट्रॉफी का अगला दौर है। देखते हैं कि इस टीम के कितने खिलाड़ी खेलते हैं। नहीं खेल पाने का कोई बहाना नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'अगर आप उन मुकाबलों में नहीं खेलते हैं तो गौतम गंभीर को उन खिलाड़ियों के खिलाफ कुछ कड़े फैसले लेने होंगे जो रणजी ट्रॉफी के लिए उपलब्ध नहीं हैं। गावस्कर ने कहा, 'गंभीर को कहना चाहिए कि तुम्हारे पास वह प्रतिबद्धता नहीं है। हमें प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। तुम खेल नहीं रहे हो। तुम जो करना चाहते हो, करो। लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए तुम टेस्ट टीम में वापस नहीं आ सकते।

गावस्कर ने कहा कि उपलब्ध अवसरों पर घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण भारतीय बल्लेबाजों के रवैये में खामियां आ गई हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने जो देखा वह तकनीकी कमियां थीं। यदि आप समान गलतियां कर रहे हैं और मैं केवल इस श्रृंखला के बारे में बात नहीं कर रहा हूं - मैं न्यूजीलैंड श्रृंखला के बारे में भी बात कर रहा हूं - आपने भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्या किया?

गावस्कर ने कहा कि आगामी 2025-2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र को देखते हुए घरेलू क्रिकेट महत्वपूर्ण हो जाता है और भारत को अब यशस्वी जायसवाल और नितीश कुमार रेड्डी जैसे युवा क्रिकेटरों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'वे भारत और खुद के लिए नाम कमाने के लिए भूखे हैं। ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है। आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अपने विकेट की रक्षा अपनी जान की तरह करें।

गावस्कर ने कहा, 'इसलिए मुझे दिलचस्पी है कि 23 जनवरी को रणजी ट्रॉफी मैचों में कौन खेलेगा? मैं यह देखना चाहता हूं। क्योंकि उस समय इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच होंगे। लेकिन जो लोग टी20 नहीं खेल रहे हैं वे रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे या नहीं?

# सहवाग के छोटे बेटे ने भी दिखाया दमखम

## पांच मैचों में झटके 24 विकेट, अन्य प्लेयर्स आस-पास भी नहीं

पटना (एजेंसी)। भारत के पूर्व धमाकेदार ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यावीर सहवाग के दिल्ली अंडर-19 टीम के लिए मेघालय के खिलाफ कूच बिहार ट्रॉफी में 297 रन की



विस्फोटक पारी खेलने के बाद सबका ध्यान अपनी खींचा था। अब सहवाग के छोटे बेटे वेदांत सहवाग भी सुर्खियों में हैं जिन्होंने विजय मर्चेंट ट्रॉफी के पांच मैचों में 24 विकेट लेकर अपनी शानदार ऑफ स्पिन का नमूना दिखाया है। सहवाग ने अपनी बेटे वेदांत का हौसला बढ़ाया है और सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए अपने बेटे की गेंदबाजी की तारीफ की। सहवाग ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'वेदांत सहवाग अच्छा खेले, 5 मैच 24 विकेट, बढ़िया काम।' वेदांत सहवाग की ओर से विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2024-25 में कई शानदार स्पेल देखने को मिले और वह टूर्नामेंट में दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

## अगर टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता है तो...

# बीजीटी सीरीज हार के बाद गंभीर का खिलाड़ियों को मैसेज

सिडनी(एजेंसी)। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली में उत्कृष्ट प्रदर्शन की ललक है लेकिन उन्होंने इन दोनों के समेत सभी सीनियर खिलाड़ियों से घरेलू क्रिकेट खेलकर टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित करने का आग्रह किया। दो बार विश्व कप विजेता रह चुके स्पष्टवादी गंभीर ने इसे लेकर भी कोई आश्वासन नहीं दिया कि रोहित या कोहली आगे टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे या नहीं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से मिली हार के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया। गंभीर ने कहा, 'अभी इस पर बात करने का समय नहीं है कि पांच महीने बाद हम कहां होंगे। खेल में बहुत कुछ बदलता है। फॉर्म बदलता है, लोग बदलते हैं, तेवर बदलते हैं, सब कुछ बदल जाता है। हमें पता है कि पांच महीने लंबा समय है।

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला (जुलाई) के समय देखेंगे कि क्या होता है। लेकिन जो भी होगा, वह भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में होगा। रोहित ने खराब फॉर्म के कारण आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखने से पहले पांच पारियों में 31 रन बनाये जबकि कोहली नौ पारियों में 190 रन ही बना सके। कोहली आठ बार स्लिप में कैच देकर आउट हुए।

यह पूछने पर कि क्या वह चाहते हैं कि सीनियर खिलाड़ी 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी में कम से कम एक दौर खेलें, उन्होंने साफ तौर पर कहा, 'मैं हमेशा चाहता हूं कि सभी घरेलू क्रिकेट खेलें। घरेलू क्रिकेट को इतनी तवज्जो मिलनी चाहिए। सिर्फ एक मैच नहीं, अगर वे उपलब्ध हैं और टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं तो हर किसी को घरेलू क्रिकेट खेलनी चाहिए। अगर आप घरेलू क्रिकेट को महत्व नहीं देते तो टेस्ट क्रिकेट के लिये वैसे



खिलाड़ी कभी नहीं निकलेंगे जैसे चाहिए।

कोहली ने आखिरी बार 2012 में और रोहित ने 2015-16 में रणजी ट्रॉफी खेला था। रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलबाजी का हिस्सा बनने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा कि वे दोनों ही तय करेंगे कि भारतीय क्रिकेट के लिये क्या सर्वश्रेष्ठ है। मैं किसी खिलाड़ी के भविष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। यह उन्हें तय करना है लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि उनमें अभी भी भूख है, जुनून है। वे दृढ इंसान हैं और उम्मीद है कि भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाते रहेंगे। वे जो भी तय करेंगे, भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित में तय करेंगे।

उन्होंने कहा, 'हर खिलाड़ी को पता होता है कि उसका खेल और अच्छे प्रदर्शन की भूख कितनी है। यह किसी भी खेल या पेशे में सबसे महत्वपूर्ण है। आप कितना उत्कृष्ट प्रदर्शन करना चाहते हैं या आपके भीतर कितना जुनून है और आपके योगदान से टीम आगे जा रही है या नहीं। गंभीर ने कहा कि यह उनकी जिम्मेदारी है कि खिलाड़ियों के कद और अनुभव के बावजूद सभी के प्रति समान व्यवहार करे। उन्होंने कहा, 'अगर मैं दो या तीन के प्रति सही रहूं और दूसरों के प्रति नहीं तो मैं अपने काम के प्रति ईमानदार नहीं हूं।

उन्होंने कहा, 'तो अगर किसी खिलाड़ी ने पदार्पण नहीं किया है या कोई 100 टेस्ट खेल चुका है, मेरा काम सभी के प्रति समान बर्ताव करना है। अगर आप अपना काम ईमानदारी से कर रहे हैं तो सब ठीक होगा। ड्रेसिंग रूम को प्रसन्न रखने के लिए मुझे ईमानदार और सभी के प्रति निष्पक्ष होना होगा।

भारतीय कप्तान रोहित ने खराब फॉर्म के कारण खुद को पांचवें टेस्ट से बाहर रखा था जिसकी गंभीर ने तारीफ की। उनहोंने कहा, 'अगर कप्तान ने कोई फैसला लिया है तो किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमने जवाबदेही की बात की और इसकी शुरूआत शीर्ष से होती है। रोहित शर्मा ने पिछले मैच में इसकी शुरूआत की। यह पूछने पर कि इस दौरे पर हुई गलतियों को वह स्वीकार करते हैं, गंभीर ने कहा, 'सबसे पहली बात कि यहां बैठा यह व्यक्ति सबसे पहले गलतियों को स्वीकार करेगा। इसलिए इसकी चिंता मत कीजिये कि यहां गलतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# अगर विराट कोहली का ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट था तो यह दुखद :पैट कमिंस

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली को महान प्रतिस्पर्धी बताया जो खेल में नाटकीयता लाकर उसे जीवंत बनाता है और यह भी कहा कि अगर यह आस्ट्रेलिया का उनका आखिरी दौरा था तो उन्हें इसका दुख है। श्रृंखला के पहले मैच में शतक जमाने के बाद कोहली



पांच टेस्ट में आठ बार आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद से छेड़खानी करके स्लिप में कैच देकर आउट हुए हैं। भारतीय टीम का मौजूदा दौरा कोहली का आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा माना जा रहा है। कमिंस ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतने के बाद कहा, 'यह हमेशा शानदार मुकाबला रहता है। उसके रनों के अलावा वह खेल में नाटकीयता लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है। उसके साथ खेलने का मजा आया। वह पिछले एक दशक से स्टार बल्लेबाज रहा है। अगर आप उसका विकेट लेते हैं तो जीतने में काफी मदद मिलती है। अगर यह उसकी आखिरी श्रृंखला है तो यह दुखद है।

कमिंस ने स्वीकार किया कि श्रृंखला के आखिरी दिन जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी से उन्हें फायदा मिला। उन्होंने कहा, 'हर बार जब भी उसने गेंदबाजी की, अपना प्रभाव छोड़कर महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसमें कोई शक नहीं कि उसके नहीं खेलने से हमें फायदा मिला।% उन्होंने इसे भारतीय टीम का आंतरिक मसला बताया लेकिन इस पर हैरानी जताई कि रोहित शर्मा ने खराब फॉर्म के कारण खुद को आखिरी टेस्ट से बाहर रखा। उन्होंने कहा, 'जब कप्तान नहीं खेलता है तो हैरानी होती है। अश्विन के संन्यास के समय भी हमें हैरानी हुई लेकिन हमें उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कमिंस ने कहा, 'आप बस यह देखते हैं कि आपको किस अंतिम एकादश का सामना करना है। उन्होंने भारत के खिलाफ मिली जीत को बहुत बड़ा बताया चूंकि पिछली दो बार वे भारत से घरेलू श्रृंखला हार चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत बड़ी जीत है। ऑस्ट्रेलिया में यह बहुत बड़ी श्रृंखला है।



# पीएम मोदी ने शतरंज खिलाड़ी हम्पी से मुलाकात के बाद उन्हें खेल जगत की महान हस्ती बताया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी से मुलाकात की और उन्हें 'खेल जगत की महान हस्ती' करार दिया जिन्होंने न्यूयॉर्क में फिडे महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप अपने नाम की थी। हम्पी ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इसे जिंदगी में एक बार मिलने वाला सौभाग्य बताया। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद ट्वीट किया, ''कोनेरू हम्पी और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई। वह एक खेल जगत की महान हस्ती हैं और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और अटूट दृढ़ स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने न सिर्फ भारत को गौरवान्वित किया है बल्कि उत्कृष्टता को भी नए सिरे से परिभाषित किया है। हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का समापन किया। हम्पी ने ट्वीट किया, ''अपने परिवार के साथ हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना बेहद सम्मान की बात है और यह जीवन में एक बार मिलने वाला सौभाग्य था।

# बीजीटी ट्रॉफी देने के लिए बॉर्डर के साथ गावस्कर को नहीं बुलाया, दिग्गज क्रिकेटर नाराज

सिडनी(एजेंसी)। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी ऑस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिए बुलाए नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर 10 साल में पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती।

बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा, 'मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है। उन्होंने कहा, 'मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलेन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।



भारत और ऑस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेल रहे हैं। इस बार पांच मैचों की श्रृंखला में पिछले सप्ताह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा है। भारत के लिए यह सीरीज हारने के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना भी खत्म हो गया।

# मैगनस कार्लसन और एला विक्टोरिया मालोन शादी के बंधन में बंधने को तैयार

नॉर्वे (एजेंसी)। शतरंज जगत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है हालांकि यह शतरंज के बोर्ड की खबर नहीं है !दुनिया के महान शतरंज खिलाड़ी , पाँच बार के क्लासिकल विश्व चैम्पियन और हाल ही में ब्लिट्ज शतरंज विश्व चैंपियन बने मैग्नस कार्लसन इस सप्ताहांत एला विक्टोरिया मालोन से शादी करने जा रहे हैं। कार्लसन और मालोन पिछले एक साल में कई टूर्नामेंट्स में साथ नजर आए हैं। पहली बार ये जोड़ी फरवरी में जर्मनी में एक टूर्नामेंट के दौरान सार्वजनिक रूप से साथ दिखी। तब से, मालोन ने कई बार कार्लसन का साथ दिया है। अब, यह जोड़ी अपने रिश्ते को शादी में बदलने जा रही है।

**शादी की गोपनीयता** – यह शादी इस सप्ताहांत में होगी, लेकिन स्थान और समय को गुप्त रखा गया है ताकि वे शांति से अपने इस खास दिन का जश्न मना सकें। शादी की पुष्टि



कार्लसन और मालोन ने अपने दोस्त मैग्नस बारस्टाड के माध्यम से की है। हाल ही में, मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज शतरंज विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता, जिसे उन्होंने रूसी शतरंज खिलाड़ी यान नेपोमनियाची के साथ साझा किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद कार्लसन ने कुल 18 विश्व खिताब अपने नाम कर लिए हैं।

**भविष्य में सिंगापुर या स्पेन में बस सकते है कर्सलन** – कार्लसन ने अक्टूबर में एक इंटरव्यू में कहा था कि वह भविष्य में नॉर्वे में पूर्णकालिक नहीं रहना चाहते। इसके पीछे उन्होंने अपनी और अपने परिवार की स्वतंत्रता को मुख्य कारण बतायाथा और स्पेन को अपनी पसंद की जगह । मालोन, जो सिंगापुर में पली-बढ़ी हैं, ने चेसबेस इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि वह सिंगापुर को अपना घर मानती हैं और कार्लसन को भी वहां बसने के लिए मना रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सिडनी में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर सिडनी के उत्तर में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने शनिवार रात एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे सिडनी से लगभग 400 किमी उत्तर में नंबुका हेड्स शहर के पास समुद्र में एक हल्के विमान दुर्घटना की रिपोर्ट पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया था। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा, विमान के पायलट और यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और अभी तक औपचारिक रूप से उनकी पहचान नहीं की जा सकी है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने बताया कि मलबा तट से लगभग 1.5 किमी दूर पाया गया। जल पुलिस, एम्बुलेंस दल और एक बचाव हेलीकॉप्टर को घटनास्थल पर तैनात किया गया। अग्नि एवं बचाव एनएसडब्ल्यू अधीक्षक ग्रांट राइस ने एबीसी को बताया कि मलबा तटरेखा के किनारे बहकर आ गया है। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा कि उसने ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो (एटीएसबी) की सहायता से घटना के आसपास की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है।

# सूडान : खार्तूम अर्धसैनिक बलों का हमला, 8 की मौत 53 घायल

खार्तूम। सूडान की राजधानी खार्तूम और पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में आठ नागरिक मारे गए और 53 घायल हो गए। खार्तूम राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आरएसएफ मिलिशिया ने शनिवार को खार्तूम के उत्तर में ओमदुरमन शहर के करारी इलाके और खार्तूम के पूर्व में शर्क अलनील (पूर्वी नील) इलाके में नागरिकों के खिलाफ हमले जारी रखी, जिसमें 4 नागरिक मारे गए और 43 अन्य घायल हो गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, घायलों को ओमदुरमन के अल-नो और अबू सईद अस्पताल और शर्क अलनील इलाके के एल बान जदीद अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। शनिवार को ही, सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के 6वें इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार को एल फशर में आवासीय इलाकों पर आरएसएफ की ओर से की गई गोलाबारी में चार नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। आरएसएफ ने अभी तक इन घटनाओं पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने शनिवार को कहा, इससे पहले दिसंबर में सूडान के एल फशर शहर में दो विस्थापन शिविरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमलों में 20 नागरिक मारे



गए थे और 17 अन्य घायल हो गए थे। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक इब्राहिम खातिर ने कहा, पिछली रात (शुक्रवार को), आरएसएफ मिलिशिया ड्रोन ने एल फशर में सैकड़ों विस्थापित लोगों की मेजबानी करने वाले शिविर, क्यूज बेना स्कूल पर चार बम गिराए, जिसमें 19 नागरिक मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए।

उन्होंने कहा, आज सुबह, मिलिशिया ने एल फशर के उत्तर में अबू शौक विस्थापन शिविर पर तोपखाने की गोलाबारी की, जिसमें एक नागरिक की मौत हो गई और एक लड़की घायल हो गई। आरएसएफ ने अबू जेरिगा क्षेत्र पर हुए हमले पर भी कोई बयान नहीं जारी किया है। 4 दिसंबर को, सूडान के दारफुर क्षेत्र के गवर्नर ने घोषणा की कि सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एक क्षेत्र में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के हमले में 20 नागरिक मारे गए हैं। गवर्नर मिन्नी आर्को मिन्नावी ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में कहा था, आरएसएफ ने एल फशर शहर के दक्षिण में अबू जेरिगा क्षेत्र में नरसंहार किया, जिसमें 20 नागरिक मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। 10 मई, 2024 से, एल फशर में एसएएफ और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष जारी है। अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, अप्रैल 2023 के मध्य से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष की चपेट में आने से तकरीबन 29,683 लोगों ने जान गंवाई है और 14 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

## आरएसएफ के हमलों में उत्तरी दारफुर में आठ लोगों की मौत

खार्तूम। सूडान की राजधानी खार्तूम और पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमलों में कम से कम आठ नागरिकों की मौत हो गई और 53 अन्य घायल हो गए है। खार्तूम के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ₹आरएसएफ मिलिशिया ने शनिवार को खार्तूम के उत्तर में ओमदुरमन शहर के करारी इलाके और खार्तूम के पूर्व में शार्क अलनील (ईस्ट नाइल) इलाके में नागरिकों के खिलाफ अपनी गोलाबारी जारी रखी जिसमें चार नागरिकों की मौत हो गई और 43 अन्य घायल हो गए।₹ बयान में कहा गया है कि घायलों को ओमदुरमन में अल-नो और अबू सीद अस्पतालों और शार्क अलनील इलाके में एल बान जदीद अस्पताल में इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) के 6वें इन्फैंट्री डिवीजन ने शनिवार को भी एक बयान में कहा कि शुक्रवार को एल फशर में आवासीय इलाकों पर आरएसएफ द्वारा की गई गोलाबारी में चार नागरिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए।

आरएसएफ ने अभी तक इन घटनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 10 मई 2024 से एल फैशर में एसएएफ और आरएसएफ के बीच भीषण झड़पें हो रही हैं।

## इजरायल ने गाजा पर तेज किए हवाई हमले, तीन दिन में मारे गए 184 लोग

**प्रात : किरण/एजेंसी**

गाजा। गाजा में पिछले तीन दिनों से जारी इजरायल के हवाई हमले में कम से कम 184 लोग मारे गए हैं। हमास के गाजा स्थित मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 72 घंटों में गाजा पट्टी पर 94 हवाई हमले किए, जिसमें 184 लोगों की मौत हुई है। कार्यालय ने शनिवार को अपने बयान में इन हमलों को खतरनाक और क्रूर बताया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के हवाई हमले में कई पीड़ित या तो मारे गए या घायल हो गए हैं। इसके अलावा कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पिछले तीन दिनों में इजरायली हवाई हमले तेज हुए हैं, जो स्थानीय निवासियों के लिए मुश्किल समय है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना इन भयावह अपराधों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है और उन्होंने हथियार और राजनीतिक समर्थन देने के लिए अमेरिकी प्रशासन की भी आलोचना की है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इन जघन्य अपराधों को दर्ज करने के लिए स्वतंत्र जांच टीमों को भेजने का आह्वान किया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने बंधकों की रिहाई को लेकर हमास को कड़ी चेतावनी दी थी।




## गाजा पर इजरायली हमलों में 184 लोगों की मौत-हमास

**प्रात : किरण/एजेंसी**

गाजा। गाजा पट्टी में इजरायली सेना के पिछले 72 घंटों में किए गए 94 हवाई हमलों और गोलीबारी में 184 लोग मारे गए है। हमास द्वारा संचालित गाजा मीडिया कार्यालय ने शनिवार शाम को यह जानकारी दी। कार्यालय ने अपने बयान में निहत्थे नागरिकों और आवासीय क्षेत्रों विशेषकर गाजा शहर को निशाना बनाते हुए वृद्धि को खतरनाक और क्रूर बताया। बयान में कहा गया है कि कई पीड़ित या तो मारे गए या घायल हुए, मलबे में फंसे रहे, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे के कारण उनकी अस्पतालों तक पहुंच में बाधा उत्पन्न हुई। गाजा में फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की कि पिछले तीन दिनों में इजरायली हवाई हमले हिंसक रूप से तेज हो गए हैं जिसे स्थानीय निवासियों ने असाधारण रूप से कठिन अवधि बताया है। बयान में इन भयानक अपराधों के लिए इजरायली सेना को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया गया और इजरायल को हथियार और राजनीतिक समर्थन प्रदान करने के लिए अमेरिकी प्रशासन की भी आलोचना की गई। बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इन जघन्य अपराधों का दस्तावेजीकरण करने और अपराधियों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र जांच टीमों को भेजकर अपने कानूनी और नैतिक दायित्वों को बनाए रखने का आह्वान किया गया। गाजा पर इजरायली हवाई हमले गुरुवार सुबह तब शुरू हुए जब रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर हमास ने बंधकों को रिहा नहीं किया और इजरायल पर रॉकेट दागना बंद नहीं किया तो अभूतपूर्व बल का इस्तेमाल किया जाएगा।






















मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129